ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● पौष शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2079 ● सोमवार, 26 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-29 ● अंक-72 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

मैं अटल हूं : पंकज त्रिपाठी का फर्स्ट लुक रिलीज

पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### हाइवा के धक्के से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेनुडीह निवासी सत्येंद्र सिन्हा उम्र 45 वर्ष की मौत हाइवा की चपेट में आने से हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सत्येंद्र सिन्हा रविवार की शाम 5:00 बजे अपने बाइक पर सवार होकर छतरपुर बाजार गये थे। इसी बीच रास्ते में छतरपुर हाई स्कूल के पास हाइवा ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### रांची में प्रस्तावित जी-20 बैठक की तैयारी शुरू

**रांची।** राजधानी रांची में 21 और 22 मार्च को प्रस्तावित जी-20 बैठक की तैयारी शुरू हो गयी है। नगर आयुक्त शशि रंजन ने प्रस्तावित बैठक को देखते हुए शहर को साफ-स्वच्छ बनाने व सजाने पर पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह सभी पदाधिकारी मिशन मोड में काम करें। शहर के सभी जोन में दो शिफ्ट में सफाई करायें। रोजाना चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। उन्होंने इंजीनियरिंग सेक्शन को कहा कि सभी प्रमुख मार्गों में खुली नालियों को स्लैब से ढंके। एक भी नाली खुली नहीं होनी चाहिए। इलेक्ट्रिक सेक्शन इंचार्ज को कहा कि प्रमुख सड़कों में लगे बिजली के पोल को रोप लाइट से सजायें। जितनी भी स्ट्रीट लाइट खराब है उसे बदले या मरम्मत करायें। जहां नया स्ट्रीट लाइट लगाने की जरुरत है वहां लगायें ताकि किसी भी स्थान पर अंधेरा न हो।

### आईजी-डीआईजी रैंक में प्रोन्नत होंगे तीन-तीन आईपीएस

**रांची।** झारखंड पुलिस में आईजी व डीआईजी रैंक में तीन-तीन आईपीएस अधिकारियों की प्रोन्नति होगी। वहीं, 2010 बैच के एसपी स्तर के आईपीएस अधिकारियों को सीनियर सेलेक्शन ग्रेड मिलेगा। इस संबंध में गृह विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, 2005 बैच के आईपीएस पंकज कंबोज, असीम विक्रांत मिंज को नियमित आईजी बनाया जायेगा, वर्तमान में दोनों प्रभारी आईजी हैं। वहीं, इसी बैच के आईपीएस व पलामू के डीआईजी राजकुमार लकड़ा को भी आईजी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। वहीं, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात 2005 बैच के दो अधिकारियों कुलदीप द्विवेदी और अभिषेक को प्रोफार्मा प्रोन्नति दी जायेगी।

# सीएम राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

## राज्य सरकार के 100 से अधिक स्टॉल्स होंगे

## विभिन्न योजनाओं की दी जायेगी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 28 दिसम्बर 2022-23 का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। यह महोत्सव 28 दिसम्बर से शुरू होगा और इसका समापन आठ जनवरी 2023 को किया जायेगा। यह महोत्सव आम लोगों के लिए सुबह 10 बजे से रात के नौ बजे तक खुला रहेगा। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खादी बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में शामिल हुए लोगों को दी जायेगी। जिसके लिये 100 से अधिक स्टॉल्स होंगे जिनमें लोग राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे और उन योजनाओं से जुड़ सकेंगे।

**हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से हेल्थ चेकअप कैंप :** श्री बेसरा ने बताया कि महोत्सव में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप की भी व्यवस्था रहेगी। श्री बेसरा ने बताया कि खादी एवं सरस महोत्सव में कुल आठ सेक्शन के 320 स्टॉल होंगे ,जिसमें खादी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो को किया याद



**नवीन मेल नेटवर्क। रांची/जमशेदपुर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आज पूरा राज्य उन्हें याद और नमन कर रहा है। वे झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से झारखंड अलग राज्य आंदोलन और संघर्ष को ताकत और धार दी थी। इसके लिए उन्होंने अपनी कुर्बानी दे दी। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकते हैं। हमें उनके सपनों और बताये गये पद चिन्हों पर चलकर झारखंड का नवनिर्माण करना है। मुख्यमंत्री ने रविवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 72वें जन्मदिन के अवसर पर जमशेदपुर के कदमा, उलियान स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके आवास स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किया और परिजनों से मुलाकात की।

**झारखंड राज्य के लिए कई वीरों ने दी शहादत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी के नेतृत्व में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए कई वीरों ने अपने शहादत दी थी। आज हम उन शहीदों के सपनों के झारखंड का निर्माण करने का काम कर रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य आंदोलन के वीर-शहीदों को पूरा सम्मान और अधिकार देने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में 27 को आयेंगे सीएम

## जिला प्रशासन आगमन की तैयारियों में जुटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 दिसंबर को पलामू दौरे पर आ रहे हैं। पलामू के नीलाम्बर पीताम्बर पुर में जैप 8 के मुख्यालय में सीएम इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) 10 के जवानों के पारण परेड में भाग लेंगे और उन्हें शपथ दिलाएंगे। इस दौरान गृह सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजीपी नीरज सिन्हा समेत कई टॉप अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जैप 8 के मुख्यालय में आईआरबी 10 के जवानों का 2019 से प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले 550 जवानों में 200 के करीब महिला जवान हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जैप 8 के मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर सीएम के आगमन को लेकर आधिकारिक मिनट-टू-मिनट शिड्यूल नहीं आया है। वहीं जैप मुख्यालय में परेड में भाग लेने वाले जवानों को रिहर्सल करवाया जा रहा है। कोविड-19 काल के दौरान जवानों का प्रशिक्षण पूरा नहीं हो पाया था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी जवान पारण परेड में भाग ले रहे हैं। परेड में भाग लेने वाले जवानों में काफी उत्साह है। परेड में भाग लेने के बाद जवानों को उनकी ड्यूटी पर तैनात कर दिया जाएगा। इससे पहले दो 2018-19 जैप 8 में पारण परेड का आयोजन किया गया था। सीएम के आगमन को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने भी तैयारियों शुरू कर दी हैं। सीएम का हेलीकॉप्टर जैप 8 मुख्यालय परिसर में ही लैंड करेगा। वहीं से सीएम सीधे कार्यक्रम स्थल में भाग लेने जाएंगे। सीएम करीब दो घंटे तक जैप 8 मुख्यालय में रहेंगे और प्रशिक्षण लेने वाले जवानों संबोधित करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर 500 से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है। जबकि जैप 8 के मुख्यालय को सजाया जा रहा है।

## इसरो ने सीई-20 इंजन का किया सफलतापूर्वक परीक्षण



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 650 सेकंड की लंबी अवधि के सीई-20 इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। इसरो ने शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्सन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) के क्रायोजेनिक मेन इंजन और स्टेज टेस्ट फैसिलिटी में 650 सेकेंड की लंबी अवधि के लिए 22 टी थ्रस्ट लेवल के साथ सीई-20 इंजन का सफलतापूर्वक परिक्षण किया। इसके साथ ही उड़ान में शामिल होने के लिए 20टी थ्रस्ट लेवल के लिए इंजन का सफलतापूर्वक परिक्षण पूरा हो चुका है। सीई20 का डिजाइन और विकास इंजन लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी), वलियामाला, केरल ने किया है। इंजन को पहले 40 सेकंड के लिए 20.2 टी थ्रस्ट लेवल पर संचालित किया गया, जिसके बाद इसे 20 टी ऑफ-नॉमिनल जोन पर संचालित किया गया, फिर थ्रस्ट कंट्रोल वाल्व को स्थानांतरित करके 435 सेकंड की अवधि के लिए इसे 22.2 टी पर संचालित किया गया।

## पलामू : राजू तिर्की गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार

### कई हथियार बरामद, पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर शहर थाना की पुलिस ने हथियार के साथ सात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया की कुछ दिनों से वरीय पदाधिकारियों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि अपराधी राजू तिर्की गैंग द्वारा डालटनगंज शहर में पुनः अपना वर्चस्व कायम करने के शहर के व्यवसायियों के साथ कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। 24 को पुलिस अधीक्षक पलामू द्वारा इस तरह की सूचना दी गयी थी। जिसके आलोक में सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर के निर्देशन में तीनों प्रभारियों को सतर्क करते हुए अपने-अपने क्षेत्र गश्ती दल को सक्रिय करते हुए कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसी दौरान मिले गुप्त सूचना के आधार पर पांकी रोड रेड़मा श्रमिक शेड स्थित किसी गुप्ताजी के जेनरल दुकान से विक्की कुमार गुप्ता को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ करते हुए राजू तिर्की से संबंध रखने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी की गयी। जिनके पास के अवैध देशी कट्टा तथा देशी पिस्टल एवं मोबाईल की बरामदगी की गयी। बरामद किये गये मोबाईल पर राजू तिर्की से संपर्क करने के प्रमाण मिले हैं। इस आरोप में राजू तिर्की एवं एलेक्स पिहू पर भी प्राथमिकी दर्ज की गयी तथा कुल सात लोगों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तारी कल रविवार को जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए अपराधियों में राजीव रंजन पांडे, विक्की कुमार गुप्ता, आर्यन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 2022 देश के लिए बड़ी सफलताओं का वर्ष : मोदी



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रहे वर्ष 2022 को भारत के लिए एक बहुत प्रेरक और अद्भुत बताते हुए रविवार को कहा कि वर्ष के दौरान देश ने विश्व की पाचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल करने, रिकॉर्ड निर्यात तथा कोविड टीकाकरण के उल्लेखनीय अभियान सहित आर्थिक-सामाजिक-तकनीकी क्षेत्र में कई बड़ी सफलताएं दर्ज की हैं जिससे विश्व में भारत का एक विशेष स्थान बना है और ये सफलताएं भारत की भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करने वाली हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 वाकई कई मायनों में बहुत ही प्रेरक रहा, अद्भुत रहा। इस साल भारत ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये और इसी वर्ष अमृतकाल का प्रारंभ हुआ। इस साल देश ने नयी रफ्तार पकड़ी, सभी देशवासियों ने एक से बढ़कर एक काम किया। 2022 की विभिन्न सफलताओं ने, आज, पूरे विश्व में भारत के लिए एक विशेष स्थान बनाया है। मोदी ने कहा कि यह वर्ष खेल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 'मन की बात' की 96वीं कड़ी

श्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 96वीं कड़ी में रविवार को कहा कि वर्ष 2022 में भारत द्वारा दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल करना, 220 करोड़ वैक्सीन का अविश्वसनीय आंकड़ा पार करना, 400 अरब डालर से अधिक के निर्यात का का जादुई आंकड़ा पार करना, जन-जन द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाना, पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का स्वागत, अंतरिक्ष, ड्रोन और रक्षा क्षेत्र में भारत का परचम लहराना, हर क्षेत्र में भारत के दमखम का नमूना है।


## आवश्यकता



### राष्ट्रीय नवीन मेल

विगत 28 वर्षों से निरंतर डालटनगंज से प्रकाशित होने वाले हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल को इसके रांची और डालटनगंज संस्करणों में निम्न पदों पर योग्य लोगों की आवश्यकता है : -

| पद | संख्या | योग्यता | अनुभव | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| उप संपादक | 05 | क्वार्क पर पेज बनाना, खबरें संपादित कर लेना | 02 साल | योग्यतानुसार |
| संवाददाता | 04 | अपराध, राजनीति की खबरें लिख लेने की क्षमता | 02 साल | योग्यतानुसार |
| प्रशिक्षु | 04 | फील्ड में घूमने की ललक, ठीक-ठाक हिंदी, न्यूज सेंस हो | शून्य | योग्यतानुसार |

अपना बायोडाटा और एक कवरिंग लेटर हमें मोबाइल नंबर 7307071539 पर वाट्सएप्प करें।




### आक्रामक रणनीति : झारखंड में धीरे-धीरे बुझ रही है नक्सलवाद की लौ

# बूढ़ा पहाड़ पर फतह, साल की सबसे बड़ी कामयाबी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलवाद की लौ धीरे-धीरे बुझती जा रही है। झारखंड पुलिस की आक्रमक रणनीति की वजह से पिछले दो सालों के दौरान झारखंड पुलिस ने माओवादियों को हर मोर्चे पर शिकस्त दी है। खासकर, साल 2022 झारखंड पुलिस के लिए नक्सल फ्रंट पर बेहद कामयाब रहा। बूढ़ा पहाड़ और बुलबुल जैसे घोर नक्सल प्रभावित इलाके से नक्सलियों को खदेड़ दिया। नक्सलियों के लिए सबसे सुरक्षित इलाका बूढ़ा पहाड़ था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के टास्क पर काम करते हुए झारखंड पुलिस ने 32 साल से माओवादी गतिविधियों के केंद्र रहे बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करा लिया है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त कराने के लिए साल 2022 में पुलिस और सीआरपीएफ ने ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था। अब बूढ़ा पहाड़ पर आधे दर्जन से अधिक कैंप बना दिये गये हैं। नदी-नालों पर पुल बांध दिये गये हैं। बूढ़ा पहाड़ फिलहाल नक्सलियों से मुक्त है। जवानों की यह कोशिश है कि अब दोबारा इस पहाड़ पर नक्सलियों को नहीं आने दिया जाये। वहीं, साल 2022 में झारखंड पुलिस के जवानों ने अदम्य साहस दिखाते हुए 370 नक्सलियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया, जबकि 12 को एनकाउंटर में मार गिराया। वहीं, पुलिस के अभियान से घबराकर 15 नक्सलियों ने हथियार डाल दिये।

**2022 में 370 नक्सली गिरफ्तार :** साल 2022 के जनवरी महीने से लेकर नवम्बर महीने तक झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई में 370 नक्सलियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों पर कुल 72 लाख का इनाम भी घोषित था। ऐसा नहीं है कि छोटे-मोटे नक्सलियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हर वर्ष मिल रही नयी-नयी सफलता

झारखंड बनने के बाद से 2017 तक नक्सलियों ने झारखंड के सीने पर कई गहरे जख्म दिये। इस क्रम में 300 से ज्यादा पुलिसवालों को अपनी शहादत देनी पड़ी जिनमें दो आईपीएस भी शामिल थे। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। साल 2022 की कामयाबी को झारखंड पुलिस में और बड़ा करते हुए नक्सलियों के सबसे बड़े आश्रय स्थल बूढ़ापहाड़ और बुलबुल जंगल को नेस्तनाबूद कर दिया। हालांकि, इस दौरान झारखंड पुलिस को भी अपने दो जवानों की शहादत देनी पड़ी, लेकिन नुकसान सबसे ज्यादा भाकपा माओवादियों को हुआ। झारखंड पुलिस के यह आंकड़े साबित करते हैं कि साल 2022 में नक्सल फ्रंट पर झारखंड पुलिस बेहद कामयाब रही।

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमों का पंचायत कमिटी गठित

**सतबरवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सदर प्रखंड के पोलपोल पंचायत कमेटी का गठन रविवार को प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष प्रभुनाथ राम, सचिव रामप्रवेश पाल को बनाया गया। जबकि इस मौके पर प्रखंड सचिव लखन सिंह चेरो ,उपाध्यक्ष प्रभात कुमार तिवारी, रघुनाथ सिंह ,रामू उरांव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** बाजार मेन रोड स्थित न्यू माँ वैष्णो हॉस्पिटल में रविवार को वाराणसी के सनराइज हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 250 महिला, पुरुष, बच्चों के विभिन्न रोगों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा प्रदान किया गया। मौके पर स्वास्थ्य सहिया व स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ सनराइज हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस के मिश्रा, डॉ. पिंकी तिवारी ने स्वास्थ्य सम्बन्धी परिचर्चा किया। इस मौके पर मुखिया कमला डॉ प्रभु प्रसाद, डॉ नन्दू प्रसाद, मानव अधिकार विकास मंच के रामचन्द्र मिश्र, अखिलेश्वर सिंह, शिक्षा विभाग के बी आर पी शशिकला कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मारपीट में तीन घायल, एक रेफर

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में बच्चों के झगड़े को लेकर उत्पन्न विवाद में हुई मारपीट। जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसमें कैलाश यादव (80) वर्ष, जगिया देवी (75) और सीता देवी (35) वर्ष का नाम शामिल हैं। इसमें जगिया देवी को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में परिजनों ने हुसैनाबाद थाना को लिखित जानकारी दी है।

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनी

**पांकी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात व देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपई की जन्म जयंती आज पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता अपने देवतुल्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास नीलांबर पितांबर पुर स्थित मोर्या फार्म हाउस पर मोदी की मन की बात सुनी गई व अटलबिहारी वाजपई की जन्म जयंती मनाई गई। आज के इस कार्यक्रम के दौरान पांकी विधानसभा के कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के आश्वासन पर आमरण अनशन समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच 98 फोरलेन के लिए अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर 5 दिसंबर से ढाब विजनिवार में चल रहा रैयतों का बेमियादी धरना तथा 18 दिसंबर से चल रहे आमरण अनशन को जिला भू - अर्जन पदाधिकारी शैलेश कुमार के आश्वासन पर समाप्त हो गया। रैयतों के आंदोलन को कई नेताओं ने अपना समर्थन दिया था। अनशन कर रहे मुखिया जितेंद्र पासवान समाजसेवी अखिलेश गुप्ता, राजीव गुप्ता तथा रंजय मेहता को गुलूकोज पिलाकर अनशन समाप्त कराते हुए भू-अर्जन पदाधिकारी ने आगामी 9 जनवरी को कैंप लगाकर अधिग्रहित भूमि का मूल्यांकन कराने तथा 3 डी में छूटे हुए नामों का जोड़ने की घोषणा की। वहीं सेमरवार तथा ढाब खुर्द में अंडरपास निर्माण के लिए अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजने की बात कही। इसके अलावा रैयतों को अन्य मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। रैयतों के प्रदर्शन व अनशन कार्यक्रम को आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा पुरजोर समर्थन दिया गया था। इनके पहल पर ही रैयती की आवाज विधानसभा में उठाई गयी थी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का काम कर रही शिवालय कंट्रक्शन कंपनी को प्रभावित रैयतों के परिजनों को अपने कार्य में रखना होगा। ऐसा नहीं होने पर वे पुरजोर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार, दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया, हरिहरगंज सीओ बासुदेव राय, पुलिस इंस्पेक्टर सर थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, शिवालय कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ललित सोलंकी, अमित कुमार, विजय मेहता, पिंटू गुप्ता, सनोज साव, राणा पासवान, जितेंद्र कुमार, सुदामा मेहता, निर्भय कुमार, अजय मेहता, राजेन्द यादव, विनोद यादव, जितेंद्र मेहता, युगेश प्रसाद, स्तय नारायण यादव, अनिल मेहता, अरविंद मेहता, शेषनाग मेहता, कृष्णा मेहता सहित सैकड़ों की संख्या में रैयत मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक का आयोजन

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत अंतर्गत जरही टोला स्थित रविवार को आजनवन खेल विकास समिति के द्वारा हर साल की भाँति इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 26 जनवरी से फुटबॉल टूर्नामेंट मैच प्रारंभ करने का विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगो के सर्वसहमती से विचार किया गया कि फुटबॉल टूर्नामेंट मैच प्रखंड स्तरीय होना चाहिए। प्लेयर को आधार कार्ड के हीं आधार पर मैच खेलने की अनुमति दी जायेगी। जिस प्रखंड के टूर्नामेंट में टाईसीट मिलेगा। उसी प्रखंड के खिलाड़ी ही खेलेंगे व खिलाड़ी को उसी प्रखंड का आधार कार्ड होना अनिवार्य रखा गया है। मौके पर उदेश चौधरी, अखिलेश राम, कृष्णा पाल, अशरेश पाल, बिकरमा चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अवैध शराब भट्टी व 1500 किलो जावा महुआ नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर देवरी ओपी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम को गुप्त सूचना मिली की देवरी गांव स्थित सोन नदी के तट पर व्यापक पैमाने पर अवैध महुआ शराब की चुलाई की जा रही है। सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम दल बल के साथ सोन नदी तट पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही शराब के धंधेबाज फरार हो गए। पुलिस ने उक्त स्थान से 25 लीटर महुआ शराब व 1500 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया। थाना प्रभारी इंद्रदेव राम बताया कि अवैध महुआ शराब बनाने व इसके रोकथाम के लिए यह छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में देवरी के एएसआई मिथिलेश यादव, नागेंद्र सिंह,मो. इरफान अंसारी समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का मनी जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**नवा बजार ।** प्रखंड स्थित कंडा भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से पुरस्कृत अटल बिहारी बाजपेई का जन्मदिन भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्रों पर फूल माला चढ़ाकर शुरूआत की गई। इस मौके पर मंडल के सभी मोर्चा के अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में 44 बूथों पर मनाया गया। सभी उपस्थित भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन शैली उनके विचार पर प्रकाश डाला। वही मंडल अध्यक्ष अपनी बातों को रखते हुए बोला ऐसे विभूति बार-बार जन्म नहीं लेते। उनकी सोच उनकी विचार हर समय याद करने लायक है। वे एक अच्छे कवि भी थे। कार्यकर्ताओं के साथ उनका काफी लगाव था। उनके कार्यकाल में भारत को एक नई ऊर्जा मिली थी। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित महेंद्र शाह, बलराम सिंह, रामरेखा चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, रविंद्र पासवान, लीलावती देवी, परशुराम मेहता ,सुरुज देव यादव, अखिलेश यादव, मनोज प्रसाद गुप्ता, मनोज डीलर, अशोक पाल ,अर्जुन मेहता, गुड्डू चंद्रवंशी ,गौरी शंकर सिंह, संतोष प्रजापति काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस नगर कमिटी का समीक्षा बैठक संपन्न

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर कमेटी का समीक्षा बैठक रविवार को बी मोड़ शाहिद स्थल परिसर में हुआ। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडे ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। कांग्रेस नगर कमेटी द्वारा पिछले कुछ वर्षों के कार्यक्रमों व क्रियाकलापों की समीक्षा हुई बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रभारी भीम कुमार, विशिष्ठ अतिथि पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक व बैठक प्रभारी संतोष चौबे शामिल हुये। वहीं पर भीम कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता को जनता से सीधा संवाद स्थापित करने को कहा। मौके पर कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सांसद ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किशुनपुर से जंघासी तक साढ़े तीन किलोमीटर जीर्णोद्धार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास के उपरांत पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के स्मृति शेष प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शिलान्यास समारोह में सांसद बीड़ी राम ने कहा की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ( पीएमजीएसवाई) तथा (केंद्रीय सड़क एव अवसंरचना निधि योजना सीआर आई एफ) की योजना सांसद के अनुशंसा के आलोक में स्वीकृति प्रदान किया जाता है। जनप्रतिनिधि जनता में ये भ्रम नही फैलाये की ये योजना उनके द्वारा अनुशंसित ई स्वीकृति दिलाई गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क तथा सीआरआईएफ पुर्णतः भारत सरकार योजना है तथा सांसद के अनुशंसा पर स्वीकृति दिलाई गई है। कोई जनप्रतिनिधि जितना काम करते है उसी का श्रेय ले। इस वितीय वर्ष में पुलों एव सड़को की मेरे अनुशंसा पर जितनी स्वीकृति मिली है पहले कभी नही मिली थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 49 सड़को तथा 35 ब्रिजों का स्वीकृति व निर्माण कार्य की शुरूआत हो चुका है। इन्होंने कहा की किशुनपुर को संसदीय क्षेत्र के पहला आदर्श गांव चुना। यहाँ की समस्याओं से लोगो के साथ सीधे संवाद कर जानने आया हूं। कुछ समस्या अगर है तो जल्द ही समाधान करने को प्रयासरत हुं। बन्द पड़ी आरओ प्लांट को चालू करवाने के लिये बैकल्पिक व्यवस्था जनवरी तक कर दिया जायेगा। पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यों व उनकी सोच परिकल्पना की चर्चा करते हुये कहा की पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यो एव अवधारणा को पीएम नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे है। मौके पर बिजय ओझा, इंश्वरी पांडेय, अलख दुबे, धीरेंद्र नारायण उपाध्याय, जीप पार्षद प्रमोद सिंह- चैनपुर, संतोष पांडेय, संजय सिंह, नीलिमा झा, छोटन उपाध्याय, जय दुबे, गोपाल पासवान आदि उपस्थित थे।

# दुष्कर्म कांड के खिलाफ रैली व प्रतिवाद सभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** थाना अंतर्गत खामही टोला मोतिया खाला में दलित नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ पाटन के किशुनपुर में जनाक्रोश रैली तथा प्रतिवाद सभा किया गया। उत्पीड़न विरोधी अभियान पलामू के बैनर तल्ले निकाली गई। जनाक्रोश रैली में छतरपुर -पाटन के विधायक पुष्पा देवी, झरखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष शत्रुध्न कुमार शत्रु, भीम आर्मी के सुहैल अंसारी, रामकुमार रबी, नागमणि रजक, शशि रंजन भारती, सीताराम दास, यशवंत पासवान, राजकुमार, रामाशीष रबी, पूर्व जिला परिषद निर्मला कुमारी लेस्लीगंज, राजमूनी ब्यास, बौद्ध महासभा के राजेन्द्र राम, पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम, भाजपा मंडल पाटन अध्यक्ष संजय सिंह, सादिक अंसारी, माले के पवन विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, आदि सैकड़ो के संख्या में चनेया बाजार से रैली निकालकर दुष्कर्म के विरूद्ध रोष व्यक्त करते मिडल स्कूल फील्ड में आकर प्रतिवाद सभा किया। प्रतिवाद सभा में सभी लोगो ने सामूहिक दुष्कर्म की घोर निंदा किया। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि जघन्य व बर्बरतापूर्ण घटना की घोर निंदा करती हूं। दुष्कर्मियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर दुष्कर्मियों को फाँसी की सजा सुनिश्चित की मांग करती हूं। प्रतिवाद सभा के माध्यम से 5 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नाम प्रेषित में दुष्कर्मियों को गिरफ्तारी जल्द कराने, कांड में एसटी/एसी धारा लगाने, परिवारजनों को सुरक्षा, दस लाख की सहायता, पीड़िता के एक व्यक्ति की नोकरी, तथा एसटी/एसी धारा किन कारणों से नही लगाई गई जांच कर पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग है।

# विहिप व बजरंग दल ने शौर्य पथ संचलन शोभायात्रा निकाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू प्रखंड अंतर्गत रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की राजहरा पंचायत इकाई के तत्वावधान में संयुक्त रूप से शौर्य पथ संचलन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संचलन राजहरा पंचायत के झरना शिव मंदिर से एनएच75 होते हुए बसना ,ब्रह्ममोरिया तथा पड़वा मोड़ तक नावा बाजार जिला परिषद सदस्य रीना देवी के नेतृत्व में गई। पुनः यात्रा झरना शिव मंदिर में जाकर समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंकित पांडे व अध्यक्षता बजरंग दल नावा बाजार प्रखंड संयोजक हिमांशु पांडे ने की। शोभा यात्रा कार्यक्रम के तहत अतिथियों को नावा बाजार बजरंग दल के द्वारा सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। झरना शिव मंदिर परिसर में आयोजित शौर्य सभा में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा ने कहा कि शौर्य संचलन का उद्देश्य वर्तमान युवा पीढ़ी को श्री राम मंदिर के इतिहास से परिचित कराना है। संयोजक हिमांशु पांडे ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम है। आज जिस तरीके से देश में धर्मांतरण किया जा रहा है, इससे स्थिति गंभीर होती जा रही है। वहीं विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ईश्वर चंद्र सागर उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन धर्म के तहत लवजिहाद, पशु तस्करी, धर्मांतरण की रक्षा के लिए बजरंग दल की उत्पत्ति हुई है। बजरंगी सेना सनातन धर्म की मर्यादा अनुपालन करते हुए प्रभु श्री राम की मंदिर अयोध्या में भव्य निर्माण में योगदान आहुत की है। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद द्वारा एकजुटता का आह्वान किया। जिसमें संचालन के दौरान कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे। मार्ग के दोनों तरफ सनातन धर्मवालंबीयो की भीड़ लगी हुई थी। आम जनता के द्वारा उत्साह पूर्वक जय श्रीराम के उद्घघोष व करतार ध्वनि से शौर्य संचलन का स्वागत व उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर मेदनीनगर नगर निगम के उपमहापौर मंगल सिंह, विश्रामपुर विधानसभा के विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव पंचायत समिति सदस्य पलामू जिला संघ के उपाध्यक्ष नीता मेहता विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,राजबली महरा, गणेश प्रसाद गुप्ता, विवेक चौबे, सुडू विश्वकर्मा ,दीपक गुप्ता पूर्व मुखिया ,गिरवर सिंह पूर्व मुखिया ,पटेल दुबे, अजय पांडे, अमित तिवारी, बृजनंदन मेहता ,विनोद यादव, अजय पांडे शिक्षक, भास्कर पांडे ,पड़वा उपप्रमुख धर्मवीर सिंह ,सतेन्दर कुमार महतो ,प्रियंका देवी, ललिता देवी, सुदर्शन प्रसाद पुलिस अवर निरीक्षक नावा बाजार आलोक सोरेन सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री का मना जन्मदिवस



**सतबरवा।** भारत रत्न से सुसज्जित देश के पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन पोंची देवी मंडप के प्रांगण में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न बाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए माल्यार्पण कर किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को उत्तर प्रदेश राज्य में हुआ था। उन्होंने देश की राजनीति के लिए अपने प्राण तक को न्यौछावर कर दिया। वह एक कुशल शासक व स्वतंत्रता सेनानी भी थे। कई बार अंग्रेजों से लड़ाई में जेल भी गये। उनका देश के लिए निष्ठा आत्मविश्वास के साथ कार्य को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस कार्यक्रम में जिप सदस्य पति अजय उरांव, प्रभात कुमार उपाध्याय, ललित कुमार भूईया, राकेश कुमार भुईया, विजय उरांव, गणेश उरांव, उमेश उरांव, नदकेशवर भुईया, कमलेश साव, अनुप ठाकुर, दिलीप पांडे, चंदन भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

## अवैध जावा महुआ सहित अन्य सामग्री को किया नष्ट

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदतनगर थाना क्षेत्र के सूदूरवर्ती खील पर गांव में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर हैदरनगर पुलिस ने तीन घरों पर रविवार को छापा मारा है। थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि इस छापामारी में पुलिस ने एक क्विंटल से अधिक जावा महुआ को नष्ट किया है। साथ ही अवैध शराब के उत्पादन में प्रयोग किये जाने वाले बर्तन को बरामद किया गया है। अवैध शराब बनाने के कारोबार में लगे आरोपी गांव में पुलिस बल के प्रवेश देखते ही भाग निकले। उन्होंने कहा कि उक्त कार्रवाई पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद एक टीम गठित कर की गई है। इस आभियान में एसआई उपेन्द्र कुमार दास के साथ पुलिस जवान राजाराम शर्मा, निरंजन कुमार, श्यामनारायण पासवान, कामाख्या, रौशन टुडू, प्रदीप कुमार पासवान शामिल थे।

**बैठक** | **अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक**

# ब्राह्मण महासभा का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय लोगों की सेवा करना : अजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** प्रखंड क्षेत्र के पड़वा मोड़ बगीचा होटल में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पलामू जिला अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित थे। उनके साथ शंभू नाथ दुबे, अशोक पांडे, अरुण पांडे, संत कुमार दुबे ,राकेश पाठक सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से भगवान परशुराम को माला पहनाकर एवं पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर पांडे एवं मंच का संचालन अभिषेक पांडे के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित अध्यक्ष अरुण तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज 25 दिसंबर है लोग आज के दिन अपने घर परिवार में बिताते हैं, पर आप सबों की उपस्थिति सराहनीय है। जो इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बैठक समझते हुए उपस्थित है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एक दूसरे से मिलना और अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का सदस्य बनना है। ताकि सदस्यता के माध्यम से ही एक दूसरे को ठीक ढंग से जानने एवं समझने का मौका मिले। वहीं उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं ब्राह्मणों को एक दूसरे की जरूरत है। हमारे समाज में बहुत ऐसे लोग हैं ,जो अपना जीवन यापन ठीक ढंग से गरीबी होने के कारण नहीं कर पाते। वैसे लोग जिन्हें हमारी जरूरत है। हमारा मुख्य उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों का आवाज बनना है। हम इस बैठक के माध्यम से बताना चाहते हैं कहीं भी ब्राह्मण समाज का बैठक हो बिना बुलाये उपस्थित हो। हमें जो जवाबदेही अध्यक्ष के रूप में मिली है, उसे मैं पूर्ण के साथ निभा रहा हुं। हमारे सदस्यों के द्वारा अपने पंचायत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराना संस्कृत मे जो बच्चे रुचि रखते हैं, उनकी पढ़ाई की ठीक ढंग से व्यवस्था करना बेटियों की शादी के लिए विवाह संपन्न कराना गांव की मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराना एवं आपस में परिचर्चा करना समाज को सुव्यवस्थित करना ही मुख्य उद्देश्य है उपस्थित प्रमुख लोग रामा पांडे सत्येंद्र पांडे दिलीप पांडे रमाकांत पांडे रघुनंदन पांडे दीपेंद्र पांडे जितेंद्र पांडे अजय पांडे रविंद्र पांडे पंकज पांडे चंद्रशेखर दुबे अजीत तिवारी राजबली तिवारी विभूति नारायण चौबे विजय पांडे चंदेश्वर दुबे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# किसान मित्र की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के पंच सरोवर पार्क परिसर में रविवार को किसान मित्र संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने जबकि संचालन संघ के सचिव नागेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में किसानों और किसान मित्र की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। किसान मित्रों को दो साल से प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है, जिससे विभाग के प्रति किसान मित्रों में भारी आक्रोश है। हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्ठाचार के मुद्दे पर भी चर्चा किया गया। जिसमें दाखिल खारिज ऑनलाइन रसीद, पीएम किसान योजना के नाम पर अंचल कार्यालय में लूट मचा हुआ है। जिसके कारण किसान अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान है। एक तरफ किसान सुखाड़ की मार झेल रहे है और सरकार भी सिर्फ किसानों को ठगने का काम कर रही है। धान अधिप्राप्ति योजना में किसानों को जो 110 रुपये प्रति किवंटल बोनस दिया जाता था। उसे घटाकर सिर्फ 10 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। साथ ही सुखाड़ की मुवावजा राशि 3500 रुपए बहुत ही कम है। इससे किसानों का भला नहीं हो सकता है। उपस्थित किसान मित्रों ने उपरोक्त समस्याओं को लेकर राज्य सरकार से किसान हित में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए निदान की मांग की है। बैठक में मुख्य रूप से किसान मित्र सुजीत मेहता, नागेंद्र सिंह, विजय ठाकुर, सुनील पाठक, अर्जुन यादव, मिथलेश सिंह, लव सिंह, सुरेंद्र सिंह, नवल उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, मदन सिंह, विजय सिंह, विमल सिंह, जनेश्वर राम समेत कई किसान मित्र मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

### समाजसेवी सह कॉलेज संस्थापक का निधन

**मेदिनीनगर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के स्थापित करने वाले सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का निधन रविवार को हो गया। उनका निधन दोपहर 12 बजे रांची के अपोलो अस्पताल में हुआ।गौरतलब है कि तुलसी मानस मंदिर के इंजीनियर भी वही थे। उन्होंने मंदिर के निर्माण के लिए मैप तैयार किया है।उनका निधन हृदय गति रुकने के कारण हुआ। उनके निधन की खबर मिलते ही लोगो ने शोक संवेदना प्रकट किया। वही कई राजनीतिक संगठनों के द्वारा श्रद्धांजलि भी अर्पित किया गया।

### भाजपा ने मनाई अटल जी की जयंती, मन की बात भी सुनी

**मेदिनीनगर।** रविवार को वार्ड नंबर 1 के बूथ संख्या 153 व 154 स्थानीय भीष्म नारायण महाविद्यालय हमीदगंज के मैदान में बूथ अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस मनाई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रेरणादायक स्वर्गीय वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलकर पार्टी समाज राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प भी लिया। कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात को भी सुना। देश एवं समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता एवं भूमिका निभाने का शपथ भी लिया। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद मनोरमा देवी शिवकुमार मिश्रा, संजय कुमार, विनोद साव, रिंकू चंद्रवंशी, उदय सिंह, छोटू चंद्रवंशी, राजा गोस्वामी, शिवम दुबे, रोशन चंद्रवंशी, नीतीश चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, प्रेम गुप्ता राजीव चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, गोलू कुमार, रणधीर गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे। मौके पर कृषराज राधा रानी माधव प्रभु, आयुषी रानी, आस्था कुमारी, लकी कुमार, कुमार सानू एवं अन्य बच्चों ने वंदे मातरम गीत गाया।

### पिपरा मुखिया संघ के अध्यक्ष बनी मीना देवी

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड में मुखिया संघ अध्यक्ष का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। संघ के चुनाव के लिए प्रखंड क्षेत्र के नव निर्वाचित मुखिया की एक बैठक मुखिया इशवंती कुंवर के बभंडी स्थित आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता मधुबाना पंचायत के मुखिया राजेश राजवंशी ने की। संचालन समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया। बैठक में लिए गये निर्णय के बाद सर्वसम्मति से दलपतपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी को प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना देवी ने कहा कि विकास में किसी तरह की बाधा आने पर सभी मुखिया एकजुट होकर उसका निदान करेंगे। हम सभी निष्ठा पूर्वक विकास कार्यों में भाग लगें। अफसरशाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पंचायत के विकास में सभी का योगदान आवश्यक है। मौके पर तेंदूई पंचायत के मुखिया उषा देवी, समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह, भोला सिंह, प्रभु यादव, सुनील सिंह, संजय कुमार यादव, अर्जुन प्रसाद यादव, पुकार सिंह, सुदामा यादव, नंदू राम, मनोज राम, सुनील यादव, विजय यादव, प्रकाश विश्वकर्मा, राजू यादव, निर्भय सिंह, आलोक यादव, विवेक चंद्रवंशी,बबलू राजवंशी , बच्चन राजवंशी, सत्येंद्र यादव, संजय राम, विमलेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस दिवस के रूप में मनाया जाता है। ईसा मसीह का जन्म इस संसार में प्रेम व संदभावना के विस्तार के लिए हुआ था। ईसा मसीह प्रेम दया करूणा एवं शांति के प्रतिमुर्ती थे, ईसा मसीह इस संसार को अंधेरे से ऊजाले के रूप में परीवर्तित किया। ईसा मसीह ने शांति के दुत के रूप में मानव जिवन के लिए अपना जिवन कुर्बान कर दिया।

# मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के क्रियान्वयन को लेकर डीसी गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के वेरिफिकेशन को लेकर सक्रिय हैं। विगत दिनों समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जिले में 2.5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये हैं जिनका वेरिफिकेशन का रफ्तार काफी धीमा है। प्राप्त आवेदनों के वेरिफिकेशन कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से उन्होंने समाहरणालय में दो दिवसीय विशेष शिविर लगाने हेतु सभी सीओ को निर्देशित किया था जिसके आलोक में रविवार के दिन समाहरणालय के विभिन्न हॉल में विशेष शिविर लगाया गया। शिविर को लेकर एनआईसी ओर से सभी सभागारों में इंटरनेट व चार्जिंग सॉकेट की व्यवस्था की गई थी। सभी सीओ लैपटॉप लेकर अपने अंचल निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर व प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाते हुए अपने-अपने अंचलों से संबंधित आवेदनों का वेरिफिकेशन किया। इस दौरान जिले के उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, अपर समाहर्ता व डीआईओ ने भी विभिन्न सभागारों में लगाये गये विशेष शिविर का अवलोकन किया। वहीं उपायुक्त दोड्डे ने सभागार में बैठक कर शिविर में अधिकाधिक वेरिफिकेशन को लेकर अधिकारियों को टिप्स दिये। मौके पर कृषि पदाधिकारी व सहकारिता पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि जिले में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत अब तक ढाई लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किये है। जिसमें से दिनांक 24 दिसंबर तक 7 हजार आवेदन का ही सत्यापन हो पाया था जबकि आज लगाये गये विशेष शिविर में समाचार लिखे जाने तक कुल 20 हजार आवेदनों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह सोमवार को भी विशेष शिविर लगाकर आवेदनों का वेरिफिकेशन किया जायेगा।



### मोर्चा की बैठक में नियुक्ति की बाबत चर्चा

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के सफल अभ्यार्थियों के काउंसलिंग और चरित्र प्रमाण पत्र की जांच हो चुके हैं इसके बाद भी नियुक्ति से वंचित रखा गया। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पलामू में पहली बार नियुक्ति हो रही है फिर भी पलामू के बेरोजगारों को नियुक्ति से वंचित रखा जा रहा है। बेरोजगारों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है नियुक्ति नहीं होने से बेरोजगार अभ्यर्थियों में काफी आक्रोश है पलामू जिला प्रशासन जानबूझकर बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है पलामू में अभी भी 495 पद रिक्त है इसमें शिक्षा विभाग 323 स्वास्थ्य विभाग 115 बंदोबस्त कार्यालय 57 सीट जबकि उपायुक्त के अधीन 18 विभाग आते हैं सभी विभाग में रिक्तियां होने के बाद भी नियुक्ति से वंचित रखा जा रहा है। जबकि सभी विभाग में चपरासी के पद रिक्त हैं।

# पलामू में हर्षोल्लास से मना तुलसी पूजन का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रविवार को जहां एक ओर क्रिसमस का त्योहार मनाया गया, वहीं हिन्दू समुदाय के लोगों ने तुलसी पूजन भी किया। हिंदू धर्म में इसे पूजनीय माना गया है और आयुर्वेद में तुलसी को अमृत कहा गया है। क्योंकि ये औषधि का काम भी करती है। बता दें कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां हमेशा सुख-शांति का वास होता है। शास्त्रों के अनुसार तुलसी के पत्ते के बिना भगवान श्री हरि भोग स्वीकार नहीं करते हैं । तुलसी पूजन दिवस मनाने की शुरूआत साल 2014 से हुई। इस दिन विशेष रूप से तुलसी पूजा की जाती है। इस दौरान देश के कई केंद्रीय मंत्रियों और संतों ने तुलसी पूजा के महत्व का बखान सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया। तभी से 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाने लगा। ऐसी मान्यता है कि तुलसी के पौधे के पास किसी भी मंत्र-स्तोत्र आदि का पाठ करने से उसका अनंत गुना अधिक फल मिलता है। भूत, प्रेत, पिशाच, ब्रह्मराक्षस, दैत्य आदि सब तुलसी के पौधे से दूर भागते हैं। स्थानीय मन्दिरों में सुबह से ही लोगों ने तुलसी पूजन किया वहीं घरों में भी लोगों ने पूरे विधि विधान से तुलसी का पूजन किया। शाम को तुलसी के पौधा के पास दीप भी जलाया गया और प्रसाद का भी वितरण किया गया।



# गोदावरी हॉस्पिटल में मरीज से 20 हजार व गुप्तांग काटने का आरोप गलत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुप्तांग काटने की घटना के बारे में रविवार को गोदावरी हॉस्पिटल के एक स्टाफ ने बताया कि हॉस्पिटल में नंदन यादव का गुप्तांग काटने और 20हजार रुपए की मांग करने का आरोप बिल्कुल गलत है। इस संबंध में अस्पताल में स्टाफ ने बताया कि शनिवार को सुबह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम साहद के नंदन यादव अपने गुप्तांग का इलाज कराने के लिए गोदावरी हॉस्पिटल पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने उसका ओपीडी किया तो देखा कि उसका गुप्तांग का छेद पूर्ण तरह से बंद है। चिकित्को के परामर्श के बाद वहां के कर्मियों द्वारा नंदन यादव के गुप्तांग के ऊपर की थोड़ी सी चमड़ी को हटाया गया था। ना कि उसके पूर्ण गुप्तांग को काटा गया है। चमड़ी हटाने पर उसके परिवार अल्लाह हंगामा करने लगे। इसके बाद उसे इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया गया।अस्पताल प्रबंधक द्वारा मरीज नंदन से इलाज के लिए मात्र ढाई हजार की मांग की गई थी। इलाज के बाद वह भी पैसा मरीज वहां नहीं दिया और दूसरे अस्पताल में इलाज के लिए चला गया।

# कोयल किनारे, कविगण पुकारे कवि गोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं आरंभ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल के प्रांगण में कोयल किनारे, कविगण पुकारे नामक कवि गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर की महापौर अरुणा शंकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के उपमहापौर मंगल सिंह, प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्र, अरविन्द गुप्ता, राकेश दुबे, प्रोफेसर के के मिश्र, शीला श्रीवास्तव, पूनम चंद्रवंशी के अलावा अजीत कुमार पाठक, आरंभ फाउंडेशन के शुभम प्रसाद, डॉ नीतीश पाण्डेय, कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक मिथिलेश कुमार, विक्रान्त सिंघानिया उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न कवियों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर शमां बांध दिया। कार्यक्रम के शुरूआत में मां शारदे एवं अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर को पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में हरिवंश प्रभात ने अपनी प्रस्तुति दी। उसके पश्चात कवि राकेश कुमार, किरण राज, मनीष कुमार मिश्रा, एमजे अजहर, आचार्य धनंजय पाठक, डॉ विजय प्रसाद शुक्ला, घनश्याम कुमार, इंद्रदेव कुमार, इमरान शाह, अरशद कुमार, मोहम्मद इस्तेखार, उमेश कुमार पाठक रेणु, डॉक्टर पुष्पलता कुमारी, रामप्रवेश पंडित, डॉक्टर मकबूल मंजर, अनुपमा तिवारी, सुषमा श्रीवास्तव, मोहम्मद निगार आलम, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, रमेश कुमार सिंह, श्याम किशोर पाठक, विजय शंकर मिश्र, कुमार गौरव सिंह, अनीता शुक्ला आदि कवियों ने अपनी - अपनी प्रस्तुति दी। बाद में सभी कविगणों को संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सम्मानित किया गया एवं लिट्टी चोखा की पार्टी भी की गई।



# वाहन चालक गाड़ी के कागजों को रखें : गर्ग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने वाहन चालकों को सूचित करते हुए कहा है कि वाहन चालक वाहन चलाते समय अपने वाहन से संबंधित सभी कागजात व हेलमेट साथ में लेकर चलें। पकड़े जाने पर किसी की भी पैरवी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा है कि शहर में प्रेशर हॉर्न और ज्यादा आवाज करने वाले वाहन चालकों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। पकड़े जाने पर उनके वाहन का फाइन होने के साथ-साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गाड़ी के आगे पीछे दोनों नंबर सेम होना चाहिए। यदि आगे पीछे दोनों तरफ का नंबर सेम नहीं हुआ और नंबर के जगह किसी का नाम लिखा मिला तो उनके ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति निर्वाचन क्षेत्र झारखंड प्रदेश के वार्ड नंबर 1 बूथ संख्या 153 154 भीष्म नारायण महाविद्यालय हमीदगंज डालटेनगंज के मैदान में बूथ अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता की अगुवाई में दर्जनों कार्यकताओं द्वारा श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यकताओं ने प्रेरणादायक स्वर्गीय बाजपेई जी के बताए मार्ग पर चलकर पार्टी समाज राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प भी लिया। कार्यकताओं एवं नेताओं ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भी सुना और देश एवं समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता एवं भूमिका निभाने का शपथ भी लिया। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद मनोरमा देवी शिवकुमार मिश्रा संजय कुमार विनोद साव रिंकू चंद्रवंशी उदय सिंह छोटू दुबे रोशन चंद्रवंशी नीतीश चंद्रवंशी मदन चंद्रवंशी प्रेम गुप्ता राजीव चंद्रवंशी राहुल चंद्रवंशी गोलू कुमार रणधीर गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे कृषराज राधा रानी माधव प्रभु आयुषी रानी आस्था कुमारी लकी कुमार कुमार सानू एवं अन्य बच्चों ने वंदे मातरम गीत गाया।

### जिला प्रशासन से बालू उपलब्ध कराने की मांग

**मेदिनीनगर।** भाकपा के पूर्व राज्य सचिव केडी सिंह ने जिला प्रशासन से अपील किया है कि आम लोगों को बालू मुहैया कराई जाए। ज्ञात हुआ है कि पलामू में बालू का अवैध उठाव रोकने के लिए कई दंडाधिकारी नियुक्त किए गए। लेकिन प्रशासन ने यह नहीं बताया कि जिन्हें 2-4 ट्रैक्टर बालू की जरूरत है वह कैसे प्राप्त करेंगे। सबके पास एकमुश्त 22हजार नहीं है कि एक हाईवा बालू खरीद ले। बालू की किल्लत के कारण दिहाड़ी मजदूर, मिस्त्री, सत्तू दुकान, छठ बस सीमेंट की दुकान सब के सब परेशान हैं। खनन प्रशासन बालू माफिया को छूट देकर बालू का संकट खड़ा कर रखा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि उचित टैक्स लेकर ट्रैक्टर को बालू उठाव की अनुमति प्रदान की जाए। या फिर मेदनीनगर सहित पलामू जिला के अन्य कस्बों में बालू का रेट निर्धारित कर बालू की आपूर्ति की जाए। ताकि आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को 40 रुपये बोरा की दर से बालू ना खरीदना पड़े।

# टीम चैलेंजर: सड़क सुरक्षा को लेकर कर रहा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने अपने नाम के अनुरूप काम करते हुए सड़क पर दिन प्रतिदिन बढ़ते दुर्घटना को रोकने का प्रयास को चैलेंज के रूप में लेते हुए शहर के विभिन्न चौक जैसे रेडमा चौक, कचहरी चौक, छः मुहान व सदीक चौक के साथ- साथ छः मुहान से लेकर केचकी तक लोगों को सड़क सुरक्षा के नारे के साथ बैनर लगा कर जागरूक करने का प्रयास किया। ज्ञात हो की चैलेंजर परिवार ने पहले भी सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न पलामू के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर शहर में बढ़ते सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया था। चैलेंजर परिवार ने उपायुक्त, पुलिस अधिक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, टैफिक प्रभारी शहर थाना मेदिनीनगर पलामू एवं एनएचएआई कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर दुर्घटना को नियंत्रित करने हेतु उचित कदम उठाया था। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आप लोग हेलमेट के लिए लोगों को जागरूक करें बाकी काम देखता हूं। चैलेंजर परिवार ने बताया कि रांची रोड स्थित भगवती हॉस्पिटल, पेट्रोल पंप व हवाई अड्डे पास बैरिकेडिंग तो लग गया है पर उसका सूद लेने वाला कोई नहीं है। एक जगह ड्रम लगा है जिसमे कितने लोग टकराकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। टीम चैलेंजर परिवार अनुरोध करती है कि सड़क पर सावधानी से चले व नया वर्ष तो हर बार आते रहता है।



### पुलिस ने अवैध महुआ शराब को किया नष्ट

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा एक घर से करीब 100 लीटर महुआ शराब बरामद कर उसे वहीं पर नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रहा था कि सुआ गांव में अवैध महुआ शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। इसी के आधार पर रविवार की देर शाम सुआ गांव में छापामारी अभियान चलाकर शराब जप्त किया गया और उसे नष्ट कर दिया गया है। वही पुलिस की गाड़ी को देख शराब तस्कर शराब छोड़ कर फरार हो गए उनके नाम पता जानने के बाद उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### गिरजाघर में प्रभु यीशु को ईसाई धर्मवालंबी ने किया याद

**नावा बाजार।** पलामू क्रिसमस खोले नवा बिहार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजहरा पंचायत के कोठी गिरजाघर में प्रभु यीशु के चरनी ईसाई धर्मवालंबी युवक- युवतयो द्वारा रविवार को बेहतर रूप से गिरजा घर को सजाया गया। चरनी में प्रभु यीशु को जन्म दिखाया गया। मौके पर फादर अग्रेस्टीन कुजूर ने बताया कि गिरजाघर में धर्मावलंबी द्वारा देर रात प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु ने जन्म लिया। इसके उपरांत आज दिनभर खिस्ता जन्मोत्सव के उपलक्ष पर विशेष पूजा अर्चना के साथ प्रार्थना की जायेगी । खिस्ता जन्मउत्सव का मुख्य उद्देश्य पूरे दुनिया को शांति का संदेश देना है।

धार्मिक

## सभी गिरजाघरों में इसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु को किया याद

# पलामू में शांति व मानवता का संदेश के साथ मना क्रिसमस का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में क्रिसमस का धूम रहा और नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया और साथ ही एक दूसरे को बधाई दी। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में स्थित सीएनआई चर्च, यूनियन चर्च, स्टेशन रोड स्थित रोमन कैथोलिक चर्च, शाहपुर स्थित सीजीएम चर्च सतबरवा तुम्बागड़ा स्थित बिहार मोनोनाइट के अलावा रामगढ़ प्रखंड के कुंडा पानी व नौडीहा स्थिति चर्च में मसीही समुदाय के द्वारा धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरजाघर में शहर के आम नागरिकों की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी। सभी ने प्रार्थना कर अपने प्रभु को नमन किया। चर्च में पादरी के द्वारा विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। पल्ली पुरोहित फादर मोरिस कुजूर ने बताया कि पर्व को लेकर चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया जाता है जो प्रभु यीशु से जुड़ा हुआ होता है। उनके जीवन का संदेश देता है। कई शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर लोगों को ताली बजाने पर विवश कर दिया। क्रिसमस पर्व को लेकर इसाई समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। बाजारों में भी गहमागहमी रही। लोगों ने अपने प्रियजनों को आकर्षक उपहार देकर एक-दूसरे को बधाई दी। फेसबुक, वाट्सएप, ट्वीटर, मोबाइल आदि के माध्यम से अपने प्रियजनों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कई संस्थानों में बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम पेश कर लोगों को ताली बजाने पर विवश कर दिया। मसीही विश्वासी होने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रात्रि जागरण किया। शहर के स्टेशन रोड स्थित यूनियन चर्च में शाम 6 बजे से रात्रि तक जागरण व पूजा का अनुष्ठान किया गया। क्रिसमस को लेकर चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मसीही विश्वासियों ने चर्च में चरनी को भी सजाया जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बना। यूनियन चर्च के पादरी प्रभु रंजन मसीह के देखरेख में रात्रि में जागरण का कार्य हुआ। प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में गीत भी प्रस्तुत किया गया। पादरी प्रभु रंजन मसीह प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया। और लोगों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जगत में यीशु का जन्म, शांति व प्रेमानंद के लिए हुआ है। समाज में बेहतर वातावरण तैयार हो इसके लिए आवश्यक है कि प्रभु यीशु के संदेशों को आत्मसात करें और उसके आधार पर समाज में सेवा सहयोग प्रेम व भाईचारे की भावना को विकसित करें।



**मोमबत्ती की बढ़ी डिमांड :** चर्च में प्रार्थना के दौरान लोगों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर यीशु को नमन करने की एक प्रचलन है। इसे लेकर लोगों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर यीशु को नमन किया जाता है। शांति की महारानी चर्च के बाहर मोमबत्ती बेचने वाले कई दुकानदारों के द्वारा मोमबत्ती की डिमांड के अनुरूप मोमबत्ती को कीमतों से अधिक में बेचा गया। कुछ स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया। परंतु एक दिन के लिए हुई दामों में वृद्धि को लोगों ने समझा।

**युवक युवतियों की भीड़ रही अधिक :** चर्च में क्रिसमस के अवसर पर जहां बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों की संख्या रही। वहीं युवक और युवतियों की भी संख्या अधिक देखने को मिली। स्कूल और कॉलेज व कोचिंग में पढ़ने वाले युवकों ने अपने दोस्तों के साथ चर्च में आकर प्रभु यीशु को नमन किया। अपने दोस्तों के साथ सेल्फी भी लिए। इस दौरान कई युवकों ने क्रिसमस के महत्व को भी समझने का प्रयास किया और क्रिसमस के पर्व को एक बेहतर याद के साथ मनाया।

### कोरोना के खतरे को अनदेखा कर रहे नागरिक

शहर में जहां एक ओर क्रिसमस की धूम रही वही लोगो मे कोरोना के बढ़ते खतरे को लेकर अभी भी लापरवाही बरती जा रही है। चर्च में जहां लोगो की भीड़ जुटी रही वही कोरोना के नियमों का पालन भी नहीं किया गया। सामाजिक दूरी का कोई भी पालन नही किया गया और कुछ लोगो के द्वारा ही मास्क का भी प्रयोग किया गया। जिससे खतरा बढ़ने की संभावना है।

# जनता दल की एक दिवसीय बैठक संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रविवार को पड़वा प्रखण्ड मुख्यालय अंर्तगत हनुमानगढ़ी मंदिर (सहदेव नगर ) के प्रांगण में राष्ट्रीय जनता दल की ओर से एक दिवसीय बैठक आयोजित की गयी ।इस बैठक का अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा जी एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार यादव द्वारा किया गया ।इस बैठक में सर्वसम्मति से राजद का प्रखण्ड अध्यक्ष पड़वा श्री उपेन्द्र कुमार मेहता जी ,युवा प्रखण्ड अध्यक्ष श्री ज्ञानप्रकाश मौर्य जी एवं राजद अनु०जाति प्रकोष्ट के प्रखण्ड अध्यक्ष श्री राममहल पासवान जी को चयन किया गया ।साथ ही पाटन प्रखण्ड मुख्यालय अंर्तगत पाटन हाई स्कूल के प्रांगण में राजद पलामू जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा जी के अध्यक्षता में संचालन जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पलामू संतोष कुमार यादव के द्वारा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पाटन के प्रखण्ड अध्यक्ष जनाब रहमतुल्लाह अंसारी जी को चयन किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से पलामू युवा जिला अध्यक्ष जनाब फैजूल हक रासिद, प्रदेश स्तरीय नेता श्री रामनाथ चन्द्रवंशी , प्रदेश स्तरीय नेता श्री ईश्वरी मेहता, प्रदेश स्तरीय नेता श्री धनन्जय पासवान, वरीय जिला उपाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पलामू संतोष कुमार यादव, जिला प्रधान सचिव श्री सुशील कुमार यादव, जिला स्तरीय नेता गण हंसराज यादव,जयशंकर ठाकुर, संतोष यादव, शत्रुध्न साव, रविन्द्र यादव, मुस्ताक अहमद, अरुण दूबे,मो अस्लम जमाली, खुर्शिद अहमद,मो मिन्हाज, ओमप्रकाश गुप्ता युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष, मन्टू भुइयां, रामराज भुइयां, केदार साहू, उपेन्द्र कुमार यादव, ओमप्रकाश भुइयां , प्रह्लाद महतो सहीत सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बांस में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के हलिवंता गांव में ससुराल आए 25 वर्षीय रवि कुमार पिता सुंदर चड्ढा क शव रविवार की अहले सुबह घर के बाहर बांस में फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दी है। मृतक ग्राम पुनन चौकी, थाना दुगोरा, जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश का निवासी था। रवि कुमार अपने ससुराल आया था। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि कुमार के घर वालों को इसकी सूचना दे दी गई है। उसके स्वजन श्री बंशीधर नगर आ रहे हैं। घटना के संबंध में पत्नी कुछ भी नहीं बता रही है, वह सिर्फ रो रही है। पुलिस उसके स्वजनों के आने का इंतजार कर रही है।

### पिकअप के धक्के से एक व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मुख्य पथ के किनारे सब्जी बाजार में पिकअप के धक्का से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल सुमित भेंगरा लातेहार से अपने मामा के घर क्रिसमस त्योहार मनाने भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी सुनील मुंडा के घर आया था। सुमित भेंगरा अपने मामा के घर से बाजार में समान लेने आया था। हाई स्कूल के समीप लगने वाले सब्जी बाजार के पास रोड के किनारे गाड़ी खड़ा कर भाई के इंतजार कर रहा था। इतने में बाजार की ओर जा रहे अज्ञात पिकअप धक्का मार कर भाग गया। घायलावस्था में स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक अस्पताल भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया।

### क्रिसमस पर फादर ने प्रभु यीशु के संदेशों को पढ़कर सुनाया

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के नया खांड ग्राम स्थित संत स्टीफन चर्च में शनिवार की रात ईसा मसीह का जन्म दिवस आस्था, हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के जन्मदिवस के पूर्व मेदिनीनगर विसप हाउस फादर मोरिस टोप्पो के द्वारा पूजन कार्य संपन्न कराया गया। बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित होकर चर्च में पूजा किये। मौके पर चर्च के फादर मोरिस टोप्पो ने प्रभु यीशु को मानवता का उद्धारक तथा गुनहगारों को क्षमा करने वाला सच्चे मसीहा बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु ने पूरी दुनिया में प्रेम, दया, क्षमा एवं विश्व बंधुत्व की जो शिक्षा दी उस पर चलकर इंसानियत को अपना सर्वश्रेष्ठ मंजिल मिल सकता है। ईसा मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर चर्च को फूल व गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। साथ ही पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। प्रभु यीशु के जन्म दिवस के अवसर पर कैंडल जलाकर लोगों ने प्रार्थना किये।

## राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

# विषम हालात में निखरती है प्रतिभा: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित दो दिवसीय स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 2022 का रंगारंग समापन हुआ। शहर के मेलोडी मंडप में शनिवार को समापन मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त रमेश घोलप ने दीप जलाकर किया। डीसी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### खेल संसाधनों की कमी : डीसी

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गढ़वा में राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का काफी बेहतर तरीका से आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी बात है। आयोजक मंडली एवं प्रतिभागियां को इस सफल आयोजन के लिए डीसी ने बधाई दिया। उन्हांने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के अन्य जिलों में भी खेल संसाधनां की काफी कमी है। इसके बावजूद




राज्य के विभिन्न जिलां से काफी संख्या में प्रतिभागियां ने इस आयोजन में भाग लिया और बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया। यह खिलाड़ियों के जज्बा को प्रदर्शित करता है। आज के समय में विभिन्न खेलों में झारखंड ने काफी प्रतिभाओं को दिया है। झारखंड से निकलकर बहुत सारे खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर नाम रौशन किया है। उन्हांने कहा कि इससे यह साबित होता है कि प्रतिभा सिर्फ बड़े शहरां में या बहुत अधिक संसाधनों के बीच पैदा नहीं होती है बल्कि अक्सर यह देखा जाता है कि काफी कम संसाधन एवं विषम परिस्थितियां में भी बेहतर प्रतिभाएं ज्यादा निखरकर सामने आती हैं।

### विजेता खिलाडियों की सूची

डीसी ने सभी विजेता प्रतिभागियों के बीच मेडल एवं ट्रॉफी का वितरण किया। इस प्रतियोगिता में आठ किलोमीटर यूथ गर्ल में मिनी हेम्बम - पाकुड़ ने प्रथम अंजली एक्का - रांची ने द्वितीय सीमा उरांव - लोहरदगा ने तृतीय अनिता उरांव - रांची ने चतुर्थ तथा अल्पना कुमारी - रांची ने पंचम स्थान प्राप्त की। आठ किलोमीटर सब जूनियर गर्ल में सरिता कुमारी - लोहरदगा, संतोषी - लोहरदगा, सिंधु लता हेंब्रम - रांची, श्वेता कुमारी - रामगढ़, सबीना कुमारी - रांची, पांच किलोमीटर यूथ गर्ल में मिनी हेंब्रम - पाकुड़, अल्पना कुमारी - रांची, अंजली एक्का - रांची, सीमा उरांव - लोहरदगा, पांच किलोमीटर यूथ ब्वाय में विकाश उरांव - रांची, शुभम कुमार - रामगढ़, अर्जुन कुमार - रांची, निखिल लोहरा - रांची, पवन उरांव - लोहरदगा, पांच किलोमीटर सब जूनियर ब्वाय में रांची के नारायण महतो, पृथ्वी राज सिंह, सुशांत उरांव, दीप राज उरांव - लोहरदगा, बबिंदर सिंह - बोकारो, पांच किलोमीटर सब जूनियर गर्ल में सरिता कुमार - लोहरदगा, सिंधु लता हेंब्रम, सबीना कुमारी, तारा मिंज - रांची, श्वेता कुमारी - रामगढ़, 10 किलोमीटर मेन एलिट में अक्षय कुमार - रामगढ़, प्रथम कुमार शर्मा - रांची, सुरेश कुमार सेन - रामगढ़, अमीर रेयाज - गढ़वा, वैभव कुमार ठाकुर - रामगढ़, 10 किलोमीटर मेन जूनियर में नरेंद्र हांसदा - जमशेदपुर, 10 किलोमीटर मास्क स्टार मेन एलिट इंडियन साइकिल में हिंदु हांसदा - सरायकेला, सुंदर मुर्मू - सरायकेला, कर्मू महतो - जमशेदपुर, कौशल कुमार महतो - गिरिडीह, रवि कुमार - धनबाद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद कुमार झा, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अनिता दत्त, रेखा चौबे, दया शंकर गुप्ता, अरविंद दुबे, गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, चेयरमैन अनिल पांडेय, राकेश पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती पर समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केसरी ने कहा कि भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों के प्रतिमूर्ति थे। उनमें राष्ट्र प्रथम का जज्बा कूट कूटकर भरा हुआ था। वे अपने त्याग, तप, दृढ़संकल्पित होकर देश व गरीब कल्याण को ध्यान में रखकर भारत मे सुशासन देखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता के कारण देश की सवा सौ करोड़ जनता उन्हें माथे का




उज्ज्वल तिलक मानती थी। उनके विचारों को सुनने के लिये सभा मे पक्ष हो या विपक्ष हो लाखों लोग जमा होते थे। श्री केसरी ने कहा कि आज नरेन्द्र भाई मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनकर उनके अधूरे कार्यो को पूर्णरूप देने में रात दिन लगे हैं। इसके बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुना। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, सुजीत कुमार अग्रवाल, सोबराती खां, इस्माइल अंसारी, सलीम अंसारी, मुन्ना गुप्ता, अरुण कुमार, प्रकाशचंद्र सेठी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऑटो व बाइक की टक्कर में एक युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआंव/गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गहेड़ी सरकारी स्कूल तीन मुहान के पास दोपहर लगभग बारह बजे कांडी-मंझिआव मुख्य पथ पर ऑटो व बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही टेंपो चालक को किसी भी प्रकार की चोट नहीं पहुंची है। बताते चले की टेंपू चालक सुदामा राम ग्राम खरसोता का निवासी है। बाइक चालक सतबहिनी कांडी प्रखंड निवासी राजकुमार राम का पुत्र अम्रेश कुमार है। वही सुदामा राम टेंपू से मंझिआंव से उंटारी रोड, पलामू की ओर जा रहा था और अम्रेश कुमार होंडा शाइन बाइक सतबहिनी से मंझिआव की ओर जा रहा था। बाइक चालक ने बताया कि टेंपू अपने दाहिने हाथ से इशारा करते हुए अपने टेंपू तिनमुहान



उंटारी रोड की ओर मोड़ दिया ओर मैं समझ नही पाया और सामने टेंपू से टक्कर हो गई। वहीं उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक तेज गति से बिना हेलमेट पहने आ रहा था जिस कारण बाइक चालक ज्यादा चोटिल हुआ है।

दुर्घटना की खबर मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो दुर्घटना का जायजा लेते हुए अपने सिपाहियों के द्वारा बाइक को जब्त कर थाने मंगा लिया गया।

# कृत्रिम हाथ-पैर प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में रविवार को श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सौजन्य से लायन्स क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव,भाजपा नेता सिधेश्वर लाल अग्रवाल,अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता गुप्ता व सेवानिवृत्त डॉ सिद्धनाथ प्रसाद ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया.शिविर में उपस्थित डॉ एच




के साहू द्वारा निःशक्त मरीजो का जांच किया गया। सचिव लायन हर्ष अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 206 मरीजों का जांच कर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के लिये नाप लिया गया तथा एक व्यक्ति का पैर प्रत्यारोपण किया गया। आगामी 15 दिनों के बाद पुनः शिविर आयोजित कर मरीजो का निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण किया जायेगा। शिविर में लायन उमेश अग्रवाल,लायन विनय कश्यप, लायन राहुल पाल,लायन अरविन्द गुप्ता, लायन अरुण कुमार, लायन चंदन केसरी, लायन संतोष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## प्राकृतिक वादियों के बीच पनघटवा डैम की छटा देखते ही बनती है

# चलिए चलते हैं पनघटवा डैम!

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** नए वर्ष में घूमने का मन बना रहे हैं तो आप सीधे जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड डंडई के पनघटवा डैमआईये। यह स्थल बिल्कुल रूप से एक पिकनिक स्पाट है, जो आपका मन मोह लेता है। तीन ओर से घिरे जंगलों के बीच अवस्थित डैम प्रकृतिवादियों से भरा-पूरा है। जो अपनी अनोखी छटा से सैलानियों का मन मोहने का काम करता है । डैम के हिचकोले पानी जहां सैलानियों को लुभाते रहता है वहीं शाही जोगियां और भंडारों पहाड़ की रंगीन वादियां भी सैलानियों को प्रत्येक वर्ष अपने पास बुलाने को मजबूर कर देता है ।इतना ही नहीं सैलानियों को बैठने के लिए उत्तम प्रबंध के रूप में मार्बलयुक्त दो यात्री शेड भी पनघटवा डैम की अलग पहचान है। थकान के बाद अनोखे डिजाइन के बने यात्री शेड में बैठकर



सैलानी आराम भी करते हैं।

### आवागमन का साधन

प्रखंड मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। प्रखंड मुख्यालय होते बैरिया दामर और ठग मनवा गांव होते उक्त स्थल पर पहुंचा जा सकता है । उसके अलावा लवाही भाया रारो, बेलवा टीकर गांव होते भी वहां पर जाया जा सकता है। सैलानी जैसे जैसे डैम के करीब पहुंचते जाते हैं वैसे वैसे डैम से सटे पहाड़ो की वादियां उनकी नजरें चुराने लगती है । डैम पहुंचने से पहले ही पहाड़ों की सुंदरता को निहारना उनके लिए मजबूरी हो जाता है ।वे बेबाक रूप में जंगलों में प्रवेश कर पहाड़ों का भ्रमण करने लगते हैं । इस दौरान उन्हें कई तरह के जानवर और रंग बिरंग की पक्षियां भी दिखाई पड़ती है । जहां वे उनके साथ सेल्फी लेने से भी परहेज नही करते हैं। नए वर्ष के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष बड़ी तादाद में सैलानी लोग उक्त स्थल पर पहुंचते हैं ।

# बंदरों का प्रकोप : फसल को पहुंचाया नुकसान, घर उजाड़े



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** बनसानी पंचायत के झगड़ाखांड गांव में बंदरों के प्रकोप से खेती बारी को भी नुकसान कर रहे है ।यहां तक कि गरीब परिवारों के फूस एवं खपरैल वाले छत को भी बंदरों द्वारा नोच कर उसे उखाड़ दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए झगड़ाखांड गांव के युगलकिशोर पाठक, बसंत पाठक, अयोध्या पाठक, मुद्रीका पाठक, रामनाथ साह आदि ने बताया कि सुबह होते ही बंदरों का झुंड गांवों में आकर खेतों में लगी सब्जी की खेती को तोड़ ताड़ कर बर्बाद कर देता है। इसके बाद बांकी समय में बंदर खपरैल एवं फूस के छप्परों पर आतंक मचाते रहते हैं। खपरैल एवं फूस की छप्पर को नोंच नोंच कर छप्पर को बर्बाद किया जा रहा है। अभी तक इन बंदरों ने किसी को शारीरिक क्षति नहीं पहुंचाई है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से आग्रह करते हुए बंदरों के आतंक से मुक्त कराने की मांग की है।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त बीएसकेडी पब्लिक स्कूल में रविवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष आनंद, विद्यालय के संस्थापक अनिरुद्ध प्रसाद सोनी, जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विद्यालय के निदेशक संजय सोनी एवं कृषि उत्पादन बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से खेल का झंडोतोलन कर एवं मशाल जलाकर इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा के बच्चों के लिये 40 प्रकार के विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवालों को पुरस्कृत किया गया। खेल के शुरूआत के पूर्व छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक रूप से बैंड बाजे के साथ मार्च पास्ट भी किया गया।

### खेलकूद जरूरी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिता पूर्ति ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। बेहतर कैरियर निर्माण के लिए सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि खेल से तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ लोगों से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है. उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिये विद्यालय प्रबंधन की काफी सराहना की. डीइओ ने कुछ देर तक बैठकर खेलकूद प्रतियोगिता आनंद लिया। इस अवसर पर निदेशक संजय सोनी ने कहा कि उनके विद्यालय में नीचली कक्षा से लेकर उपर की सभी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। उनके विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये अन्य कई गतिविधियां भी चलायी जाती हैं। उन्होंने विद्यालय स्थापना के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला।

### धूमधाम से मना क्रिसमस पर्व

**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र में ईसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर ईसाई समुदाय द्वारा चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। भंडरिया सीएनआई चर्च में फादर अलेक्सियुस गुड़िया, खजूरी चर्च में फादर सुखलाल पन्ना, कंजिया चर्च में फादर खीस्टोफर डुंगडुंग और नोर्बट तिर्की ने विशेष प्रार्थना कराई। इस मौके पर चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ईसाई समुदाय के लोगों को इस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहा करता है। यह पर्व आते ही लोग खुशी से झूम उठे। बच्चे बुढ़े जवान सभी लोगों ने सुबह में ही नहा कर नए कपड़े पहन कर अपने गांव के चर्च में पहुंच गए थे। चर्च में फादर ने विशेष प्रार्थना सभा कराई। इस दौरान उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के संदेश को सुनाया। इस मौके पर जेम्स कुजूर, प्रभुदयाल मिंज, डेविड गिद्ध, लॉरेंस कुजूर, सोभावती कुजुर, हरिदास तिर्की, फरदीनन्द टोप्पो, जॉन पीटर गिद्ध सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### स्वर्ण पदक विजेता मिलेनीयम का छात्र आमिर रेयाज का भव्य स्वागत

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा में बीते दिन स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 2022 के 15 किलोमीटर में स्वर्ण पदक विजेता मिलेनियम पब्लिक स्कूल छात्र आमिर रेयाज नगर उंटारी के



आगमन पर भव्य स्वागत किया गया किया। इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेता आमिर रेयाज के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने हनुमान मोड़ से लेकर धुरकी मोड़ तक जुलूस निकालकर स्वागत किया। लोगों ने आमिर रेयाज के उज्जवल भविष्य की कामना भी किया। मौके पर मिलेनियम पब्लिक स्कूल निदेशक मो मुमताज राही,कोच रामप्रवेश तिवारी चेयरपर्सन नूरजहां बेगम, प्राचार्य मंजूर राही, सदर तौहिद खान,मो रियाजुद्दीन अंसारी,तस्लीम खान, हाजी नेजाम खान,सद्दाम आलम, हैदर खान, गब्बर आलम,फुलटून खान सहित अन्य लोग उपिस्थत थे।

### बड़गड़ में प्रभु यीशु का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**बड़गड़।** बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय सहित इसके आसपास के क्षेत्रों में ईसाई धर्मावलंबियों का त्योहार क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। त्यौहार को लेकर प्रखंड के विभिन्न गांव में स्थापित गिरजा घरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था वही प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के लिए लोगों ने गिरजा घरों के अलावा अपने घरों में भी पवित्र चरणी बनाकर प्रभु यीशु के जन्म उत्सव के रूप में क्रिसमस का पर्व मनाया। प्रभु यीशु के अनुयायियों द्वारा बनाए गए आकर्षक चरणी में प्रभु यीशु ने पुरोहितों द्वारा विधिवत मिस्सा पूजा अनुष्ठान के पश्चात शनिवार को मध्य रात्रि में बालक रूप में जन्म लिया। तत्पश्चात समुदाय के लोगों ने गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना कर एक - दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। पर्व को लेकर प्रखंड के काला खजुरी, सालो, गोठानी, टेंगारी, उगरा, बरकोल, बिंजपुर, टेहरी आदि गांवों में स्थापित गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा तथा मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। क्रिसमस पर्व को लेकर कैथोलिक चर्च बांड़ी खजुरी में विशेष प्रार्थना सभा एवं मिस्सा पूजा फादर मतियस बोदरा के द्वारा एवं सीएनआई चर्च कला खजूरी में डीक्कन मसीह प्रकाश बेक के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर रेजी, सहायक फादर यशवीर मिंज, फादर मार्टिन जोसेफ सहित काफी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनायी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** बड़गड़ मंडल इकाई के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 25 दिसंबर रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जयंती उनके अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजीत जयसवाल तथा भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन बूथ स्तर पर आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा मंडल इकाई द्वारा बोडरी गांव स्थित शिव मंदिर चबुतरा पर आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, रामजी उरांव, रामचंद्र सिंह, सुनीता देवी आदि वक्ताओं ने



श्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा किए गए देश हित के कार्यों एवं उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के तहत आयोजित उनके संबोधन को भी सुना। मौके पर उपरोक्त के अलावा दिलबासो देवी, सती देवी, रिना देवी, प्रेमशिला देवी, रीता देवी,अनीता देवी, कविता देवी, आरती देवी, शिवपती कुंवर, शुशीला कुंवर आदि सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खेल**

## 21वां गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# रोमांचक मुकाबले में जीता संत पॉल स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तीसरे दिन खेले गए। दो अलग-अलग मैच में शांति निकेतन स्कूल तिलदाग ने सीपी मेमोरियल को 75 रनों से। वही संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने बीएस केडी स्कूली को रोमांचक मुकाबले में छह रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में शांतिनिकेतन स्कूल तिलदाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेमंत के 61 रन, श्याम कुमार के 53 रनों के सहयोग से 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया ।सीपी मेमोरियल की ओर से अनीश यादव ने चार विकेट लिए । 179 रनों का लक्ष्य




को लेकर खेलने उतरी सीपी मेमोरियल स्कूल की टीम 103 रनों पर ही ढेर हो गई टीम की ओर से रवि कुमार ने सर्वाधिक 64 रन बनाए। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल तिल दाग की ओर से रोहित कुमार साह ने पांच विकेट लिया। दूसरे मैच में बीएस केडी पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन राज के 26 और विशाल के 14 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर मैं 9 विकेट खोकर 135 रन बनाए। संत पॉल कान्वेंट स्कूल की और से गेंदबाजी करते होए जुनैद अंसारी ने 3 विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने 10 गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर कैफ रजा के 29 ओर हैदर अली के 26 रनों के सहयोग से विजयी लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निकेतन स्कूल तिलदाग के हेमंत कुमार को वही दूसरे मैच में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला के जुनैद अंसारी को दिया गया। मैच शुरू होने से पूर्व गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने की बात कही। अंपायर की भूमिका मोसिन खान, मनीष उपाध्याय,ओर असलम खान ने निभाई वही स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार ने निभाया ।इस मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, अजित सिन्हा, राजीव रंजन,आशीष उपाधाय, दीपक, प्रवीण मिश्रा, प्रभात तिवारी ,आलोक गुप्ता, प्रिंस खान, मनीष ,अमित उपाध्याय ,साहिल खान ,रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति ,सूर्य प्रकाश, हेमंत राज अश्विनी चौबे मनीष पाठक प्रभात तिवारी दुबे अभिषेक द्विवेदी उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कुंदा(चतरा)।** राजद के पूर्व कुंदा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप प्रसाद यादव ने प्रखंड क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने को लेकर राज्य के श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने इस संबंध में बताया की कुंदा स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक डॉक्टरों की कमी है, इसके साथ ही कुंदा में कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वही प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में आज भी पक्की सड़कों का अभाव बना हुआ है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार व्याप्त होने की बात कही। मंत्री को बताया कि पदाधिकारियों के कार्यशैली से जनता परेशान है, इसमें अविलंब सुधार किया जाए।

## दोषियों को बर्खास्त कर मुकदमा करें,नहीं तो होगा आंदोलन: प्रतुल

**हेरहंज।** प्रसव कराने के मामले में पीड़िता से कान की बाली लेने का मामला तूल ही पकड़ता जा रहा है। शनिवार की शाम भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के हेरहंज पहुंचने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में आरोपित दोनों नर्सों का तबादला कर दिया। दोनों को हेरहंज से हटा दिया गया। वही तबादले पर प्रतुल ने कहा की कार्रवाई के नाम पर प्रशासन लीपापोती कर रही है जो स्वीकार्य नही है। आरोपी सभी लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए नौकरी से बर्खास्त किया जाए। यदि ऐसा नही होता है तो बाध्य होकर आंदोलन को मजबूर होंगे। प्रतुल ने कहा कि सोमवार को पत्र लिखकर इस पूरे प्रकरण की राज्य स्तरीय टीम गठित कर जांच की मांग स्वास्थ्य मंत्री से करूंगा।

## कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**चंदवा।** राहुल गांधी के अगुवाई में देश में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में प्रखंड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष असगर खान के नेतृत्व में सुभाष चौंक से रेलवे क्रासिंग अलौदिया कामता पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। यात्रा में लातेहार जिला प्रभारी पप्पू पासवान हुए शामिल। यात्रा प्रारम्भ होने के पूर्व नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान पप्पू पासवान ने कहा कि हम भारत जोड़ने निकले हैं, कुछ तत्व हैं जो देश और संविधान को कमजोर कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली माननीय नरेंद्र मोदी सरकार की जनविरोधी नितियों की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार उद्योग घरानों की हित में काम कर रही है।

# भ्रष्टाचार व्याप्त: डीलरों की मनमानी, पदाधिकारी मौन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राशन डीलर द्वारा राशन ना देकर के प्रत्येक डीलर गरीबों का हक मारकर के अपने तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। जिसकी सुध लेने वाला जिला प्रशासन सोई हुई है। आए दिन देखा जाता है कि डीलर की शिकायत जिला प्रशासन के संबंधित पदाधिकारी को की जाती है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कही-कही कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। जिसके बाद डीलर का मनोबल और भी बढ़ जाता है। किसी भी गांव के राशनकार्डधारी से पूछा जाए कि डीलर द्वारा सही मात्रा में राशन दी जाती है तो एक भी ग्रामीण इस समर्थन में खड़ा नहीं होंगे। यह हाल प्रखंड एवं जिला के पदाधिकारी गण भी जानते हैं परंतु इस संबंध में मौन धारण किए हुए बैठे हैं। ऐसा ही एक मामला लातेहार की है।

## चिंतनीय: परहिया समाज के लोगों के सामने पेट पालना भी एक बड़ी चुनौती



1 परहिया समाज के लोगों को महज पांच किग्रा ही दिया जाता है चावल

2 डीलर द्वारा हम लोगों से 1500 रू की मांग की जाती है : ग्रामीण

### जानिए क्या है मामला

जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत नावागढ़ पंचायत के घघरी ग्राम के नावा टोली जगह है, जो जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र पर आता है। इस टोला पर अधिकांश परहिया समाज के लोग रहते है। जिनका सुध लेने नावागढ पंचायत के मुखिया प्रवेश उरॉव, पंचायत प्रतिनिधि गफार अंसारी, समाजसेवी विजय प्रसाद पहुंचे। जिन्होंने वहां के ग्रामीणों से उनकी समस्या पूछी तो ग्रामीण द्वारा उनकी अहम समस्या डीलर द्वार दी जाने वाली राशन को लेकर बताया गया। उनके द्वार कहा गया की हम गरीबों की अपने परिवार का पेट पालना ही एक बड़ी चुनौती है। नावागढ़ ग्राम के डीलर मोती उरॉव, प्रदीप प्रसाद, गुलबहार स्वयं सहायता समूह, रामतुला अंसारी, जमुना समूह इन सभी डीलरो द्वारा लोगों को चावल कम दिया जाता है और हम परहिया समाज के लोगों को केवल पांच किलो चावल दिया जाता है। चावल कम देने को लेकर पूछा जाता है तो डीलर द्वारा कहा जाता है। आप लोगों का राशन कार्ड नहीं बना है। इसलिए पांच किलो चावल दे रहे हैं। और जब बनाने के लिए कहां जाता है तो डीलर द्वारा लगभग पन्द्रह सौ रुपए की मांग की जाती है और कहा जाता है पैसा देने के बाद ही कार्ड बनाएंगे।

### ग्राम पंचायत के सभी डीलरों के साथ होगी बैठक : मुखिया

नावागढ़ ग्राम के मुखिया प्रवेश उरॉव, पंचायत प्रतिनिधि गफ्फार अंसारी, समाजसेवी विजय प्रसाद ने सामोहिक रूप से बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि जल्द से जल्द ग्राम पंचायत के सभी डीलरों के साथ बैठक की जायेगी। बैठक के बाद जनता के हित में उचित फैसला लिया जाएगा एवं संबंधित पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जाएगी। इसके साथ ही मुखिया द्वारा परहिया समाज के लोगों को राशन के कुछ सामान एवं कम्बल वितरण किया गया।

### कई लोगों का नहीं बना पाया है अब तक राशन कार्ड

पैसा नहीं देने की वजह से सुलेंदर परहिया, सविता देवी समेत दो दर्जन से अधिक लोगों का राशन कार्ड अब तकनहीं बन पाया है।
परहिया समाज के लोगों ने बताया कि एक तो हम लोगों को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ यदि नहीं मिल पाता है तो इसका मुख्य कारण बिचौलिया एवं घूसखोरी है।

### बिचौलिये हावी

सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का जब हमें जानकारी होता है, तब तक बिचौलिया गिरी एवं घूसखोरी जोरो पर होती है, जिस कारण हमे लाभ नहीं मिल पाता है। वही इस मौके पर फुलमतिया देवी, मंटू पहिया, सोनी देवी, रंजीत परहिया, कलावती देवी, महेंद्र परहिया समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# दर्दनाक: अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चालक की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** रविवार को अहले सुबह बालूमाथ थाना क्षेत्र की मगध संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित चमातू कोलियरी के 36 नंबर स्टॉक के पास कोयला लदा हाईवा वाहन की चपेट में आने से एक चालक की मौत हो गई। जिसकी पहचान रविन्द्र महली पिता स्व लछू महली ग्राम कमता थाना चन्दवा, जिला लातेहार के रूप में हुई। मृतक अपनी वाहन के पास जा रहा था। इसी दौरान हाईवा ने उसे चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। इधर बालूमाथ थाना क्षेत्र के अमारवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया। कोलियरी से कोयला का परिवहन तत्काल बाधित हो गया है। मालूम हो कि कोलियरी परिसर में सुरक्षा के मानकों का ख्याल नहीं रखा जाता है। जिस कारण आए दिन कोलियरी और इसके आसपास के क्षेत्रों में घटना दुर्घटना आम बात हो गई है। जिससे लोगों में हमेशा ही भय का माहौल बना रहता है।

## बीड़ीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बरवाडीह।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत बने कोविड सेंटरका प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 के नए वैरीएंट से निपटने को लेकर सभी व्यवस्था दुरुस्त पायी गयी। जहां 10 आक्सीजनयुक्त बेडके साथ-साथ वेंटिलेटर समेत अन्य सभी सुविधाओं को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रंजनके नेतृत्व में दुरुस्त कर दिया गया है। जिसके बाद किसी भी समय कोविड-19 बढ़ने पर स्वास्थ विभाग की टीम उससे निपटने को लेकर तैयार है। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रंजन, वेद प्रकाश, विकास कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पर्यटन : नव वर्ष से पूर्व केचकी संगम में पिकनिक मनाने के लिए उमड़े सैलानी

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** नव वर्ष से पूर्व बेतला वन क्षेत्र के केचकी कोयल नदी के संगम तट पर मझीआंव नगर पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष सुमित्रा देवी समेत ग्रीन वैली इंटरनेशनल कॉलेज पलामू व अन्य विभिन्न विद्यालय एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के समूह सहित सैलानियों ने सामूहिक रूप से पिकनिक मनाया। पूरे दिन तरह-तरह के व्यंजन की तैयारी चलता रहा। जो देर शाम 4:00 बजे तक संपन्न हुआ। इसके पश्चात विशेषकर युवा वर्गों ने प्रकृति के सौंदर्य नजारा पर एक से बढ़कर एक सेल्फी लेते दिखाई दिये। नए वर्ष के अवसर पर सैलानियों की चहल-पहल शुरू हो गई है। लोगों ने खुलकर मौज मस्ती



एवं जश्न मनाया। एवं एक दूसरे को नए वर्ष का स्वागत करते हुए बड़ी ही उत्साह के साथ पिकनिक मनाया। इधर सैलानियों ने कोयल नदी के संगम तट के किनारे स्थापित मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि, स्वास्थ्य, धन यश मान सम्मान, एवं उन्नति प्रगति तथा विकास की ईश्वर से दुआ मांगी गई। सुबह से ही लोगों की समूह एकत्रित होते हुए दिखाई दिए थे। और साथ ही लोगों ने एक दूसरे को उज्जवल भविष्य के लिए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर लाला सिंह, लक्ष्मण सिंह, विनय सिंह, संजय प्रसाद कमलापुरी, विनय पाठक, वीरेंद्र सोनी, अवधेश राम, शजाद खान , शाहिद खान, बैजनाथ राम, नन्हे,रुस्तम अंसारी, कलीम खां अशोक कमलापुरी, तौकीर खान, टूजू खान सहित अनय लोग मौजूद थे।

## जंगली सूअरों नें फसल किया बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के बेंदी पंचायत अंतर्गत कोदाग गांव में शनिवार की रात लगभग ढाई एकड़ में लगे गरमा धान की फसल को जंगली सूअरों ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया।

### क्या कहता है पीड़ित

इस आशय की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान भगवती सिंह ने बताया कि हम लोग प्रत्येक वर्ष खरीफ फसल के साथ-साथ बड़े पैमाने पर पहाड़ द्वारा प्राकृतिक पानी से खरीफ फसल के साथ-साथ गरमा फसल भी करते हैं जिससे मेरा परिवार का भरम पोषण होता है और रोजी रोजगार का यही मात्र एक सहारा भी है लेकिन शनिवार की देर रात जंगली सूअरों का झुंड ने लगभग ढाई एकड़ में लगे धान की गरमा फसल पूरा तरह से बर्बाद कर दिया है जिससे लाखों रुपए की क्षति हो गई है। वही इसकी सूचना मिलने के पश्चात बेंदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव मौके पर पहुंचकर क्षति हुई फसलों का जायजा लिया और हर संभव किसानों को कृषि विभाग से मिलने वाले क्षतिपूर्ति का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर किसान सुरेश्वर सिंह सोहर सिंह,अमरनाथ सिंह गारजू अगरिया, विजय सिंह, जंगाली सिंह, संतोष सिंह आदि थे।

## छेछाड़ी में धूमधाम से मना क्रिसमस

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** प्रभु यीशु का जन्मोत्सव शुक्रवार की रात प्रखंड के विभिन्न चर्चो में धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही रात के 12 बजे सभी चर्च की घंटियां बज उठी। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। माता पल्ली संत जोसेफ चर्च सहित गोठगांव, चिरोपाठ, साले पकरीपाठ तुंन्दटोली, चेतमा, दौना के अलावा रामपुर स्थित आराधनालय में यीशु के जन्म दिन के अवसर पर शुक्रवार मध्य रात्रि में विशेष प्रार्थना हुई व बाइबिल का पाठ किया गया। गिरिजाघर में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना सभा में शनिवार मध्य रात्रि एवं रविवार सुबह को हिस्सा लिया। फादर दिलीप, फादर एमके जोश, फा सुरेश एवं विभिन्न गिरिजाघरों के पुरोहितों ने उपस्थित लोगों को क्रिसमस की बधाइयां दी। वही इस मौके पर ईसाई समुदाय के लोगो ने मान्यता अनुसार धरती के अंधकार को मिटाने के लिए विभिन्न गिरिजाघरों में कैंडल भी जलाया। इसी के साथ प्रभु यीशु का जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व विभिन्न चर्चों एवं अखड़ा में युवक युवतियों ने ह्याआवा-आवा भाई मने आवा..., आज जन्म ले लैं, यीशु मसीह... चरनी उपरे का तारा टीम टीम चमके ला... गीत झूमते नाचते गाते दिखे।

# एनटीपीसी में पूर्व प्रधानमंत्री की मनायी गयी 98वीं जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को एनटीपीसी के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित अटल परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परियोजना स्थापना काल के दौरान वर्ष 1999 में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री के बनाए गए आदमकद प्रतिमा पर सभी ने पुष्प माला अर्पित किया।

### बाजपेयी के व्यक्तित्व प्रेरणास्त्रोत

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक व मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष समेत सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय व अन्य मौजूद थे। सभी ने भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृतित्व को प्रेरणास्त्रोत मानते हुए उनके गुणों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके साथ हीं एनटीपीसी प्रबंधन की ओर से जीजीएम तजिंदर गुप्ता द्वारा अटल परिसर को आकर्षक बनाने के प्रस्ताव को स्वीकार करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इसके पश्चात लगभग दो सौ जरूरतमंदों को कंबल दिए गए। मौके पर अक्षयवट पांडेय, गोविंद तिवारी, रमेश राणा, गणेश प्रसाद साहू, महेश वर्मा, उदय पांडेय, शंकर चौरसिया, प्रीतम साव, सुमन भारतीय, युगल किशोर बैठा, फुलचंद साव, संजीव पांडेय, धनंजय पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

# पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड/गिद्धौर(चतरा)।** जिले के मयूरहंड व गिद्धौर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब भट्टी संचालन के विरुद्ध अभियान चलाकर कर्रवाई की गई। मयूरहंड थाना क्षेत्र के सोकि एवं ढेवादौरी के बराकर नदी के किनारे तथा फुलांग शमशान घाट व गोरिया नदी के किनारे अवैध रूप से संचालित महुआ देशी शराब की भट्टी को पुलिस ने अभियान चला कर ध्वस्त किया। इसके अलावा अवैध महुआ निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सभी उपकरणों को विनष्ट किया गया। लेकिन संचालक पुलिस को देख पहले ही भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने बताया की अवैध शराब निर्माण में जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। पहचान होने पर उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी



कार्रवाई की जाएगी। अभियान में थाना प्रभारी के साथ सअनि पंकज कुमार आदि शामिल थे। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान चलाकर गिद्धौर थाना क्षेत्र के कुबरी व गिद्धौर के जपुआ जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की दो भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस क्रम में सैकड़ों लीटर शराब को नष्ट किया गया। हालांकि मौके एक भी संचालक नही पकड़े गए, सभी पुलिस को देख पहले ही भग गए थे।

## शहीदों के सम्मान में निकली कलश यात्रा का लातेहार में भव्य स्वागत

# अहीर रेजिमेंट का गठन करें

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** रेजांगला धाम (लद्दाख) से वीर शहीद अहीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई भव्य कलशयात्रा रविवार को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के नेतृत्व में लातेहार जिला पहुंची। इस कलश यात्रा में रेजांगला धाम के वीर शहीदों की मिट्टी से भरे कलश को फूलों से सजे-धजे वाहन से लाया गया था। सर्वप्रथम यह यात्रा चंदवा प्रखंड के लुकुईया मोड़ पहुंची, जहां बालूमाथ, चंदवा, बारियातू व हेरहंज के महासभा पदधारियों व कार्यकताओं ने स्वागत किया व शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। यहां से कलश यात्रा लातेहार शहर पहुंचा, जहां लातेहार प्रखंड कार्यालय के पास पूर्व से जमे



प्रांतीय यादव महासभा के बरवाडीह, मनिका व लातेहार के कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा में शामिल पदधारियों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात वीर शहीदों के कलश को नमन करते हुए शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। सभा में जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी प्रसाद यादव ने कहा कि 1962 के युद्ध में भारत के 124 वीर अहीर सैनिकों ने जिस प्रकार अदम्य साहस दिखाते हुए 1300 चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया, वह हमलोगों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा लातेहार बाजारटांड़ से होते हुए मनिका शिव मंदिर पंचफेड़ी तक जाएगी, जहां लोगों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद कलश यात्रा पलामू जिला के लिए रवाना हो जाएगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी प्रसाद यादव के अलावा लक्ष्मण यादव, रंजन यादव, मोहर सिंह यादव, राजधानी यादव, प्रमीला देवी, बिजली यादव, संतोष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम | उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 510 लोग सम्मानित

# समाज से कुरितियों को दूर करें



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज-भटवा टांड में रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा चतरा की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रिपुसूदन साहू, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित थे। सर्वप्रथम समाज के लोगों ने सभी अतिथियों को फूल माला व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके उपरांत अतिथियों ने सामुहिक रूप से समाज के महापुरुष बाबा भामाशाह जी समेत अन्य महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चाता अतिथियों द्वारा समाज के वैसे लोग जिन्होंने सरकारी नौकरी समेत अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज 510 लोगों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

### क्या कहते हैं मंत्री

मंत्री श्री भोक्ता ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब शिक्षा के प्रति अग्रणी हो। लोगों को कुरीतियों को दूर कर बेहतर समाज के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए। दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए हर जरूरी उपाय किए जाने चाहिए ताकि लोग स्वतः दहेज प्रथा के विरुद्ध में खड़ा हों। वहीं बड़कागांव विधायक ने समाज के उत्थान को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि दहेज ना लें और ना दें। साथ ही अपने समाज हित के लिए 5 से 10 पर्सेंट जरूर सोचिए। शादी होती है तो दहेज की बात आती है। हम लोग बात करते हैं कि दहेज प्रथा बंद हो, लेकिन अगर इमानदारी से दिल पर हाथ रखकर बोलिए की दहेज नहीं लेंगे। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व सिमरिया विधायक ने भामाशाह जी को नमन करते हुए उनके योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में समाज के युवा प्रखंड अध्यक्ष सुधीर साव, उप प्रमुख संजय गुप्ता, जिप सदस्य सरिता देवी, भारत साव, प्रयाग साव, पेमन साव, इंद्रदेव साव, योगेश्वर साव समेत भारी संख्या में इटखोरी, मयूरहंड व कन्हाचट्टी प्रखंड के तैलिक साहू समाज के लोग शामिल थे।

## जिला स्तरीय 11वीं एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ समापन

# जीवन का अभिन्न अंग है खेलकूद: मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय 11वीं एथलेटिक्स चौंपियनशिप का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल थे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के प्रतियोगिता होने पर गांव के बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। खेलकूद अब जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। खेलकूद को अब युवा अपना कैरियर भी बना रहे है। जबकि यह आपसी सामंजस्य के साथ-साथ भाईचारे की संचार भी पैदा हो रहा है। इस दौरान मंत्री ने चौंपियनशिप में शामिल प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर




सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। चौंपियनशिप के 10000 मीटर दौड़ में बाल वर्ग में हंटरगंज सचू कुमार व बालिका वर्ग से मुस्कान कुमारी विजेता रही। 60 मीटर से 10000 मीटर तक बालक व बालिका वर्ग की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेक, छोटे बच्चों का मेंढक दौड़ के साथ अन्य प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंड से करीब 1000 अंडर 14 से 20 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, प्रमुख अनीता यादव, उपप्रमुख प्रीतम यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार पासवान, मुखिया निर्मला देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, चंदा कुमारी, संगीता कुशवाहा सहित अन्य शामिल थे।

## एटक यूनियन की बैठक में यूनियन को और भी मजबूत करने का निर्णय

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत जोगिया डीह मैदान में निर्धारित कार्यक्रम के तहत एटक मजदूर यूनियन के बैनर तले जिला अध्यक्ष शीतल साव के अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ प्रखंड के सैकड़ों महिला-पुरुष मजदूर ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान यूनियन के जिला अध्यक्ष शीतल साव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में संचालित विभिन्न उद्योग कारखानों पर 75% स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत दिया गया है। जहां लातेहार जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न कोल माइंस पर आकलन करें तो पालन नही कर रही है। इस हक को लेने के लिए हम मजदूरों को एक बैनर तले अपने राज्य में संचालित विभिन्न उद्योगों पर अपना हक के लिए आगे बढ़ना होगा।

# सिमडेगा में धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में रविवार को क्रिसमस का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर चर्चों में विशेष मिस्सा अनुष्ठान आयोजित किए गए। बिशप एवं फादरों की अगुवाई में धर्मविधि संपन्न कराया गया। क्रिसमस की अहले सुबह से सिमडेगा के सबसे बड़े सामटोली पल्ली के संत अन्ना महागिरजाघर में अनुष्ठान किया गया। जहां काफी तादाद में लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाने पहुंचे है।

बिशप विसेंट बरवा की अगुवाई में अनुष्ठान संपन्न कराया या। धर्मावलंबियों को प्रभु यीशु का संदेश सुनाया गया। उनके बीच परम प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बालक यीशु को सभी लोगों ने श्रद्धा पूर्वक चुंबन लिया।



प्रभु यीशु के बाल स्वरूप को देख सभी प्रसन्न हो उठे। चर्च में अनुष्ठान के बाद सभी अपने घर लौटे एवं परिजनों के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

खूंटीटोली जीईएल चर्च में भी बिशप मुरेल बिलुंग ने लोगों को प्रभु के आगमन और प्रेम का संदेश दिया। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व विधायक स्व.नियेल तिर्की की धर्मपत्नी लता तिर्की समेत धर्मप्रांत के मसीह समाज के सभी लोगों ने यहां प्रभु का गुणगान किया। चर्च से आने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। साथ ही घरों में बने व्यंजनों का लुत्फ उठाया।



**विधायक के पैतृक आवास में धूमधाम से मनाया क्रिसमस :** इधर विधायक भूषण बड़ा के पैतृक आवास सोगड़ा पेठियार टोली गांव में रविवार को क्रिसमस के मौके पर धूमधाम के साथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा एसपी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी शामिल रहे जहां पर सर्वप्रथम विशप मुरेल बिलुंग के द्वारा प्रार्थना करते हुए केक काटकर इसकी शुरूआत की। जिसके बाद ढोल नगाड़े की ताल पर थी रखते हुए सभी लोग क्रिसमस की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी । मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया इस मौके पर उनकी पत्नी जोसीमा खाखा सहित हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## क्रिसमस पर मरीजों के बीच फल व केक का वितरण



**यीशु खीस्त** के जन्म दिवस के अवसर पर क्रिसमस मिस्सा अनुष्ठान के बाद सामटोली पल्ली के काथलिक सभा एवं महिला संघ के संयुक्त तत्वाधान में सामटोली पल्ली के पल्ली पुरोहित फा. इग्नासियुस टेटे के साथ मिलकर सामटोली चर्च कमेटी ने सदर अस्पताल सिमडेगा में मरीजों को क्रिसमस केक एव फल देकर जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की एवं मरीजों और उनके परिजनों को दिलासा दिया। चूंकि यीशु खीस्त सभी को प्रेम न्याय और शांति का संदेश देने के लिए अवतरित हुए थे अतः हमें भी अपने जीवन काल में कर्मो द्वारा सभी के बीच शांति, प्रेम, न्याय और खुशी का पैगाम देना ही क्रिसमस का शुभ संदेश होता है। इस मौके पर विशेष रुप से सामटोली के पल्ली पुरोहित फादर इग्नासियुस टेटे, महिला संघ की सभानेत्री रोजलीन सोरेंग, अनिमा तिर्की, नीलिमा ज्योति लकड़ा,काथलिक सभा के अध्यक्ष राजन बाः, इसीदोर टेटे, अभय शांति बरवा,अगुस्टीना सोरेंग, सूचिता, आदि ने सभी वार्ड के मरीजों और कर्मियों के बीच फल और केक बांटा तथा जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की।

# लोहरदगा में याद किये गए प्रभु यीशु

## विशेष प्रार्थना में देश की उन्नति की दुआ मांगी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न चर्चो में विशेष मिस्सा पूजा और प्रार्थना का आयोजन किया गया। क्रिसमस की सुबह रविवार को विश्वासियो ने प्रभु यीशु की पूजा के लिए शरीर को स्वच्छ करके चर्च पहुचे थे। इधर मिशन चौक स्थित जीईएल चर्च में धार्मिक अनुष्ठान पादरी जॉनाथन कांडुलना, पादरी अनुराग मिंज, पादरी डेनिएल कंडुलना के द्वारा कराया गया। पादरी जॉनाथन कंडुलना ने विश्वासियो को क्रिसमस का संदेश दिया। क्रिसमस एक अनोखा पर्व है जो ईश्वर के प्रेम, आनंद एवं उद्धार का संदेश देता है। यीशु मसीह के मानव अवतार एवं जीवन ईश्वर के महान प्रेम को दशार्ता है। प्रभु येशु



गौशाले में उद्धारकर्ता के रूप में जन्मे और यह वचन पूरा हुआ कि परमेश्वर ने अपना इकलौता पुत्र जगत को दे दिया कि जो कोई उस पर विश्वास करें वह अनंत जीवन पाए परंतु नाश न होवे। कहा कि ईसा मसीह को परमेश्वर का दूत माना जाता है। वे संसार के दीन-दुखियों का दुरूख दूर करने तथा ईश्वर के वास्तविक स्वरूप को दूसरों के समक्ष प्रकट करने हेतु अवतरित हुए थे। विश्वास है कि प्रभु ईसा मसीह अपने कथनानुसार तीसरे दिन पुनः जीवित हो गए थे। इसमें मानवता के कल्याण की भावना निहित थी। प्रभु ईसा मसीह ने सादा जीवन व्यतीत करते हुए भी जो उच्च आदर्श इस संसार के सम्मुख रखे हैं वे आज भी अनुकरणीय हैं तथा चिरकाल तक अनुकरणीय रहेंगे। ईसा मसीह ने अपना सर्वस्व परमेश्वर के लिए समर्पित कर दिया था। संसार में व्याप्त दुख, विषमताओं तथा अज्ञानता को दूर करने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहे। यह त्योहार सभी हृदयों को पवित्रता के भाव से ओत-प्रोत करता है और हमें प्रेरित करता है कि अनेक कठिनाइयों का सामना करने पर भी हमें सन्मार्ग का त्याग नहीं करना चाहिए तथा दूसरों को भी पवित्रता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए यथासंभव सहयोग करना चाहिए। इधर शहर के गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व को लेकर तैयारियां कुछ दिन पहले से ही शुरू हो गई थी। गिरजाघर में आकर्षक चरणी का निर्माण किया गया था जिसमें ईसा मसीह की झांकी सजाया गया था। चर्च को सजाने के साथ ही आकर्षक विद्युत साज-सज्जा करने का काम किया गया था।बाजारों में भी चहल पहल देखी गई हैं। विभिन्न प्रकार के क्रिसमस ट्री, कार्ड, रेडियम, वॉल हैंगिंग, जिंगल बेल्स की अलग-अलग डिजाइनें बाजारों में उपलब्ध थी। क्रिसमस ट्री से लेकर कैंडल, क्रिसमस बैनर, सांता क्लॉज के ड्रेस, मॉस्क, क्रिसमस कार्ड, झूमर, लाइटिंग, थमार्कोल के स्टीकर लोगों को खूब पसंद आ रहे थे। मौके पर युवा संघ अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, प्रचारक विश्राम केरकेट्टा, सचिव नेलसन तिर्की, होशियाना तिर्की, एलिस तिर्की, जेम्स डांग्वार, समीर मिंज, संजय टोप्पो, शांति टोपनो, जेमी मिंज, फ्रेडी एक्का, सुमरारेन तिर्की, अनमोल बाबा, जयवंत मिंज, निरल बाबा, पुष्पा बाबा, सचिन, आराधना मिंज, नवीन मिंज आदि उपस्थित थे।

### भंडरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशानुसार जिले के भंडरा थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान टंच देशी शराब 180 एमएल का 29 बोतल, किंगफिशर स्ट्रॉग बीयर 650 एमएल का 12 बोतल, स्टरलिंग रिजर्व बी सेवन 375 एमएल का 01 बोतल, स्टरलिंग रिजर्व बी सेवन 180 एमएल का 03 बोतल, ओसी ब्लू व्हिस्की 180 एमएल का 01 बोतल और एमसी डावलल्स नंबर वन 375 एमएल का 01 बोतल देशी एवं विदेशी शराब के साथ अभियुक्त सूरज साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा लोहरदगा भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में



रविवार को अहले सुबह लगभग 7 बजे गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का जखीरा के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। इधर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर चलाये गये अभियान में थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर विकास कुमार विश्वकर्मा सिपाही सुधांशु शेखर एवं सशस्त्र बल शामिल थे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब खरीद बिक्री करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया गया।

### भोपाल से लौटे युवाओं का सीआरपीएफ 158 बटालियन में हुआ भव्य स्वागत

# सांस्कृतिक आदान-प्रदान से बढ़ती है युवाओं की सोच : कमांडेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के रघुटोली स्थित सी.आर.पी.एफ. 158 बटालियन और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त प्रयास से 14 वीं जन-जातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत 20 छात्र -छात्राओं का दल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल शहर का भ्रमण करके वापस लोहरदगा पंहुचा। सी.आर.पी.एफ. 158 बटालियन मुख्यालय में सभी युवाओं का भव्य स्वागत किया गया। छात्र -छात्राओ को इस कार्यक्रम में प्राप्त अनुभव के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि इसमें उन्हें बहुत कुछ सीखने व देखने को मिला । वहां के लोगो का रहन सहन संस्कृति, साफ-सफाई, विकास आदि से रूबरू होने का मौका मिला। युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय, नेहरू युवा केन्द्र संगठन भोपाल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये थे जिसमें उन्होंने भाग लिया। सभी



छात्र एवं छात्राओं को उनके प्रोत्साहन को लेकर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इधर सीआरपीएफ कैंप में क्रिसमस गैदरिंग का भी आयोजन किया गया था। अधिकारी व जवानों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। इस मौके पर सी.आर.पी.एफ. 158 बटालियन के कमाण्डेन्ट राहुल कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की सोच में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि यहाँ के युवा शहरों का भ्रमण कर वहां की संस्कृति, विकास व्यवस्था और पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर लौट आए हैं। भ्रमण के दौरान उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है जिनका लाभ उन्हें जीवन पर्यंत मिलेगा। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी सुरेंद्र सिंह, सिनियर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर शौकत अहमद भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजीत कुमार समेत बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

## 14 साल की नाबालिग बच्ची बनी मां, स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल में रविवार को 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाल संरक्षण इकाई की ओर से उक्त बच्ची और मां को संरक्षण में लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामला पाकरटांड थाना क्षेत्र की है जहां की 14 वर्षीय नाबालिग को पिछले फरवरी महीना में गांव के ही जय राम नायक नामक युवक द्वारा उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। और उसे किसी को नहीं बताने की धमकी दी इधर नाबालिग बच्ची डर के कारण किसी को नहीं बताई लेकिन परिवार वालों को 2 महीना के बाद पता चला तब जाकर गांव में बैठक करते हुए जयराम नायक को इस पर जिम्मेदारी लेने की बात कही गई। तब से लेकर लड़की अपने घर में ही रह कर 9 महीने तक उस बच्चे को अपने गर्भ में पाला और रविवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में उसने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है।

### 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू

# अष्टांग योग के पालन से ही शरीर की स्वस्थता सम्भव : प्रवीण भारती

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सर संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, वनवासी कल्याण केंद्र आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती द्वारा संयुक्त रूप से मां भारती एवं माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर में अष्टांग योग के पालन से ही शरीर की स्वस्थता सम्भव है बताया गया। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि के द्वारा निरोग और दीर्घायु जीवन सम्भव है। क्रियात्मक योगाभ्यास, विभिन्न आसन, भस्त्रिका, कपालभाति, बाह्य प्राणायाम, उज्जायी, अनुलोम




विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान से, नियमित जीवनशैली व संयमित आहार से असाध्य रोगों बीपी, शुगर, हार्ट, किडनी, लीवर, कोलेस्ट्रॉल, थायरॉइड, दमा, अस्थमा, माइग्रेन आदि से ग्रस्त रोगी भी पूर्ण निरोग होकर स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकते हैं। शिविर में आनेवाले दिनों में सभी रोगों व उनके निमित्त खानपान, योगाभ्यास के विषय में विस्तार से बताया जाएगा। मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल ने कहा कि योग सभी उम्र के लोगों के लिए बेहद कारगर है. मौजूदा समय में सभी को स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए योग, आयुर्वेद बेहद लाभकारी एवं फायदेमंद है। उन्होंने पंडित मदन मोहन मालवीय के आदर्शों को अपनाने की बात कही। कृपा प्रसाद सिंह ने योग को जीवन का श्रेष्ठ जीवन पद्धति बताया। उन्होंने मौजूदा समय के जीवन को विश मुक्त करने के लिए यह अचूक जीवन पद्धति अपनाने की बात कही। उन्होंने सभी को अपने जीवन में दो-चार लोगों को योग से जरूर जोड़ने की पहल करने की बात कही। प्रशिक्षण में जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती का सहयोग राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह, प्रशिक्षक दिनेश प्रजापति, योग प्रशिक्षिका खुशी भारती, अंकित अग्रवाल एवं अभय भारती ने किया। शिविर में योग प्रशिक्षक वासुदेव महतो, ब्रजमणि पाठक, अंकित अग्रवाल के अलावे नीरा सिंह, मधुमिता शर्मा, किरण देवी, आशा पांडे समित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

### मानवता शर्मसार | आदिवासी टोला (लोहरदगा) की घटना, दुष्कर्म के आरोपी की जीभर के पिटाई

# मासूम से दुष्कर्म, फिर गला घोंटकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत आरिया आदिवासी टोला में शनिवार देर शाम गांव के ही एक युवक ने एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित उग्र ग्रामीणों ने युवक की पिटाई करते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया । इधर मामले की सूचना मिलते ही तत्काल किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार एवं बगड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए दुष्कर्म व हत्या के आरोपी इंदर उरांव को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देने वाला आरोपी की




पहचान अरिया गांव निवासी लक्ष्मण उरांव के 19 वर्षीय पुत्र इंदर उरांव के रूप में हुई है। बच्ची की मां ने आपबीती बताते हुए कहा कि देर शाम इंदर 5 वर्ष के अबोध बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने गांव से बाहर ले गया, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया और अकेले गांव आ गया। जब आस पड़ोस और परिजनों ने आरोपी इंदर उरांव के साथ बच्ची को नहीं देखा तो बच्ची के बारे के पूछने लगे तो आरोपी इंदर ने बहाने बनाकर टाल दिया। ग्रामीणों का शक बढ़ा और मामला सामना आया। घटना से पूरे गांव के लोग आक्रोश में है और कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीण और परिजनों ने थाने पहुंच कर दुष्कर्म कर गला घोंट हत्या करने का मामला दर्ज कराया है और न्याय का गुहार लगाते हुए आरोपी को फांसी देने की मांग की है। पूरे मामले पर बगड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह का कहना है कि अरिया गांव के आदिवासी टोला में शनिवार देर शाम एक 19 वर्षीय युवक ने एक बच्ची की गला दबाकर मारने की सूचना मिली थी। आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इस संदर्भ में बगड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि बगड़ू थाना में कांड संख्या 33/22 धारा 302,376 आईपीसी 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के आरोपी इंदर उरांव पूर्व में भी अपनी दादी मां की गला दबाकर हत्या करने के मामले में जेल जा चुका है। कुछ माह पहले जेल से जमानत पर बाहर निकला है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर ग्राम पंचायत अरेया के लोगों में मातम छा गया है। इस बीच गांव समाज के लोगों का कहना है कि आरोपी इंदर उरांव ने जो घिनौना कार्य किया है उसके लिए उसे फांसी की सजा मिले फिर भी कोई गम नहीं होगा। हालांकि गांव समाज के लोगों में थोड़ी मायूसी भी है। इधर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया था जहां पर सदर अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची के शव की हालात ठीक नहीं होने के वजह से पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जिससे परिजन काफी परेशान हैं।

# लोहरदगा : घर-घर में की गई तुलसी जी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रविवार को विहिप, बजरंग दल, जय श्री राम समिति समेत अन्य सनातनी धर्म संगठन के आह्वान पर पूरे जिले के सनातनियों ने अपने अपने घरों मे तुलसी पूजा धूमधाम से मनाया। तुलसी पूजन में घर के बड़े बुजुर्गों के अलावा छोटे छोटे बच्चे भी शामिल होकर माँ तुलसी की पूजा अर्चना धूमधाम से किया। सुबह सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करके माँ तुलसी के पौधे के समक्ष धूप दीप जलाकर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की। पूजा के पश्चात बच्चों ने बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। सनातन धर्म में तुलसी पूजा की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है। हर सनातनी परिवार के आंगन में तुलसी का पौधा जरूर होता है। जिसकी सुबह-शाम पूरे श्रद्धा भाव से पूजा की जाती है। तुलसी को लक्ष्मी का



रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है की यदि घर में तुलसी का पौधा हरा भरा हो तो घर में सुख शांति बनी रहती है। तुलसी के पौधे के पास किसी भी मंत्र - श्लोक का पाठ करने से उनका अनंत गुना अधिक फल मिलता है। भूत, प्रेत, पिशाच, दैत्य आदि सब तुलसी के पौधे से दूर भागते हैं। तुलसी पूजन से बुरे विचारों का नाश होता है। तुलसी के पूजा करने वाले लोग कई प्रकार के रोगो से दूर रहते हैं और उन्हें अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया गया तुलसी पूजन दिवस



**बानो।** तुलसी पूजम दिवस के अवसर पर प्रखंड के बानो, रायकेरा, बांकी, कम्पुदा में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। रायकेरा में तुलसी पूजन के अवसर पर सामुहिक तुलसी पूजा का आयोजन किया गया था। तुलसी पूजन के बाद ग्रामीणों द्वारा तुलसी का परिक्रमा भी किया गया। मौके पर बच्चों ने भी उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। इधर बांकी पंचायत के कम्पुदा में भी ग्रामीणों द्वारा सामुहिक तुलसी पूजम का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी पूजन में जल चढ़ाने के बाद पूजा अर्चना के पश्चात लोगो की सुख शांति की कामना किया गया। मौके पर बिजय सिंह, रामकिशोर सिंह, नरेंद्र सिंह, शांति कुमारी, उर्मिला कुमारी, सरस्वती देवी, कलेश्वरी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र के किलेसेरा बरघाट गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि रविवार सुबह बरघाट उड़ीसा बॉर्डर स्थित एक तालाब में एक व्यक्ति का शव देखा गया। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने बोलबा पुलिस को दिया। तत्काल ही बोलबा पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव को तालाब से बाहर निकलवाया और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया की आमोद बारला पिछले 4 दिनों से ही लापता था।

### तेली समाज का होगा चुनाव : प्रो शिवदयाल



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा कोर कमिटि कि बैठक संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के उत्थान विकास से संबंधित कई प्रस्ताव लाया गया जिस पर सभी सदस्यों ने निर्णय लिए। 10 जनवरी 2023 से 17 जनवरी तक समाज बहुल गांवों तक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस बार जिला समिति, महिला समिति एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। जिसके लिए 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक आवेदन फॉर्म प्राप्ती एवं जमा किया जाएगा। जो निर्धारित शुल्क के साथ होगा। फॉर्म प्राप्ती एवं जमा होटल नोवेल्टी पावरगंज एवं डा टी साहू के क्लिनिक राणा चौक में किया जा सकता है। नाम वापसी 25 जनवरी से 27 जनवरी तक किया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मुख्य संरक्षक डा टी साहू, पुर्व अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, कार्यवाहक कैलाश साहू, संरक्षक अजय पंकज,कृष्णा साहू, आदि शामिल थे।

### सड़क हादसे में 2 लोग हुए घायल, एक का पैर टूटा

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई के समीप रविवार की दोपहर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए जिसमें से एक का पैर टूट गया जबकि एक को हल्की चोट लगी 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां उनकी इलाज चल रही है। घायल की पहचान कुरडेग कदम टोली निवासी प्रदीप बड़ाईक के रूप में हुई जबकि दूसरा छन्नू नायक के रूप में हुई। बताया गया कि वह अंतिम संस्कार कार्य के लिए कहीं जा रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें धक्का मारते हुए फरार हो गया जिसके बाद दोनों गिरकर घायल हो गये। इधर दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सोना- चांदी में तेजी

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में तेजी दर्ज की गई। इस दौरान सोना 350 रुपये तथा चांदी 750 रुपये बढ़ कर बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 53500 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 53850 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 64100 रुपये पर हुई वहीं विगत शनिवार के दिन 64850 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 53900 ऩीचे में 53400 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका।

### रेलवे के लिए 1200 इलेक्ट्रिक इंजन का निर्माण करेगी सीमेंस

**नयी दिल्ली।** सीमेंस की भारतीय इकाई 26,000 करोड़ रुपए के अनुबंध की शर्तों के अनुसार रेलवे के लिए 9,000 हॉर्सपावर की क्षमता वाले 1,200 इलेक्ट्रिक इंजन का निर्माण करेगी। रेलवे ने शनिवार को यह जानकारी दी। रेलवे ने इस बाबत सीमेंस को इंजन के उत्पादन और रखरखाव के लिए 'लेटर ऑफ अवार्ड' जारी किया है। रेलवे ने एक बयान में कहा, दाहोद, गुजरात स्थित रेलवे कारखाना 11 वर्षों की अवधि में 1,200 इलेक्ट्रिक इंजन का निर्माण करेगा।

### इनकम टैक्स रिटर्न भरने का आखिरी मौका 31 दिसंबर तक

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई निकल चुकी है। लेकिन बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो आईटीआर नहीं भर पाए हैं। अगर आपने भी अभी तक नहीं भरा है तो लेट फीस के साथ 31 दिसंबर 2022 तक आईटीआर भर सकते हैं। आयकर अधिनियम की धारा 139 (1) के तहत तय समय तक आईटीआर नहीं भरने पर धारा 234ए के तहत जुमार्ना लगता है।

### सस्ता हुआ शाओमी का 5जी फोन

**नयी दिल्ली।** चीनी कंपनी शाओमी ने भारत में रेडमी 11 प्राइम 5जी के दाम कम कर दिए हैं। ये स्मार्टफोन दो वेरिएंट्स में आता है। इसके 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले बेस वैरिएंट के प्राइस 1 हजार रुपए कम किए गए हैं। इससे यह 5 जीबी फोन अब 12,999 रुपए की कीमत पर मिलेगा। फोन को इस साल सितंबर में 13,999 रुपए के प्राइस पर लॉन्च किया गया था।

### रेलवे यात्रियों के लिए मिली फ्री वाई-फाई की सुविधा

**नयी दिल्ली।** भारत में रेलवे का नेटवर्क काफी बड़ा है। देश के हर एक कोने-कोने में रेल यातायात का विस्तार है। वहीं देश में हर रोज काफी लोग रेलवे से यातायात करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से यात्रियों के लिए वाई-फाई की सुविधा दी गयी है। जिससे यात्रियों को काफी लाभ मिल रहा है। लोगों को सुविधाओं का इंतजार भी था।

### दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव का भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन

# 10 को दिखाया बाहर का रास्ता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रेलवे के बाद टेलिकॉम मिनिस्ट्री में भी अश्विनी वैष्णव ने कामचोर अधिकारियों पर एक्शन लिया है। वैष्णव ने संयुक्त सचिव समेत दूरसंचार विभाग के 10 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने पर मुहर लगा दी है। भ्रष्टाचार को एकदम बर्दाश्त न करने की नीति और 'काम करो या काम छोड़ो' अभियान के तहत यह छंटनी की गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने शनिवार को इन अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त किए जाने के फैसले की जानकारी दी। पहली बार दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के पेंशन नियम 48 के धारा 56 (जे) के तहत जबरन सेवानिवृत्ति दी गई है। सूत्र ने कहा कि दूरसंचार मंत्री ने संदिग्ध ईमानदारी और भ्रष्टाचार को तनिक भी बर्दाश्त नहीं करने की सरकार की नीति के तहत दूरसंचार विभाग के 10 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त देने की मंजूरी दे दी है। इन 10 अधिकारियों में नौ अधिकारी निदेशक स्तर पर काम कर रहे थे जबकि एक अधिकारी संयुक्त सचिव स्तर का




है। दूरसंचार मंत्री ने यह फैसला हर साल सरकार द्वारा मनाए जाने वाले 'सुशासन दिवस' की पूर्व संध्या से एक दिन किया। इससे पहले सितंबर में सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के एक वरिष्ठ अधिकारी को वैष्णव की बैठक में झपकी लेते हुए पाए जाने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। रेलवे विभाग ने भी लगभग 40 अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्ति दी है। गौरतलब है कि वैष्णव के पास रेलवे मंत्रालय का भी प्रभार है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जुलाई में मंत्री पद संभाला था। तभी उन्होंने साफ कर दिया था कि जो अधिकारी काम नहीं कर सकते हैं, उन्हें घर बैठ जाना चाहिए।

## यात्रियों के लिए एयर इंडिया ने शुरू किया फॉगकेयर सर्विस

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया ने यात्रियों पर कोहरे के कारण आने वाले व्यवधान के प्रभाव को कम करने के लिए 'फॉगकेयर' पहल शुरू की है। एयर इंडिया की यह नई पहल सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण उड़ानों में देरी और रद्द होने जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में यात्रियों का ख्याल रखेगी। एयर इंडिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि फॉगकेयर पहल के तहत यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी प्रभावित उड़ानों को पुनर्निर्धारित करने या रद्द करने का विकल्प देगी। कंपनी उड़ानों के संचालन पर कोहरे का असर कम करने के लिए अपनी तरफ से सक्रियता दिखाते हुए यात्रियों से संपर्क स्थापित कर उन्हें यह सुविधा प्रदान करेगी। यात्री इसके तहत हवाईअड्डे की यात्रा नहीं करने और लंबी प्रतीक्षा की असुविधा से बचने का निर्णय ले सकते हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 57.1 करोड़ डॉलर की कमी



**एजेंसी। मुंबई**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 57.1 करोड़ डॉलर घटकर 563.5 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.1 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 50 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 499.6 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 15 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 40.6 अरब डॉलर पर आ गया। आहरण अधिकार (एसडीआर) में 7.5 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.11 अरब डॉलर हो गई।

## टॉप 10 कंपनियों का पूंजीकरण 1.68 लाख करोड़ रुपए घटा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 10 कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 1,68,552.42 करोड़ रुपए घट गया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक गिरावट का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,492.52 अंक या 2.43 प्रतिशत टूटा था। चीन और कुछ अन्य देशों में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच बाजार की धारणा कमजोर रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 42,994.44 करोड़ रुपए घटकर 16,92,411.37 करोड़ रुपए रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 26,193.74 करोड़ रुपए गिरकर 5,12,228.09 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 22,755.96 करोड़ रुपए घटकर 8,90,970.33




करोड़ रुपए और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 18,690.03 करोड़ रुपए घटकर 4,16,848.97 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,014.14 करोड़ रुपए घटकर 6,13,366.40 करोड़ रुपए पर आ गया है। इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 10,436.04 करोड़ रुपए घटकर 6,30,181.15 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 8,181.86 करोड़ रुपए घटकर 4,78,278.62 करोड़ रुपए रह गया।

## ओएनजीसी निदेशक मंडल में किए जा रहे हैं बड़े बदलाव

**नयी दिल्ली।** ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के निदेशक मंडल में बड़े स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। इसमें निदेशक के दो पदों को मिलाकर एक किया जा रहा है और कंपनी में नई जान फूंकने की कोशिश में कॉरपोरेट मामलों के निदेशक के रूप में नए पद का सृजन किया जा रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओएनजीसी के निदेशक मंडल में फिलहाल छह निदेशक होते हैं- अन्वेषण, तटीय परिचालन, अपतटीय परिचालन, वित्त, मानव संसाधन और तकनीकी एवं फील्ड सेवा। कंपनी की कमान चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के हाथों में होती है। सरकार ने तेल शोधन एवं विपणन कंपनी बीपीसीएल के प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हुए अरूण कुमार सिंह को इसी महीने ओएनजीसी का चेयरमैन नियुक्त किया है।

## कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम



| शहर | डीजल | पेट्रोल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 89.62 | 96.72 |
| मुंबई | 94.27 | 106.31 |
| कोलकाता | 92.76 | 106.03 |
| चेन्नई | 94.24 | 102.63 |

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

तेल कंपनियों ने आज के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। आज कंपनियों ने दिल्ली और चेन्नई में तेल के दामों में बदलाव किया है। सरकार ने कुछ महीने पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। देश में तेल के दाम लगभग पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं। आज दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल-डीजल की कीमत आप एसएमएस के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर जाकर आपको फ्र्ड और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा। हर शहर का कोड अलग-अलग है, जो आपको आईओसीएल की वेबसाइट से मिल जाएगा। बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने का काम तेल कंपनियां करती हैं। डीलर पेट्रोल पंप चलाने वाले लोग हैं। वे खुद को खुदरा कीमतों पर उपभोक्ताओं के अंत में करों और अपने स्वयं के मार्जिन जोड़ने के बाद पेट्रोल बेचते हैं।

## शेयर बाजार में अफरा तफरी का माहौल

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर इंसानों में शुमार, ट्विटर के नए मालिक और टेस्ला जैसी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी खड़े करने वाले उद्योगपति एलन मस्क ने शेयर बाजार निवेशकों के लिए एक कमाल की टिप दी है। इन दिनों शेयर बाजार में जो उथल-पुथल मची हुई है। उसमें वह बड़े काम आ सकती है, और आपका निवेश सुरक्षित बना रह सकता है। एलन मस्क का कहना है कि स्टॉक मार्केट में कभी भी बड़ा पैनिक क्रिएट होने का जोखिम बना हुआ है। इसलिए ऐसे मौके पर लोगों को अपने पास मौजूद शेयरों को गिरवी रखकर लोन उठाने से बचना चाहिए। एलन मस्क ने शुक्रवार को एक पॉडकास्ट में कहा, मैं लोगों को सही मायनों में ये सलाह देता हूं कि शेयर बाजार में उथल-पुथल वाले माहौल में वो मार्जिन डेब्ट ना लें। आप नीचे जाते बाजार में कभी भी कुछ एक्स्ट्रीम बात देख सकते हैं।

## फैक्ट्री ऑफ वर्ल्ड के रूप में दबदबा खो रहा है चीन

**नयी दिल्ली।** चीन की समस्या इन दिनों बढ़ गई है। फैक्ट्री ऑफ वर्ल्ड के रूप में चीन अपना दबदबा खो रहा है। चीन में कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामले के चलते इसका असर चीन की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। वहीं चीन की फैक्ट्रियों में मजदूरों की भी काफी कमी चल रही है। चीन में लोग अब कम वेतन पर फैक्ट्री में खतरे वाले काम नहीं करना चाह रहे हैं। बीते दिनों आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में युवा अब फैक्ट्री में कम वेतन पर काम नहीं करना चाह रहा है। वहीं कोरोना के बढ़ते मामलों का असर भी चीन की फैक्ट्रियों पर पड़ रहा है। फैक्ट्रियों में प्रोडक्शन कम हुआ है। इधर चीन की इस समस्या का फायदा भारत उठा सकता है। भारत इस समय जिस केंद्रीय आर्थिक चुनौती का सामना कर रहा है, वह जनता के लिए अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों का सृजन है।

## लौह अयस्क का परिवहन पांच दिनों से पूरी तरह से बंद

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम बैलाडिला इकाई द्वारा वन विभाग को 145 करोड़ रुपये की बकाया राशि नहीं देने पर लौह अयस्क से भरी रेल को आज चौथे दिन भी रोक दिया गया जिसके चलते खनिज निगम को भारी नुकसान हो रहा है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार, वन विभाग और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के बीच खनन क्षेत्र की टीपी (ट्रांसपोर्टिंग परिवहन) पिछले लंबे समय से बकाया है। इसी को लेकर यह पूरा विवाद हुआ है। वन विभाग का कहना है कि लगभग 144 करोड़ रुपये की टीपी एनएमडीसी को खनन क्षेत्र से लौह अयस्क परिवहन के एवज में अब तक नहीं दी गयी है, जिसके चलते वन विभाग ने अब ट्रकों और रेल से लौह अयस्क परिवहन के लिए



टीपी जारी करना बंद कर दिया है। यहां से प्रतिदिन सड़क मार्ग से ही करीब 200 ट्रक लौह अयस्क का परिवहन होता है। रोजाना लगभग कई मालगाड़ी से बचेली और किरंदुल परियोजना से मिलाकर लौह अयस्क भरकर विशाखापटनम जाती है। परिवहन रुकने पर निगम को रोजाना करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। परिवहन संघ के अध्यक्ष ए अनिल ने बताया कि मंगलवार से लौह अयस्क का परिवहन बंद है। इसके चलते रोजाना ट्रक मालिकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, जल्द इस मामले में कोई रास्ता निकलना चाहिए।

## कोरोना की आहट से बढ़ गई मास्क की बिक्री

**नयी दिल्ली।** कोरोना की आहट फिर से आने लगी है। तभी तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सभी को एक बार फिर से मास्क पहनने की अपील की है। कर्नाटक में इनडोर जगहों, जैसे कि स्कूल, कॉलेज और सिनेमा हॉल में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं इस साल मसूरी, नैनीताल जाने वाले सैलानियों को भी मास्क लगाना होगा। इसके अलावा हॉस्पिटलों में एंट्री के लिए भी मास्क जरूरी कर दिया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की औचक कोरोना जांच शुरू हो गई है। वहीं सरकारें एक बार फिर सभी से मास्क लगाने की अपील कर रही हैं। यह सब इसलिए क्योंकि चीन में कोहराम मचाने वाले कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ 7 के केस भारत में भी सामने आ चुके हैं। गुजरात में इसके तीन और ओडिशा में एक मरीज मिला है।

## आधार से पैन लिंक करना अनिवार्य है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आयकर विभाग ने शनिवार को परामर्श जारी किया कि जो पैन अगले साल मार्च के अंत तक आधार से नहीं जुड़ेंगे, उन्हें निष्क्रिय कर दिया जाएगा। आयकर विभाग ने एक सार्वजनिक परामर्श में कहा, आधार से पैन लिंक करना अनिवार्य है, वह जरूरी है। देरी न करें, इसे आज ही लिंक करें। आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार, सभी पैन धारकों के लिए, जो छूट श्रेणी में नहीं आते हैं, उन्हें 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। 1 अप्रैल 2023 से आधार से अनलिंक पैन निष्क्रिय हो जाएगा। मई 2017 में केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, असम, जम्मू और कश्मीर और मेघालय राज्यों में रहने वाले व्यक्तियों, अनिवासी (आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार), पिछले वर्ष के दौरान किसी भी समय 80 वर्ष या उससे




अधिक की आयु पूरा करने वालों और ऐसे व्यक्ति जो भारत के नागरिक नहीं हैं उन्हें ससे छूट मिलेगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की 30 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि एक बार पैन निष्क्रिय हो जाने के बाद कोई व्यक्ति आयकर कानून के तहत सभी परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा और उसे कई तरह के प्रभाव झेलने होंगे। निष्क्रिय पैन का उपयोग करके व्यक्ति आयकर रिटर्न दाखिल करने में सक्षम नहीं होंगे। लंबित रिटर्न की प्रोसेस नहीं नहीं किए जाएंगे, पैन निष्क्रिय होने से लंबित रिफंड भी जारी नहीं किया जा सकेगा। एक बार पैन निष्क्रिय होने के बाद दोषपूर्ण रिटर्न के मामले में लंबित कार्यवाही भी पूरी नहीं की जा सकेगी साथ ही करदाता से उच्च दर पर आयकर की वसूली की जाएगी। परिपत्र में कहा गया है, 'इसके अलावा, करदाता को बैंकों और अन्य वित्तीय पोर्टलों से संबंधित कई अन्य जगहों पर भी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि पैन सभी प्रकार के वित्तीय लेनदेन के लिए महत्वपूर्ण केवाईसी मानदंडों में से एक है।

### परिवर्तन | भारत और रूस दे सकते हैं अमेरिका और यूरोप को झटका

# व्यापार में असंतुलन दूर करना जरूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रूस और भारत दोनों अमेरिका और यूरोप को झटका देने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों बाइलेटरल ट्रेड में अमेरिकी डॉलर और यूरो को छोड़ रुपये और रूबल में ट्रांजेक्शन करने की प्लानिंग कर रहे हैं। रूस के विदेश मंत्रालय में भारत विभाग के प्रमुख जमीर काबुलोव ने कहा, हालांकि यह दोनों पक्षों द्वारा एक फंडामेंटल डिसीजन है, नेशनल करेंसीज में पूर्ण परिवर्तन के लिए व्यापार में असंतुलन को दूर करना जरूरी है। अधिकारी वर्तमान में इस मुद्दे को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको बता दें कि भारत फिलहाल जितना बेचता है उससे पांच गुना ज्यादा रूस से खरीदता है। व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस को अपना भारतीय




निर्यात बढ़ाना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले महीने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान रूस को भारतीय निर्यात बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की थी। रूस के साथ भारत का व्यापार बढ़ रहा है, मुख्य रूप से ऊर्जा क्षेत्र के नेतृत्व में, लेकिन इसमें उर्वरक, कोयला, कोकिंग कोल और अन्य वस्तुएं भी शामिल हैं। रूस से बड़ी मात्रा में तेल और उर्वरकों के आयात के कारण इस वर्ष द्विपक्षीय व्यापार 27 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मास्को में भारत के राजदूत पवन कपूर ने सुझाव दिया कि रूसी कारोबारी भारत को अपनी गतिविधियों के मुख्य स्रोत के रूप में देखते हैं ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार को अधिक संतुलित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह न

### सरकार रूस के साथ अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में प्रयासरत है

केवल फार्मा, बल्कि कृषि उत्पादों, चीनी मिट्टी की चीजें और रासायनिक उत्पादों से भी संबंधित है। इंडिया बिजनेस डायलॉग फोरम गुरुवार को कपूर ने रूस में कहा था कि दोनों देश नेशनल करेंसीज में अधिक से अधिक ट्रांजेक्शन करने की कोशिश कर रहे हैं, ये संतुलित व्यापार की जरूरत है। एक पक्ष ज्यादा जमा करे और दूसरा थोड़ा कम करे, इसका समाधान खोजना काफी जरूरी है। उन्होंने दो तरफा व्यापार को संतुलित करने के कई तरीके सुझाए, जिसमें भारत से इंपोर्ट के लिए भारत में रूसी बैंकों द्वारा जमा किए गए सरप्लस रुपये का उपयोग और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना द्वारा सपोर्टिड मैन्युफैक्चर सेक्टर में निवेश शामिल है। व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के आधुनिकीकरण और औद्योगिक सहयोग पर भारत-रूस कार्यकारी समूह का नौवां सत्र शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन और रूसी संघ के उद्योग और व्यापार उप मंत्री एलेक्सी ग्रुजदेव ने सत्र की सह-अध्यक्षता की।

## एक फर्जी वेबसाइट पर जाने से हो सकते हैं आप कंगाल

**नयी दिल्ली।** आजकल बैंक धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को इनसे बचे रहने की जरूरत है। अपराधी अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करके लोगों के बैंक अकाउंट को कुछ मिनटों में खाली कर देते हैं। ऐसा ही एक तरीका जो अपराधी अपनाते हैं, वे स्पूफिंग का है। इसमें वे फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल करते हैं। आइए इसके बारे में डिटेल में समझ लेते हैं। वेबसाइट स्पूफिंग में अपराधी फ्रॉड करने के लिए, फर्जी वेबसाइट बनाते हैं। फर्जी वेबसाइट को असली दिखाने के लिए, अपराधी असल वेबसाइट के नाम, लोगो, ग्राफिक्स का भी इस्तेमाल करते हैं। वे यूआरएल की भी नकल करते हैं। इसके साथ नीचे सबसे दायीं तरफ दिए गए पैडलॉक आइकन को भी वे कॉपी कर लेते हैं। इसमें साइबर अपराधी व्यक्ति को ई-मेल भेजते हैं।

## जिंसों का मिलाजुला रुख



**एजेंसी। नयी दिल्ली।**

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में भी खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में मिलाजुला रुख रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 65 रिंगिट गिरकर सप्ताहांत पर 3803 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 0.84 सेंट की बढ़त लेकर 64.08 सेंट प्रति पाउंड पर पहुंच गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 366 रुपये, सूरजमुखी तेल 147 रुपये और वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 73 रुपये, सोया रिफाइंड 220 रुपये और पाम ऑयल के भाव में 293 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17215 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19707 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15237 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10696 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13333 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**ज्ञान की बात**

अगर आप लगातार पैसे के पीछे भागते रहेंगे तो आप भागते ही रह जाएंगे। पैसे तो आते ही रहते हैं। ये आएंगे और चले जाएंगे। आपको पैसों को लेकर आसक्ति नहीं दिखानी चाहिए। सुखी जीवन का पहला सिद्धांत है: द्रव्य यानी पैसे का मोह नहीं होना। अगर आप पैसा-पैसा, हाय पैसा-हाय पैसे करते रहेंगे तो यही रट लगाते-लगाते आप एक दिन मर जाएंगे। आपको मुक्ति नहीं मिलेगी क्योंकि आपकी आत्मा पर एक बोझ बरकरार रहेगा। इसलिए, जो मिला है उसे प्रसाद मान कर संतोष से रहें। *-सद्गुरु*

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेसमुक्त भारत

***मोटे*** तौर पर देखें तो भारत के दो राज्यों में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार है। इसके अलावा झारखंड जैसे इक्के-दुक्के राज्य हैं, जहां कांग्रेस सरकार में शामिल है। बाकी कसिी भी राज्य में कांग्रेस नहीं है। आप मान सकते हैं कि 2014 के बाद कांग्रेस शून्य की तरफ तेजी से बढ़ी थी। तभी कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना की गई। यह बात दीगर है कि कांग्रेस मुक्त भारत नहीं हो सका और शायद ही निकट भविष्य में ऐसा हो भी सके। क्योंकि कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे बैठ गए हों, असल में कांग्रेस चला रहे हैं राहुल गांधी ही। आप इस सस्टिम पर चोट करते हुए जो कुछ भी कहना चाहें, कह सकते हैं पर हकीकत यही है कि कांग्रेस आज भी गांधी परिवार के मार्फत ही चल रही है।

राहुल गांधी ने कुछ माह पहले तय किया था कि वह भारत को जोड़ने वाली एक यात्रा की शुरुआत करेंगे। उन्होंने ऐसा किया भी। मोटे तौर पर ये यात्रा 3100 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। इस यात्रा को अगर कभी भी आपने गौर से देखा हो तो यह महसूस किया होगा कि इस यात्रा में लोग जुड़ रहे हैं। ये बच्चे हैं, बड़े हैं, जवान हैं, बूढ़े हैं, अधेड़ हैं, नर हैं, नारी हैं, गरीब हैं, अमीर हैं। यहां हर धर्म के लोग हैं, हर जाति के लोग हैं। हर पंथ को मानने वाले लोग हैं। इन लोगों ने राहुल गांधी के साथ अक्सर 20 से 25 किलोमीटर की यात्रा की है और कर रहे हैं। तो, आप यह मान सकते हैं कि जिन उद्देश्यों को लेकर यह यात्रा कन्याकुमारी से शुरू की गई थी, उनमें यह मजबूती के साथ फिलहाल सफल होती दिख रही है।

कांग्रेस की इस यात्रा से भाजपा की नींदें उड़ी हुई हैं, यह एक तथ्य है। भाजपा को पता है कि राहुल गांधी की यात्रा को जो फीडबैक मिल रहा है, वह टेम्पो अगर लगातार जारी रहा, मेंटेन रहा तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव एकतरफा नहीं हो पाएंगे। भाजपा किंचित एकतरफा चुनाव लड़ने और जीतने के मूड में है, हालांकि संघ और अन्य संगठनों ने बहुत पहले ही इस किस्म की यात्रा और उसके परिणामों के बारे में भाजपा आलाकमान को बहुत खुल कर बता दिया था। अब उन पर

**कांग्रेस मुक्त भारत एक दिवास्वप्न से ज्यादा कुछ भी नहीं। जिस तरीके से भारत जोड़ो यात्रा में लोग उमड़-घुमड़ कर आ रहे हैं, उससे कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वाले निश्चित तौर पर बेहद परेशान हुए होंगे...**

कितना अमल हुआ है, यह तो भाजपा ही जाने लेकिन जिस प्रकार से दिल्ली में लालकिले से राहुल गांधी ने कला प्रधानमंत्री को टारगेट किया और जिस तेजी के साथ रविशंकर प्रसाद ने उसका काऊंटर किया, उससे साफ पता चलता है कि भाजपा घबराहट में तो है। इस यात्रा ने भाजपा को बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। कोरोना की आड़ में जब यात्रा को रोकने की बात कही गई तो जिस तरीके से कांग्रेस ने तर्कपूर्ण तरीके से उसका जवाब दिया, उसके बाद से कोई चर्चा नहीं हुई। तो, कांग्रेस मुक्त भारत अब एक दिवास्वप्न से ज्यादा कुछ है नहीं। इसे लोग जितना जल्दी समझ लें, उतना बेहतर।

# इस बार कोरोना को कैसे दें मात?



***कोरोना*** की दूसरी लहर के बाद जिंदगी पटरी पर लौटने लगी थी। लग रहा था कि दुनिया ने कोरोना को पीछे छोड़ दिया है। पर कोरोना ने तो एक बार फिर से अपना असर दिखाना चालू कर दिया है। चीन से आने वाली खबरों से सारी दुनिया सहम सी गई है। भारत का चिंतित होना तो लाजिमी है ही, क्योंकि चीन हमारा पड़ोसी देश है। स्थिति विकट है। चीन में कोरोना कहर ढा रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। खबरें यह भी हैं कि वहां पर रोगियों को अस्पतालों में बेड नहीं मिल पा रहे हैं। हालांकि फिलहाल भारत में जानकारों का कहना है कि अपने देश में व्यापक वैक्सीनेशन के चलते भारत वर्ष में कोरोना पूरी तरह कंट्रोल में है। इसलिए चिंता करने की कोई बात नहीं है। यानी फिलहाल चीन में भी कोरोना की स्थिति को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन चीन की स्थिति पर तो लगातार नजर बनाए रखने की जरूरत है।

भारत में कोरोना के कम मामलों की एक वजह यह भी है कि यहां ओमिक्रोन के सब वेरिएंट फैल नहीं रहे हैं। भारत अपने पांच चरण वाले कोविड उपाय टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार के पालन से कोरोना वायरस के संक्रमण के विस्तार को रोकने में सफल रहा है। पर चीन, जापान, ब्राजील, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामले को देखते हुए भारत को भी पॉजिटिव केस की जीनोम सीक्वेंसिंग करनी ही होगी ताकि वेरिएंट को ट्रैक किया जा सके। भारत को एयरपोर्ट पर सर्विलांस को बढ़ाने की जरूरत है, खासतौर पर उन लोगों की पहचान जरूरी है, जो विदेशों से लौट रहे हैं और इनमें कोरोना जैसे लक्षण हैं। विशेषज्ञ यह मानते हैं कि दुनियाभर में करीब 75 प्रकार के सब वेरिएंट्स घूम रहे हैं। संयोग से भारत में सभी वेरिएंट्स की पहचान हुई है, लेकिन, किसी ने भी कोरोना मामलों की रफ्तार नहीं बढ़ाई। आगे भी हालात इसी तरह रहने की उम्मीद है, इसलिए तत्काल घबराने की कोई खास जरूरत नहीं है। पर चीन में मरीजों को फर्श पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की भी भारी कमी है। दवा और ऑक्सीजन का संकट भी है। फिलहाल, भारत सरकार चीन के हालात पर पैनी नजर रख रही है। अभी यह कहना मुश्किल है कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार चीन की स्थिति को देखते हुए किस तरह के कदम उठाएगी या उठा सकती है। हां, कोरोना की पहले आई दो लहरों ने हिन्दुस्तानियों का जीवन तो बहुत हद तक बदल ही दिया है। अब सड़कों पर पहले वाला सा ट्रैफिक जाम नहीं होता जैसा कि कोरोना काल से पहले हुआ करता था। कोरोना का असर खत्म होने पर भी हजारों-लाखों पेशेवर तथा कारोबारी अपने घरों से ही काम कर रहे हैं। यानी वर्क होम कल्चर अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। लाखों आईटी सेक्टर के पेशवर कोरोना काल से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। ये बीच-बीच में दफ्तर भी चल जाते हैं। नई टेक्नोलॉजी यह सुविधा देती है कि आप घर बैठकर अपने दफ्तर के साथियों के साथ तालमेल करके काम कर लें। इसी तरह नेट बैंकिंग ने अब ग्राहकों को बैंक में जाने के झंझट से काफी हद तक राहत दे दी है। नेट बैंकिंग के माध्यम से पेमेंट दी-ली जा सकती है। आप अपनी एफडी बनवा सकते हैं या उसे कैश करवा सकते है। हालांकि अब भी कुछ लोगों को बैंक जाने का शौक रहता है। वे अपने को बदलने के लिए तैयार नहीं है।

वर्क फ्रॉम होम ने लाखों लोगों को सुबह दफ्तर जाने के झंझट से मुक्ति दिलवा दी है। महानगरों और बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को पता है कि उन्हें दफ्तर तक जाने का लंबा सफर पूरा करने में कितना कष्ट होता है। अब ये पेशेवर अपने घरों से ही पूरा काम कर लेते हैं। हालांकि ये घरों में रहकर ज्यादा घंटे भी काम करते हैं। वर्क फ्रॉम होम करने वालों का किराया भी बचता है, पर अब उनका बिजली का खर्च कुछ बढ़ गया है। इस बीच, भारत सरकार पर यह दबाव रहेगा कि वह चीन में तेजी से बढ़ते संक्रमण के चलते वह चीन पर पूरी तरह ट्रैवल बैन लगाए। फिल्म प्रोड्यूसर तनुज गर्ग ने एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा है, मेरी बेचैनी बढ़ती जा रही है। चीन में कोरोना का सैलाब आया है और एक नए वैरिएंट का खतरा है। अगर हमने अपने देश में एंट्री प्रोटोकॉल को सख़्त नहीं किया तो वो दिन दूर नहीं जब देश में फिर लॉकडाउन लग जाएगा। बहरहाल, चीन की भयानक स्थिति को देखते हुए मास्क पहनना शुरू कर देना चाहिए। इसमें देरी नहीं करनी चाहिए। कोरोना को दूर रखने में मास्क सबसे कारगर हथियार है।

**वर्क फ्रॉम होम ने लाखों लोगों को सुबह दफ्तर जाने के झंझट से मुक्ति दिलवा दी है। महानगरों और बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को पता है कि उन्हें दफ्तर तक जाने का लंबा सफर पूरा करने में कितना कष्ट होता है। अब ये पेशेवर अपने घरों से ही पूरा काम कर लेते हैं। हालांकि ये घरों में रहकर ज्यादा घंटे भी काम करते हैं। कोरोना से बचने के लिए वर्क फ्राम होम बढ़िया विकल्प हो सकता है...**

इन दिनों



आर. के. सिन्हा

## बोधि वृक्ष

### धनवान बनने का आध्यात्मिक रहस्य

(गतांक से आगे)

तभी दुर्भाग्य से एक लुटेरा वहाँ आया और झट से पोटली लेकर भाग गया। ब्राह्मण कुछ करता उससे पहले ही लुटेरा भाग चुका था। रो-धोकर ब्राह्मण फिर से भिक्षा मांगने लगा। अगले दिन फिर से श्रीकृष्ण और अर्जुन नगर भ्रमण को निकले। इस बार फिर उन्होंने उस ब्राह्मण को भिक्षा मांगते हुए देखा। आश्चर्य से देखते हुए अर्जुन उस ब्राह्मण के पास गये और भिक्षा मांगने का कारण पूछा। ब्राह्मण ने अपना सारा दुखड़ा सुना दिया। ब्राह्मण की व्यथा और वेदना जानकर अर्जुन बड़ा दुखी हुआ। इस बार अर्जुन ने ब्राह्मण की सहायता में एक बेशकीमती माणिक्य भेंट किया। बेशकीमती माणिक्य पाकर ब्राह्मण की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। अर्जुन को बहुत-बहुत धन्यवाद देकर वह माणिक्य को सबकी नजरों से छुपाते हुए वह अपने घर पहुंचा। ब्राह्मण ने सोचा कि इसे ऐसी जगह छुपाना चाहिए जहाँ यह एकदम सुरक्षित रहे। अतः उसने अपने घर में रखे एक पुराने घड़े में माणिक्य को छुपा दिया। माणिक्य को सुरक्षित स्थान पर रखकर उसने चैन की साँस ली। दिन भर की दौड़-धूप से वह बहुत थक चुका था। अतः घोड़े बेचकर सोने लगा। उस समय उसकी पत्नी पानी लेने गई थी। अतः यह बात वह उसे बताना भूल गया। दुर्भाग्य से उसी दिन उसकी पत्नी के हाथ से नदी से पानी लेकर आते हुए रास्ते में घड़ा टूट गया। अतः वह वापस लौटी और पुराना घड़ा लेकर नदी पर पानी लेने चली गई।

(क्रमशः)

# यूपी में सबसे कम वक्त क्यों रहेगी भारत जोड़ो यात्रा?

***कांग्रेस*** के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश में फीकी और छोटी नजर आएगी। मुश्किल से तीन-चार दिन में यह यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होते हुए हरियाणा में प्रवेश कर जाएगी। देश के सबसे बड़े सूबे में यात्रा का सबसे छोटा कार्यक्रम, गांधी परिवार की सोच पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान जानता है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं है, यहां राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का फ्लाप होना तय है, इसीलिए सांकेतिक रूप से यूपी में सिर्फ दो-तीन दिन के लिए यात्रा दिखाई देगी। यह भी इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा जाने के लिए यूपी से गुजरना जरूरी है, वर्ना यह यात्रा यूपी में प्रवेश ही नहीं करती।

यूपी में तीन-चार दिनों में यात्रा के दौरान राहुल गांधी की कितनी मौजूदगी रहेगी इसको लेकर कोई भी कांग्रेसी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। वैसे कहने को जरूर कहा जा रहा है कि यूपी में यात्रा को एतिहासिक बनाने के लिए वरिष्ठ पार्टी नेता जुटे हुए हैं। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी। इसमें अब तक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया गया। प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अपनी तैयारियां और तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पश्चिमी प्रांत के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने गाजियाबाद में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राहुल की पदयात्रा को लेकर कार्ययोजना बनाई। सिद्दीकी का कहना है कि राहुल की पदयात्रा तीन जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली से आकर गाजियाबाद के लोनी बार्डर से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी।

राहुल गांधी गाजियाबाद के बाद चार जनवरी को बागपत व पांच जनवरी को शामली में पदयात्रा करेंगे। पांच जनवरी की शाम राहुल गांधी की यात्रा कैराना से होकर सोनीपत (हरियाणा) में प्रवेश करेगी। वैसे कहा यह भी जा रहा है कि छह जनवरी को भी प्रदेश में राहुल गांधी की यात्रा की संभावना है। इसे लेकर मंथन चल रहा है और अंतिम निर्णय 26 दिसंबर तक हो सकता है। अब तक प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुरूप राहुल गांधी तीन जिलों में लगभग 100 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। गाजियाबाद में हुई बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला व शहर स्तर के पदाधिकारियों के साथ यात्रा की सफलता को लेकर योजना बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी पदयात्रा की सफलता को लेकर लगातार बैठकें चल रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने पार्टी मुख्यालय में पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव की मौजूदगी में जिला व शहर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की थी।

बहरहाल, कांग्रेस बेशक महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों को लेकर भारत जोड़ो यात्रा पर निकली हो लेकिन यह साफ है कि उसका लक्ष्य 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव पर है। राहुल के पिछला लोकसभा चुनाव यूपी की अमेठी लोकसभा सीट से हारने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रदेश से पार्टी की एकमात्र सांसद हैं। इसके बाद भी प्रदेश के 75 जिलों में से सिर्फ 3 से यात्रा निकाना जाना सवाल खड़े करता है। सोनिया की जीत भी रायबरेली सीट पर इसलिए आसानी से हो गई थी क्योंकि न सपा ने और न ही बसपा ने उनके खिलाफ अपना प्रत्याशी उतारा था। हाल के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस सिर्फ दो सीट और ढाई प्रतिशत वोट पर सिमट गई, जिस उप्र में कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हो, वहां भारत जोड़ो को एक संकुचित दायरे में सीमित कर देने को पार्टी के नेता रणनीतिक चूक और राजनीतिक अदूरदर्शिता मान रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकले हुए हैं। कांग्रेसियों का दावा है कि इससे पार्टी के जनाधार में काफी बढ़ोत्तरी हो रही है।

**कांग्रेस को यह भली-भांति पता है कि उसका संगठन यूपी में कमजोर है। इसलिए, अपनी स्थिति को कमजोर न करते हुए भारत जोड़ो यात्रा के रणनीतिकारों ने यूपी में कम से कम टाइम स्पेंड करने का फैसला किया जो एक तरीके से ठीक ही है। ज्यादा और कम के चक्कर में अगर टेंपो मेंटेन न रहा तो पूरी यात्रा का असर ही कम हो जाएगा...**

कांग्रेस की राजनीति



अजय कुमार

## फोटो की दुनिया



लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को कुछ इस तरह याद किया यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने।

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# जो नीतीश ने जार्ज से किया वही उनसे तेजस्वी कर रहे

***नीतीश*** कुमार और तेजस्वी यादव अपने अपने बुद्धि चातुर्य, राजनीतिक कौशल और अनुभव के हिसाब से एक दूसरे को शिकस्त देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। तेजस्वी यादव के पास नीतीश कुमार जैसा अनुभव तो है नहीं, लिहाजा अपने पिता लालू यादव के अनुभव का हर संभव फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे अभी तक तेजस्वी यादव ने अपनी तरफ से या अपनी बदौलत कुछ खास प्राप्त तो किया नहीं है, जो भी हासिल है वो लालू यादव के बेटे होने के चलते ही है। लेकिन ये तो कहा ही जा सकता है कि आरजेडी की विरासत को वो अपने आगे पीछे के समकालीन नेताओं राहुल गांधी और अखिलेश यादव से बेहतर ढंग से संभाले हुए हैं-और उसके आगे अपने और अपनी पार्टी के उज्ज्वल भविष्य की तरफ मजबूत इशारे भी कर रहे हैं।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव की ही तरह तेजस्वी यादव को भी एक ऐसे मजबूत नेता से मुकाबला करना पड़ा रहा है। तेजस्वी यादव के सामने नीतीश कुमार भी करीब करीब वैसे ही खड़े हो गये हैं जैसे राहुल गांधी के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अखिलेश यादव के सामने योगी आदित्यनाथ-नीतीश कुमार की स्थिति मोदी और योगी के मुकाबले बिलकुल भी अच्छी नहीं हैं, बल्कि गाड़ी पूरी तरह जुगाड़ पर ही चल रही है। ऐसा लगता है जैसे पहली बार नीतीश कुमार का किसी मजबूत नेता से पाला पड़ा है। एक वजह ये भी है कि तेजस्वी यादव अपने राजनीतिक करियर के शुरूआती पड़ाव पर हैं, जबकि नीतीश कुमार आखिरी छोर पर पहुंच चुके हैं। ये भी विडंबना ही है कि अपने ट्रैक रिकॉर्ड की वजह से नीतीश कुमार करीब करीब सारे ही ऑप्शन खत्म भी कर चुके हैं। अब तक वो आरजेडी और बीजेपी में से किसी एक को पकड़ कर काम चलाते रहे हैं, लेकिन दोनों के साथ उनका दो-दो बार साथ रहने का कोटा पूरा हो गया भी लगता है। ये भी वक्त का ही तकाजा है कि नीतीश कुमार की राजनीति भी अब उसी मोड़ के करीब पहुंच चुकी है, जहां कभी समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस और शरद यादव उनके कृपापात्र बन कर रह गये थे- और नीतीश कुमार ने मौके का भरपूर फायदा उठा लिया था। ये भी वक्त की ही डिमांड है कि नीतीश कुमार एक तरीके से तेजस्वी यादव के कृपा पात्र बन चुके लगते हैं। इसकी पहली झलक तो तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर ही देखी गयी थी जब वो सामने बैठे लोगों से उठ कर ताली बजाते हुए बधाई देने को कहने लगे थे- और उस दिन तो पक्का ही कर दिया था, जिस दिन ये घोषणा कर दी कि 2025 में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ही होंगे।

नीतीश कुमार ने मन ही मन जो भी रणनीति तैयार कर रखी हो, लेकिन ऊपर से तो साफ तौर पर यही लगता है कि अब लालू परिवार के सामने हथियार डाल देने के अलावा कोई चारा भी नहीं बचा है। क्योंकि बीजेपी तो अब नीतीश कुमार को भाव देने से रही। जब नाइटवॉचमैन के रूप में बीजेपी के पास चिराग पासवान जैसा चमकता सितारा है, तो मार्गदर्शक मंडल कैटेगरी के भरोसे रहने की जरूरत भी क्या है?

ऐसा क्यों लगता है, जैसे नीतीश कुमार ने समता पार्टी पर दांव खेल कर जेडीयू पर कब्जा कर लिया, आरजेडी पर भी अब उनकी वैसी ही नजर है? लेकिन ऐन उसी वक्त वो ये भूल जा रहे हैं कि उनका पाला लालू यादव से पड़ा है, जो नीतीश कुमार के हर खेल को बेहद करीब से देखते आये हैं और अच्छी तरह समझते हैं। लालू यादव ने जो खाका खींचा है, तेजस्वी यादव को तो बस उसी लाइन पर धीरे धीरे एक एक कदम रखते जाने की जरूरत हैं। अपने दौर के बड़े समाजवादी इंफ्लुएंसर जॉर्ज फर्नांडिस की उंगली पकड़ कर ही नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में पहुंचे थे, लेकिन बिहार का मुख्यमंत्री बन जाने के बाद मुजफ्फरपुर से उनका टिकट भी काट दिया था, जिसे न तो वो ताउम्र भूले होंगे और न ही दोनों के करीब से जानने वाले ही। नीतीश कुमार चौतरफा घिर चुके हैं, अगर निकल कर आगे बढ़ने का कोई रास्ता है तो वो सिर्फ उनके दिमाग में ही हो सकता है। कालांतर में शरद यादव के साथ भी नीतीश कुमार बिलकुल वैसे ही पेश आये। बल्कि जॉर्ज फर्नांडिस को किनारे लगाने के लिए भी शरद यादव का इस्तेमाल कर लिया था। जॉर्ज और शरद के अलावा दो और भी नाम दिग्विजय सिंह और आरसीपी सिंह के लिये जा सकते हैं।

**आपने भी महसूस किया होगा कि जो सुलूक जार्ज फर्नांडीस के साथ नीतीश ने किया, वही सुलूक अब नीतीश के साथ तेजस्वी कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि दोनों की पार्टियां अलग हैं। आने वाले दिनों में आरसीपी सिंह जैसे राजनीति के तपे हुए खिलाड़ी अगर जनता दल यूनाइटेड पर कब्जा कर लें तो बहुत भौंचक होने की जरूरत नहीं। पटकथा लिखी जा रही है...**

बिहारनामा



हिमांशु

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# दिव्य औषधि अपमार्ग, जिसकी स्तुति देवताओं ने भी की



- वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा डालटनगंज
मोः- 7903216488,9334716688

**प्रचलित नाम :** लटजीरा, चिरचिरा, ओंगा।
**संस्कृत :** अपामार्ग
**मारवाड़ी :** आंधी झाड़ो
**सिंधी :** मर्जिक
**गुजराती :** अधेढ़ो
**मराठी :** अधाढ़ा
**बंगाली :** आपांग
**लेटिन :** एचीरेन्थस एस्पेरा
**प्रयोज्य अंग :** पंचांग, पत्र, मूल, बीज
**स्वरूप :** एक वर्षायु उन्नत गुल्म, काण्ड चतुष्कोणी, 1 से 3 फुट ऊंचा, पीले-गुलाबी पुष्प उसमें सूक्ष्म और कांटे युक्त बीज होते हैं।
**स्वाद :** तिक्त एवं कटु

**रासायनिक संगठन :** इसके बीज में सेपोनीन ए तथा बी, एक्डीस्टीरोन, ओलिगोसेकेरार्डड, इसके मूल में- ओलियोनॉलीक अम्ल, मासलीनीक अम्ल, इसके अपरिपक्व फल में- सेपोनीन सी तथा डी वनस्पति में नाइट्रोजन युक्त यौगिक-एकीरेन्थाईन तथा एलकलॉयड्स पाये जाते हैं।

**रसायनिक विश्लेषण :** अपामार्ग की राख में 13 प्रतिशत चूना, 4 प्रतिशत लोहा, 30 प्रतिशत क्षार, 7 प्रतिशत सोराक्षार, 2 प्रतिशत नमक, गंधक और 3 प्रतिशत मज्जांततुओं के उपायुक्त क्षार रहते है। इसके पत्तों की राख के अपेक्षा इसकी जड़ की राख में ये तत्व अधिक पाये जाते है।

**गुण और उपयोग :** मृदुरेचक, मूत्रल, जीवाणु नाशक, ग्राही, दीपन, पाचन, कफन्घ,कृमिन्घ, विषन्घ, वामक।

आयुर्वेद मत से- आयुर्वेद के अन्दर अपामार्ग की गणना अत्यन्त प्रभावशाली दिव्य औषधियों में की गई है। वैदिकयुग से ही इस औषधि की जानकारी यहां के लोगों को थी। शुक्ल यजुर्वेद में नमुचि के कथानक में लिखा है कि नमुचि को वरदान था कि उसे किसी ठोस या द्रव पदार्थ से दिन और रात्रि में काई न मार सकेगा, तब इन्द्र में कुछ ऐसे फेन एकत्रित किये कि जो न तो द्रव थे, न ठोस और उसे दिन और रात्रि के मध्यकाल में मारडाला, उस दैत्य के सिर से अपमार्ग का पौधा उत्पन्न हुआ, जिसकी सहायता से इन्द्र सम्पूर्ण दैत्यों को मार डालने में समर्थ हुये। अथर्ववेद के 70वें सुक्त के चौथे कांड में अपमार्ग की स्तुति की गई है।

**श्लोक :**
**क्षुंधामांर तृषामांर मगोतामनपत्यताम।**
**अपामार्ग त्वायावयं, सर्व तदपमृज्महे।।**
**तृषमारं क्षुधामारं, मारमथो अक्षिपराजयम।।**
**अपामार्ग त्वयावयं, सर्व तदपमृज्महे।।**

अर्थात-हे! अपामार्ग तू हमारे अत्यंत भूख लगने के रोग को, प्यास लगने के रोग को, इन्द्रिय शक्ति की कमजोरियों को और सन्तान न होने के रोग को दूर कर। हे! अपामार्ग तू हमारी तृषा और भूख को नष्ट कर और कामशक्ति की हीनता को और आंख की हीनता को दूर कर।

**उपयोग :** भोजन के पूर्व अपामार्ग को लेने से आमाशय में पाचक रस की वृद्धि होती है और आमाशय के मज्जा तन्तुओं की दाह और उससे होने वाली पीड़ा बन्द हो जाती है। इस कारण अपामार्ग को अपचन रोग, अमाशय की शिथिलता तथा वेदना इत्यादि लक्ष्णों में फुटकी इत्यादि कडुवे द्रव्य के साथ भोजन के पहले देना चाहिये।



भोजन के पश्चात् इसको देने से आमाशय की अम्लता कम होती है।

इसलिए अम्लतायुक्त अपचन रोग में इसका गरम-गरम क्वाथ भोजन के पश्चात् दो-दो घण्टे के अन्तर से देना चाहिये। आमाशय के रोगों में इसको बड़ी मात्रा में नहीं देना चाहिये। क्यों कि बड़ी मात्रा में इसको देने से आमाशय में दाह पैदा होता है। यकृत पर अपामार्ग की क्रिया बहुत ही हितकारक होती है। इससे यकृत की पित्तवाहिनी नली की सूजन कम होती है, यकृत की सब क्रिया सुधर जाती है और यकृत में रक्त का संचालन ठीक तरह से होने लगता है। इस कारण से पित्ताश्यरी और बवाशीर रोग में इसको देने से लाभ होता है। अपामार्ग को देने से आंतो की अम्लता कम होती है और उनमें अन्न सड़ने नहीं पाता जिससे अपामार्ग गुल्म और शुल्य रोग में लाभ पहुंचाता है।

अपामार्ग क्षार रक्त में शीघ्रता से मिल जाता है, यह रक्त के पोषक कणों को बढ़ाता है और उसके रंग को सुधारता है। रक्त के अन्दर मिल कर यह क्षार शरीर के भिन्न-भिन्न मार्गो से बाहर निकलता है इसका अधिक भाग मूत्र पिण्ड के मार्ग से और थोड़े-थोड़े भाग त्वचा, फुक्फुस, आमाशय और यकृत के द्वारा बाहर निकलते है। जिन-जिन मार्गो से यह क्षार बाहर निकलता है, उन-उन मार्गों की जीवन-विनिमय-क्रिया को यह सुधारता है और तमाम शरीर की क्रिया को यह उत्तेजना देता है।

**श्वास रोग और खांसी :** इसके सूखे पत्तों को हुक्के में रखकर पीने से श्वास रोग में लाभ पहुंचाता है। तिब्बे नादरी के लेखक का कथन है कि अपामार्ग की जड़ में कफ की खांसी और दमें को नष्ट करने का चमत्कारिक गुण विद्यमान है। इसके सारे झाड़ को जड़ समेत उखाड़कर उसे जलाना चाहिये, फिर इसकी राख दस रूपये भर लेकर उसमें दो तोला सेंधानमक, दो तोला सज्जीखार, दो तोला यवक्षार, दो तोला नौसादर, तीन तोला हल्दी और दस तोला अजवायन डालकर उसका चूर्ण कर प्रतिदिन डेढ़ माशे (ग्राम) के करीब सबेरे-शाम लेने से कफ की खांसी में बहुत लाभ होता है। इसी प्रकार मैं स्वंय डालटनगंज, रांची, लातेहार, गढ़वा, अम्बीकापुर के कई दया के रोगियों को अपामार्ग क्षार एक-दो मूंग के दाना बराबर आठ-दस बूंद शहद में मिलाकर सुबह-शाम चटाया और कई वर्ष पुराना दमा रोग मात्र पन्द्रह बीस दिनों में ही रोगी ठीक हो गये।

**कान के बहरापन :** बहरापन दूर करने के लिए अपार्मांग क्षार तेल का प्रयोग किया जाता है।

**कुछ अनुभूत प्रयोग :** रांची, झारखण्ड के सुप्रसिद्ध वैद्य रवि कुमार अपामार्ग क्षार को उन रोगियों के ऊपर करते हैं जिनका रोग किसी संक्रमण के कारण हुआ है वैसी रोगी इस क्षार का सेवन से संक्रमण मुक्त हो जाते है।

मैं स्वंय अभी तक अपमार्ग के कोमल जड़ का प्रयोग वैसे महिलायें को किराया जीनको सिर्फ लड़कियां ही उत्पन्न (जन्म) लेती थी। आठ महिलायें इस जड़ का सेवन कर पुत्र रत्न प्राप्त कर चुकी है तथा अभी एक स्वंय वैद्य (डा.) अजय साहु भोपाल जिनकी पत्नी भी इसका जड़ 45 दिन से 52 दिन के बीच मात्र एक दिन सेवन कराया मेरे निर्देशानुसार और 8 माह का गर्भ अभी सुरक्षित है तथ सोनोग्राफी में पता लगा कि गर्म में पल रहा बच्चा (पुत्र) ही है। अपमान की महिला अपरमपार है।

## काव्य कोना

### हे ईश्वर

हे ईश्वर;
हे सर्व शक्तिमान,
प्रार्थना नहीं आज्ञा सहित अनुरोध है,
चक्षु में शक्ति दे स्वयं को पहचानूँ ,
आत्मबल आत्म- गौरव को जानूँ,
बतलाया जो सागर तीरे,
पहचानकर त्रेता में शत्रु को अपने,
स्थिरचित आह्वान किया ईष्ट का,
रत्नाकर के साक्ष्य में पुरोहित बना,
अर्चना - पुजा करवाया सुर्यवंशी राम से ,
अपने ही पराजय के प्रण सिद्धि के लिए।
सूर्य पुत्र अधोरथी ने दिखलाया फिर एकबार,
द्वापर में कान्हा के सानिध्य में,
आत्मबल आत्म गौरव का वह खेल,
राजनीति कूटनीति निपुण अन्याय छल से खेलता,
भार्गव की शिष्यता के सँग अभिशाप लेकर,
मनोबल आत्मबल का परीक्षण ,
कभी शाप तो कभी वरदान बनता,
अंगराज दानवीर वह सूर्य पुत्र,
पहचान कर छली को कवच कुंडल दान कर,
कुरुक्षेत्र में आ गया था मृत्यु को आह्वान कर,
सुनिश्चित हो गया केशव बने जब सारथी,
और फिर मातृ मिलन
ईश्वर;
हे सर्व शक्तिमान,
प्रार्थना नहीं आज्ञा सहित अनुरोध है,
चक्षु में शक्ति दे स्वयं को पहचानूँ ,
आत्मबल आत्म- गौरव को जानूँ।

- नाग मणि

# झूठ के हाईवे पर आम आदमी



- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

बगलें झांकने वाले अक्सर बगलों में कुछ न कुछ दबाए घूमते रहते हैं। हमारे रंगीलाल कुछ इसी किस्म के हैं। ज्यादातर समय वो अपनी बगल में खबरों का पुलिंदा यानी अखबार लिए घूमते रहते हैं।

एक बार मैं उनसे पूछ बैठा - अमां इन बगलों में अखबार दबाए यहां-वहां क्यों घूमते रहते हो? एक जगह बैठते क्यों नहीं?

**रंगीलाल थोड़ा अकड़कर बोले- मियां**

हमारा मजाक न उड़ाओ। हम आपकी तरह मक्खियां मारने का काम नहीं करते। हम तो तबीयत और दुनिया दोनों की सोचते हैं।

मैं उन्हें समझाने लगा - अरे मियां आप तो खामखा बिगड़ गए। मैंने तो बस यूं ही पूछ लिया। वैसे भी अब के अखबार में पहले जैसी बात नहीं रही। अब तो अखबार अखबार नहीं किन्हीं उद्योगपतियों के कोठे की तवायफ लगती हैं। तवायफ भी ऐसी कि सिर्फ अपने मालिकों को खुश करने में मरी जाती हैं। हर पल उनके इशारों पर नाचती फिरती हैं। मैं तो कहता हूं कि जो अखबार दुनिया को सच बताने का दावा करते हैं। वहीं अपने पहले पन्ने पर दुनिया भर का झूठ परोस-परोसकर देते हैं। अब भला ऐसा झूठ खाने और पीने वालों की क्या हालत होती होगी यही सोचकर हमारी हंसी छूट जाती है। कोठे वाली जिस्मानी तवायफें ज्यादा मेहनत करके कम कमाती हैं, जबकि अखबार तवायफों से भी गिरी होती है, लेकिन कमाई उनसे ज्यादा करती हैं।

रंगीलाल बोले - यह तो नजर-नजर का फर्क है। जो जैसे समझता है वैसी अपनी सोच बनाता है। आधा गिलास पानी किसी के लिए आधा खाली तो किसी के लिए आधा भरा दिखता है। कुछ अच्छाइयों में से खराबियाँ निकालने के लिए अपना सब कुछ लगा देते हैं जबकि कुछ खराबियों में से अच्छाइयाँ।

मैंने कहा - फिर भी। अखबारों को चाहिए कि वे अपने पढ़ने वालों से दगा तो न करें। दुनिया की सच्चाई लाने के चक्कर में कब झूठ की खेती करने लगते हैं पता ही नहीं चलता। चित्रकार चित्र बनाकर नाम कमाता है, जबकि चित्र बिगाड़कर नाम कमाने वालों में अखबार सबसे आगे होते हैं। बिना रीढ़ के अखबार समाज को नपुंसक बनाते हैं। यह नपुंसकता जब फैलने लगती है तब आम आदमी का जीना हराम हो जाता है।

रंगीलाल बोले - अमां मिया! आप कुछ ज्यादा ही एमोशनल होते जा रहे हैं। अब यह दुनिया एमोशनल लोगों की नहीं रही। अब तो जमाना कलेजा पत्थर का और आँखों में बेशर्मी रखने वालों का है। उद्योगपतियों का काम कमाना सरकार को खुश करना है और सरकार का काम उद्योगपतियों के तलवे चाटना। इन सबके बीच अखबारों की नीयत के बारे में सोचना बेफिजूल वक्त बर्बाद करने जैसा है। जो हो रहा है होने दो। उसमें खुद को जीने दो। बाकी सब ऊपर वाले पर छोड़ दो। यही आज का दस्तूर है।

# कई रोगों का रामबाण इलाज है पान का पत्ता

भारतीय लोगों में से बहुत से लोग पान का सेवन करते हैं। पान खाना एक बुरी आदत भी माना जाता है लेकिन इसे खाने के कुछ फायदे भी हैं। बहुत से लोग अपने मेहमानों को पान का सेवन करवाते हैं। इसकी पत्तियां थोड़ी कड़वी होती हैं लेकिन इसकी पत्तियों का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद होता है। पत्तियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। पान के पत्ते में टैनिन, प्रोपेन, एल्केलॉयड और फिनाइल जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। पान के पत्तों का सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है।

### मुंह की दुर्गंध होती है दूर

भोजन के बाद थोड़ी मात्रा में पान के पत्तों का सेवन करने से आंतें स्वस्थ रहती हैं। इसके अलावा सांसों की दुर्गंध, मुंह की दुर्गंध, दांतों के दर्द, मसूड़ों के दर्द, सूजन और मुंह के इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी दूर होती है।

### पान में मौजूद गुण

पान स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें एंटीकैंसर, एंटीऑक्सीडेंट्, एंटीएलर्जिक, एंटीफंगल, एंटीडायबिटीक, एंटीमाइक्रोबियल जैसे गुण पाए जाते हैं।

### खाने के बाद करें सेवन

आयुर्वेद के अनुसार, यदि आप भोजन करने के बाद पान के पत्ते चबाते हैं तो इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होती है। पान पाचक रसों के स्नाव को बढ़ाता



है। इसके अलावा पेट की सूजन, कब्ज, आंतों से संबंधी समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी।

### न खाएं ज्यादा पान

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ज्यादा पान खाने से मुंह का कैंसर कम होता है। इसक अलावा आपको पान चबाने से एलर्जी भी हो सकती है। मीठे पान आपके मसूड़ों में जलन भी पैदा कर सकता है। यदि आप पान ज्यादा मात्रा में खाते हैं तो इससे आपके जबड़े सख्त हो सकते हैं।

### सांस लेने में हो सकती है तकलीफ

पान कैफीन और तंबाकू के प्रयोग के जैसा ही प्रभाव आपके शरीर में पैदा कर सकता है जिसके कारण आपको उल्टी, दस्त, मसूड़ों में समस्याएं, सीने में दर्द, दिल की धड़कन का असामान्य होना, ब्लड प्रेशर बढ़ना, सांस लेने में तकलीफ, कोमा और मृत्यु जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### दिन में खाएं एक पान

एक्सपर्ट्स के अनुसार, आप दिन में एक पान का सेवन कर सकते हैं। इससे आपके शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं। इससे आपके पेट का पीएच स्तर बढ़ता और भूख भी बढ़ती है।

### कंट्रोल करता है ब्लड शुगर

पान का पत्ते में औषधीय गुण पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर के इलाज में मदद करती है। मान्यताओं के अनुसार, पान में पाए जाने वाले तत्व रक्त में मौजूद शुगर के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। डायबिटीज के रोगी पान के पत्ते का सेवन कर सकते हैं।

### हाई ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल

पान में एंटीमाइक्रोबियल, एंटीकैंसर और एंटीडायबिटीक गुण पाए जाते हैं जो बढ़ते ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

# रात को दूध पीने से हो सकती है पाचन संबंधी समस्याएं

दूध सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है इसके साथ ही ही दूध प्रोटीन और कैल्शियम का भी काफी अच्छा सोर्स होता है। दूध में विटामिन ए और बी 12 होता है, लेकिन कुछ लोगों को दूध पीने के बाद कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा लैक्टोज इंटॉलरेंस के कारण होता है। लैक्टोज इंटॉलरेंस पाचन संबंधी विकार होता है। लेक्टॉस डेयरी उत्पादों में पाया जाने वाला एक मुख्य यौगिक होता है।

**30 साल की उम्र के बाद दूध पचा पाना होता है मुश्किल :** आम तौर पर कहा जाता है कि सोने से पहले गर्म दूध पीने से नींद अच्छी आती है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि आपको रात में सोने से पहले दूध का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। कैलिफोर्निया स्थित गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर पलानीअप्पन मणिक्कम ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर करते हुए बताया कि 30 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में धीरे-धारे लैक्टेज एंजाइम की कमी होने लगती है जिस कारण उनका शरीर दूध को पचा पाने में असमर्थ होने लगता है।

**सोने से पहले दूध पीने से होती है पाचन संबंधी समस्याएं :** वीडियो में उन्होंने बताया हमारी छोटी आंत में लैक्टेज एंजाइम पाया जाता है जो दूध में मौजूद लैक्टोज को छोटे-छोटे अणुओं जैसे ग्लूकोज और गैलेक्टोज में तोड़ने का काम करता है ताकि यह आसानी से अवशोषित हो सके। 30 साल की उम्र के आसपास हमारी छोटी आंत में लैक्टेज एंजाइम का उत्पादन काफी कम होने लगता है। लैक्टेज एंजाइम के बिना दूध सीधे ही बड़ी आंत में पहुंच जाता है और इसमें मौजूद बैक्टीरिया से अपच की समस्या का सामना करना पड़ा है। इसका असर आपके पेट की चर्बी पर होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को सोने से ठीक पहले दूध का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे पाचन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंनें यह भी कहा कि अगर आपको अगर पाचन संबंधी कोई परेशानी नहीं भी है तो भी आपको सोने से ठीक पहले दूध नहीं पीना चाहिए। इससे बीमारियां आपके पेट के आसपास घूमती रहती है, हालांकि दूध में ट्रिप्टोफैन होता है जो अच्छी नींद के लिए मेलाटोनिन को बढ़ावा देने के लिए सेरोटोनिन रिलीज करता है।

**सोने से 2-3 घंटे पहले पीएं दूध :** डॉ पलानीअप्पन ने ये भी कहा कि अगर आपको रात को दूध पीना पसंद है तो कोशिश करें



कि सोने से 2 से 3 घंटे पहले इसका सेवन करें। वैसे तो दूध में कई पोषक तत्व होते हैं तो हमारी बोन हेल्थ और दिल के स्वास्थय के लिए जरुरी माने जाते हैं, साथ ही दूध पीने से कैंसर के खतरे को भी कम किया जा सकता है। अगर किसी व्यक्ति को दूध से कोई एलर्जी नहीं है तो आप सोने से कुछ घंटे पहले दूध का सेवन कर सकते हैं।

# सर्दी-जुकाम से लेकर पेट दर्द के लिए रामबाण इलाज है काली मिर्च

ज्यादातर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते है। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याएं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।



**पाचन होता है बेहतर :** काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में पाइपरिन होता है जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रकिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

**सर्दी-जुकाम से मिलती है राहत :** काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। जब इम्यूनिटी तेज होती है तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है तो काली मिर्च का सेवन जरुर करें।

**ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी :** काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिलती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

**वेट लॉस में सहायक :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।

**जोड़ों के दर्द से राहत :** काली मिर्च में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नकारात्मक विचारों से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** संयत रहें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति खर्च बढ़ सकते हैं। यात्रा खर्च भी बढ़ेंगे। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं।

**कर्क राशि :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

**सिंह राशि :** कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**कन्या राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**तुला राशि :** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पारिवारिक सुख में कमी आ सकती है।

**वृश्चिक राशि :** मन में नकारात्मकता से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त हो सकता है।

**धनु राशि :** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर राशि :** धर्म-कर्म में व्यस्तता बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। आत्मसंयत रहें।

**कुंभ राशि :** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु खर्च भी अधिक रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन राशि :** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा, परन्तु मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### जनार्दन रेड्डी ने बनायी नयी राजनीतिक पार्टी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी को झटका देते हुए पार्टी से अलग होकर कल्याण राज्य प्रगति पक्ष नाम से एक नया राजनीतिक दल शुरू करने की रविवार को घोषणा की। श्री रेड्डी ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिकायती लहजे में कहा : मैंने भाजपा के लिए बहुत काम किया है। मैंने अपना काम छोड़ दिया और पार्टी के लिए काम किया। लेकिन, मेरे मुश्किल दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और भाजपा नेता जगदीश शेट्टार के अलावा पार्टी से कोई भी मेरे साथ खड़ा नहीं हुआ।

### कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को जम्मू स्थानांतरित किया जाना चाहिए : आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने रविवार को कहा कि कश्मीर में स्थिति में सुधार होने तक कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को जम्मू स्थानांतरित किया जाना चाहिए। आजाद ने कहा कि दुर्भाग्य से कुछ घटनाएं हो गयी हैं। जीवन प्राथमिकता में है और इसलिए मेरी राय है कि कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को जम्मू में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाये। स्थिति में सुधार होने के बाद उनलोगों को वापस लौटना चाहिए।



### तेलुगु फिल्म अभिनेता चलपथी राव का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**हैदराबाद।** दिग्गज तेलुगु फिल्म अभिनेता और निर्माता टी चलपथी राव का रविवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी इंदुमती, दो पुत्रियां और एक पुत्र है। उनका पुत्र रवि बाबू भी टॉलीवुड में अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं। श्री राव को तेलुगु सिनेमा में हास्य और खलनायक की भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। वह आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के बालिपरू के रहनेवाले थे और उन्होंने 600 से अधिक फिल्मों में काम किया था।



# माननीयों ने मालवीय-वाजपेयी को जयंती पर किया याद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में सांसदों ने रविवार को पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पुष्पांजलि अर्पित करनेवाले अन्य गण्यमान्य लोगों में कई केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य विशिष्टजन शामिल रहे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मादी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोकसभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित मदन मोहन मालवीय एवं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिकाएं भेंट की गईं। देश के प्रति की गई असाधारण सेवा के सम्मानस्वरूप संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में 19 दिसंबर 1957 को पंडित मदन मोहन मालवीय तथा 12 फरवरी 2019 श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों का अनावरण किया गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ने पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) और अटल बिहारी वाजपेयी को 2015 मे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया था।



इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नयी दिल्ली में सदैव अटल समाधि पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देश भर के युवा प्रतिभागियों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। देशभर से चुने गए युवा प्रतिभागियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के समन्वय से पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी।

साथ ही चयनित प्रतिभागियों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति सम्मान भाव से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवा प्रतिभागियों को संबोधित भी किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर श्री बिरला ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस जन प्रतिनिधियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है, नागरिकों को सजग बनाता है और शासन की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। संसदीय परम्पराओं को समृद्ध बनाने में अटल जी की अतुलनीय भूमिका का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विविध विषयों पर अटल जी की मुखरता, आत्मविश्वास और वक्तव्य कौशल अद्भुत था। देश को मजबूत और विकसित बनाने के प्रति अटल जी के समर्पण और उनकी पहलों के विषय में उन्होंने कहा की अटल जी के नेतृत्व से लाखों भारतीयों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

# भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है चालबाज चीन

## तवांग झड़प के 15 दिन बाद चीन की ओर से आया आधिकारिक बयान

**चीनी विदेश मंत्री ने कहा : चीन भारत के बीच डिप्लोमेटिक और मिलिट्री चैनल्स के जरिये बातचीत है जारी**

**पश्चिमी सेक्टर में शांति कायम के लिए दोनों देश सहमत**

**एजेंसी। बीजिंग**

तवांग में झड़प के 15 दिन बाद दोगले चीन का भारत को लेकर बड़ा बयान आया है। चालबाज चीन भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है। चीन के विदेश मंत्री ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए बताया कि भारत और चीन ने डिप्लोमेटिक और मिलिट्री चैनल्स के जरिये बातचीत जारी है। विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि दोनों देश बॉर्डरवाले इलाकों में



शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और चीन अब भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है। बता दें कि तवांग के यांग्से में नौ दिसम्बर को 600 चीनी सैनिकों ने जैसे ही टेम्परेरी वॉल पर लगी तारबंदी को तोड़कर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की, मुस्तैद भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें खदेड़ दिया था। तवांग में हुई झड़प पर उन्होंने कहा कि पश्चिमी सेक्टर में शांति और स्थिरता के लिए दोनों देशों में बातचीत जारी है। हालांकि, 17वीं कॉर्प्स कमांडर लेवल की मीटिंग का क्या नतीजा निकला अभी इसकी कोई जानकारी नहीं दी गयी है। विदेश मंत्रालय ने तवांग में झड़प के बाद बयान जारी कर बताया था कि भारत और चीन के बीच चुशुल-मोलडो बॉर्डर पर 20 दिसम्बर को कॉर्प्स कमांडर लेवल की 17वीं बैठक हुई थी। इसमें दोनों देशों ने बॉर्डर पर शांति कायम करने के लिए सहमति जतायी थी।

तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी थी। तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात कर दिये थे।

# मैं अटल हूं : पंकज त्रिपाठी का फर्स्ट लुक रिलीज

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के विशेष अवसर पर भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड स्टूडियोज ने फिल्म "मैं अटल हूं" में अटल जी के रूप में पंकज त्रिपाठी के फर्स्ट लुक को रिलीज किया है। फिल्म 'मैं अटल हूं' पूर्व प्रधानमंत्री की यात्रा के आसपास घूमती है, जो एक कवि, राजनेता, और मानवतावादी भी थे। जब से निर्माताओं ने घोषणा की कि पंकज त्रिपाठी में अटल जी की भूमिका



निभाएंगे। दर्शक पंकज को पूर्व प्रधानमंत्री के रुप में देखने के लिए इंतजार कर रहे थे। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और निर्माताओं ने 'मैं अटल हूं' का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है और कहा कि पंकज का सराहनीय पहला लुक दर्शकों को चौंका देगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक रवि जाधव द्वारा निर्देशित और उत्कर्ष नैथानी द्वारा लिखित यह फिल्म दिसंबर 2023 में रिलीज होगी। फिल्म में संगीत सलीम-सुलेमान का तथा गीत समीर के होंगे, जबकि सोनू निगम ने मोशन वीडियो के लिए अपनी आवाज देने की घोषणा की है।

# एनआरसी डेटा को अद्यतन करने में छेड़छाड़ का खतरा

**एजेंसी। गुवाहाटी**

नागरिकता दस्तावेज को अद्यतन करने की प्रक्रिया के दौरान डेटा एकत्रीकरण और इसमें सुधार करने से संबंधित सॉफ्टवेयर उपयुक्त रूप से विकसित नहीं कर पाने के कारण भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने असम की राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) में डेटा से छेड़छाड़ के खतरे के प्रति आगाह किया है। कैग के मुताबिक, एनआरसी को अद्यतन करने की प्रक्रिया के लिए एक बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद सॉफ्टवेयर विकसित करने की आवश्यकता थी, लेकिन ऑडिट के दौरान इस संबंध में उपयुक्त योजना नहीं होने की बात सामने आयी। असम के लिए अद्यतन अंतिम एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को जारी किया गया था, जिसमें 3,30,27,661 आवेदकों में से कुल 3,11,21,004 नाम शामिल थे। हालांकि, इसे अधिसूचित किया जाना बाकी है।

# एक ही परिवार के तीन लोगों को उतारा मौत के घाट

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर के अमरोली इलाके में वेदांत टेक्सो नाम की एम्ब्रायडरी फैक्ट्री में एक ट्रिपल मर्डर की वारदात सामने आयी है। फैक्ट्री के मालिक ने जब मजदूर को काम से निकाला तो मजदूर ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री मालिक, उसके पिता और मां को मौत के घाट उतार दिया। अमरोली पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार जब फैक्ट्री मालिक ने आरोपी मजदूर को नौकरी से निकाल दिया, तो उनमें बहस होने लगी जो जल्द ही मारपीट में तब्दील हो गयी। इसके बाद आरोपी मजदूर ने अपने साथियों को बुलाया और फैक्ट्री मालिक पर चप्पू से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जब फैक्ट्री मालिक के मां-बाप उसे बचाने के लिए आये तो, आरोपी ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा, जिसके चलते वह बुरी तरह घायल हो गये।

# नेपाल में फिर से प्रचंड की सरकार, आज शपथ लेंगे



**काठमांडू से यशोदा श्रीवास्तव**

**अंततः** शेर बहादुर देउबा की हठवादिता की वजह से नेपाली कांग्रेस गठबंधन सत्ता से दूर हो गई। इधर एमाले सहित कुछ अन्य सहयोगियों के साथ सहमति बनाने में कामयाब प्रचंड ने राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। राष्ट्रपति सचिवालय से जारी सूचना के मुताबिक प्रचंड को नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। सोमवार को उन्हें शपथ दिलाने की प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी। नेपाल के राजनीतिक समीक्षक मात्र दो सीटों की कमी से बहुमत से दूर नेपाली कांग्रेस गठबंधन के सरकार न बनने के पीछे देउबा के हठवादी रवैए को जिम्मेदार मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि देउबा और प्रचंड के बीच ढाई ढाई वर्ष सरकार चलाने का करार था। देउबा प्रचंड को को और पद देना चाहते थे। इस मुद्दे को लेकर रविवार को ही देउबा और प्रचंड के बीच का गठबंधन टूट गया और आनन फानन में ही प्रचंड और ओली की मुलाकात में सबकुछ तय हो गया। ओली नेपाली कांग्रेस गठबंधन को सत्ता से दूर रखने के लिए कुछ भी कुर्बानी को तैयार थे। इधर नेपाली कांग्रेस गठबंधन के सरकार न बनने को नेपाल की राजनीति में भारत की चीन से कूटनीतिक हार की दृष्टि से देखा जा रहा है। अब भारत इस नाकामयाबी को ढकने के लिए अपने रटे रटाए तर्क, कि भारत की नीति किसी दूसरे देश के आंतरिक मामले में दखल की नहीं रही है,का इस्तेमाल करेगा।

एमाले सहित प्रचंड के गठबंधन के सहयोगियों का जो नाम सामने आ रहा है, उस हिसाब से वे सरकार बनाने के जरूरी संख्या 138 के मुकाबले 164 की संख्या जुटाने में कामयाब दिख रहे हैं।

आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने के लिए मात्र दो सीटों की कमी के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभरा था। नेपाली कांग्रेस को यदि अकेले ही बड़ा दल मानें तो भी 79 सीटों के साथ नेपाली कांग्रेस संसद में बड़ा दल है। राष्ट्रपति को लगता है कि ऐसी सरकार स्थिरता देने में सफल नहीं होगा तो उसे गठबंधन के साथ सरकार बनाने का विकल्प देने का अधिकार है। फिलहाल प्रचंड के नेतृत्व में नेपाल की नई सरकार का रुख भारत के प्रति कैसा होगा,यह काफी कुछ पूर्व पीएम ओली की भारत के प्रति नीतियों पर निर्भर है। ओली का भारत के प्रति जो रुख है, वह भारत विरोध का ही है।

**कोविड-19** घबराने के बजाय विवेक से काम लेने की है आवश्यकता

# भारत में कोरोना की चौथी लहर की आशंका नहीं

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

राष्ट्रीय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने रविवार को कहा कि भारत में वर्तमान कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए, घबराने के बजाय विवेक से काम लेने की आवश्यकता है, क्योंकि तीन सुरक्षित टीकाकरण और हर्ड इम्युनिटी के कारण देश में चौथी लहर की आशंका नहीं है। डॉ. पुरोहित ने कहा कि चीन कोरोना के अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन स्ट्रेन, खासकर बीएफ.7 की चपेट है जो मुख्य वेरिएंट और यह संक्रमण बेहद तेजी से बड़े पैमाने पर लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। तुलनात्मक रूप से चीन अभी ज्यादा कमजोर है, संभवतः इसके लिए कम वैक्सीन दक्षता,



कम प्राकृतिक प्रतिरक्षा, खराब टीकाकरण रणनीति जिम्मेवार हैं जिसमें वृद्ध और असुरक्षित लोगों के बजाय युवा और स्वस्थ लोगों को प्राथमिकता दी गयी।

जानेमाने महामारी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने कहा कि अभी बड़े पैमाने पर जांच करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने किसी भी नए वेरिएंट के प्रवेश पर नजर रखने के लिए हवाई अड्डे पर आकस्मिक परीक्षण करने का सही निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि परीक्षण के लिए आकस्मिक लोगों का चयन करने के लिए थर्मल स्क्रीनिंग की जा सकती है। उन्होंने कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि देश की लगभग 90 प्रतिशत पात्र आबादी टीके की दो खुराक ले चुकी है। उन्होंने बल देकर कहा कि जिन लोगों ने अभी तक एहतियाती टीका नहीं लिया है, उन्हें जल्द से जल्द टीका लगवाना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के प्रधान अन्वेषक डॉ. पुरोहित ने कहा कि भारत में लहर तभी आ सकती है जब कोई नया वेरिएंट सामने आए जो भारत में पहले कभी नहीं आया हो। उन्होंने कहा कि भारत की पात्र आबादी में से 97 प्रतिशत ने पहली खुराक ले ली है, जबकि 90 प्रतिशत ने दूसरी खुराक भी ले ली है। लेकिन, पात्र आबादी में से केवल 27 प्रतिशत ने अबतक एहतियाती खुराक ली है। उन्होंने कहा कि भारतीयों में हाइब्रिड प्रतिरक्षा विकसित हो चुकी है जो किसी व्यक्ति को रुग्णता/मृत्यु के साथ-साथ भविष्य के संक्रमणों के खिलाफ ज्यादा सुरक्षित बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत को उनके नागरिकों द्वारा रोकथाम, शीघ्र निदान और अच्छी टीकाकरण रणनीति जैसे स्वैच्छिक कार्यों से लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया है और किसी यात्री में कोविड-19 संक्रमण के लक्षण पाए जाते हैं या सकारात्मक परीक्षण निकलता है, तो उन्हें क्वारंटाइन किया जाएगा।

# देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 227 नये मामले, कुल एक्टिव केस 3,424

**भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से कोरोना फैलने की आशंका**

**ब्यूरो। नयी दिल्ली**

भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के 227 नये मामले सामने आये हैं। इन्हें जोड़कर कुल केस 3,424 हो गये हैं। भारत के 684 जिलों के कोरोना आंकड़ों के अनुसार, आठ जिलों में कोरोना संक्रमण 5 प्रतिशत से ज्यादा है। इनमें अरुणाचल प्रदेश के लोहित में 5.88 प्रतिशत, मेघालय के री भोई में 9.09 प्रतिशत, राजस्थान के करौली में 5.71 प्रतिशत, गंगानगर में 5.66 प्रतिशत, तमिलनाडु के डिंडीगुल में 9.80 प्रतिशत, उत्तराखंड के नैनीताल में 5.66 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में 14.29 प्रतिशत तथा उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 11.11 प्रतिशत है। इस बारे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया का कहना है कि कोरोना मामलों में कोई अप्रत्याशित वृद्धि नहीं हुई है। भारत फिलहाल एक ठीक स्थिति में है।

भारत में लोगों को 'हाइब्रिड इम्युनिटी' विकसित होने के कारण प्राकृतिक प्रतिरक्षा के लाभ की स्थिति है। फिर भी सतर्क रहने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने की जरूरत है। यात्रा करने व भीड़भाड़ वाली जगहों में जाने से कोरोना संक्रमण बढ़ने की आशंका है। इसलिए, इसकी हर जरूरी सावधानी बरतनी जरूरी है। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी जिले में संक्रमण दर 1.13 प्रतिशत तथा दक्षिण गोवा में 1.10 प्रतिशत तथा उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 2.67 प्रतिशत है। केरल के आठ जिलों में संक्रमण दर एक प्रतिशत से ज्यादा है। इसमें पथानामथिट्टा में 2.30 प्रतिशत, कोट्टयम में 2.16 प्रतिशत, कोलम में 1.97 प्रतिशत, एर्नाकुलम में 1.85 प्रतिशत, इडुक्की में 1.31 प्रतिशत, कन्नूर में 1.29 प्रतिशत, तिरुवनंतपुरम में 1.15 प्रतिशत तथा कोझिकोड में 1.04 प्रतिशत है। राजस्थान के आठ जिलों में संक्रमण दर एक प्रतिशत से ज्यादा है। इसमें करौली में 5.71 प्रतिशत, गंगानगर में 5.66 प्रतिशत, नागौर में 4.88 प्रतिशत, जयपुर में 3.37 प्रतिशत, भरतपुर में 1.85 प्रतिशत, चूरू में 1.72 प्रतिशत, झुंझुनू में 1.59 प्रतिशत तथा आमेर में 1.39 प्रतिशत है। कर्नाटक के बेंगलुरु शहरी क्षेत्र में संक्रमण दर 1.98 प्रतिशत है।

## NEWS इन ब्रीफ

### आज महाराजा अहिबरन की जयंती मनाई जयेगी

**रांची।** सोमवार को बरनवाल जाति के महाराजा अहिबरन की जयंती द कार्निवाल बैंक्विट हॉल, बिरसा राजपथ, रांची में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में महाराज अहिबरन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अध्यक्षीय भाषण के साथ शुरू होगा। बच्चे, महिलाओं के द्वारा नृत्य-संगीत होगा और प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण होगा। इस कार्यक्रम के लिए स्थानीय सांसदबग संजय सेठ एवं विधायक नवीन जायसवाल को विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया है। इसकी जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मोती लाल बरनवाल ने दी।

### सुशासन दिवस पर असहायों और बच्चों के बीच कंबल का वितरण

**रांची।** भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने सुशासन दिवस के मौके पर रविवार को थाना क्षेत्र के मेड़ी गांव में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने 80 असहायों के बीच कंबल तथा 40 बच्चों के बीच स्वेटर तथा जैकेट बांटा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्यवासियों को केवल हसीन सपने दिखा रही है। मौके पर अमृत महतो, वीर सिंह मुंडा, अर्जुन महतो, सुरेश महतो, जनार्दन साहू आदि मौजूद थे।

### भाजयुमो ने वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, रांची महानगर की ओर से रविवार को धुर्वा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजयी मनीष पांडे, प्रिंस कुमार और कार्तिक रॉय को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रोमित नारायण सिंह ने की।

### अटलजी के जन्म दिवस पर मरीजों को कंबल बांटे

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर रिम्स में रविवार को मरीजों को कंबल बांटे गए। पूर्व पीएम के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए कांके विधायक समरीलाल के नेतृत्व में मरीजों को कंबल दिए गए। उन्होंने मरीजों की कुशलक्षेम भी ली। चिकित्सकों-कर्मचारियों को मरीजों का बेहतर इलाज करने को भी कहा।

### गोपाल मंदिर कमेटी ने 245 गरीबों में बांटा कंबल

**रांची।** कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदो के लिए गोपाल मंदिर से सदस्य आगे आये सदस्यों ने 245लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। शीतलहर के प्रकोप में गरीब-असहाय लोगों के सामने कड़ाके की सर्दी मुसीबत बनकर खड़ी हो जाती है।

## चुनौतियों से निपटने को लेकर भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक

# पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल पार्टी में अंदरूनी गुटबाजी पर लगाम कसने और पार्टी आलाकमान के संदेशों के साथ झारखंड दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने कोर ग्रुप के सदस्यों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय में की। वहीं उन्होंने संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा के साथ भी रविवार सुबह जाकर मुलाकात की। प्रांत प्रचारक के साथ चली आधे घंटे से अधिक के बैठक में संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह भी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, हाल के दिनों में भाजपा ने देशभर में सर्वे कराया था, जिसमें झारखंड भाजपा को लेकर अनुकूल रिपोर्ट नहीं मिली थी। बंसल अपने तीन दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर 23 दिसंबर को रांची पहुंचे थे। खूंटी एवं रांची ग्रामीण जिला के द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों एवम कार्यक्रमों में शामिल होते हुए 24 की शाम रांची पहुंचे थे। रविवार को सुनील बंसल ने जगन्नाथपुर मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा की और अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के अवसर पर विधानसभा परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। 11बजे प्रदेश कार्यालय के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रमों को प्रदेश कार्यालय में सुना। तत्पश्चात प्रदेश की बैठक में शामिल हुए। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में बंसल का यह पहला झारखंड प्रवास था। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कोर कमेटी सदस्यों, पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए सुनील बंसल ने कहा कि झारखंड में भाजपा की अनुकूलता है। इसलिए चुनौतियां भी हैं, जिसे हम सब मिलकर अवसर में बदलें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सोच में व्यापक परिवर्तन आया है। भाजपा गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी, पिछड़े, वंचित सभी समाज की पार्टी है। पार्टी आज सर्व व्यापी, सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है। सभी वर्गों से युवा नेतृत्व खड़ा करने पर बल देते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे ज्यादा युवा शक्ति वाला देश है जिसे संगठन के माध्यम से देश के निर्माण में जोड़ना है। पार्टी की मजबूत सांगठनिक संरचना पर बोलते हुए कहा कि जिलों की तरह अब पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बिंदु मंडल बने इस दिशा में अब लगातार कार्य करने की आवश्यकता है।

## इराकीन का चुनाव हुआ संपन्न

**रांची।** जमीयतुल इराकीन रांची का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कुल 734 मतदाताओं में से 457 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महासचिव पद का चुनाव नहीं हुआ। यह निर्विरोध जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर पूर्व डीडीसी हसीब अख्तर और महासचिव पद पर सैफुल हक ने जीत दर्ज की है। यही हाल उपाध्यक्ष का था। दस्तगीर आलम उपाध्यक्ष निर्विरोध रहे। संयुक्त सचिव और कोषाअध्यक्ष और कार्यकारी समिति का चुनाव हुआ। जमीयतुल-इराकीन के विभिन्न पदों के लिए चुनाव बैलेट पेपर से कराया गया। देर रात तक चली मतगणना के बाद संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक एक उम्मीदवार और मजलिस-ए-आमला के लिए 11 उम्मीदवारों का चयन किया गया। 244 वोट पाकर गयासुद्दीन जमीयत के संयुक्त सचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए मुजाहिद सोहेल 222 वोट हासिल कर निर्वाचित हुए।

## निर्मल महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा शहीद निर्मल महतो की 72 वीं जयंती निर्मल महतो चौक स्थित मनाई गई। शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। आंदोलनकारियों ने शहीद निर्मल महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर झारखंड के सुविख्यात आंदोलनकारी धोती पहन की जयंती पर उन्हें भी याद किया गया।

इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो, भुनेश्वर केवट अशोक कुमार साहू, अर्जुन प्रजापति, हेमलाल मेहता, महावीर मुंडा, रमेश कुमार साहू व अन्य थे।

# 22वां झारखंड राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप रामगढ़ में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के निर्देशन द्वारा आयोजित 22वा झारखंड राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप का मेजबानी इस बार रामगढ़ जिला टेबल टेनिस संघ करेगा। रामगढ़ जिला टेबल टेनिस संघ के चेयरमैन हिमांशु कुमार झा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक रामगढ़ के प्रतिष्ठित स्कूल श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन कर लिया गया है, जिसमें रामगढ़ जिला टेबल टेनिस संघ के चेयरमैन हिमांशु कुमार झा, अध्यक्ष प्रवीण कुमार राजगढ़िया, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा,श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हरजाव सिंह गांधी कर्यकारी अध्यक्ष सह आयोजन सचिव कीर्ती गौरव, वरीय उपाध्यक्ष अरुण किरण मुखर्जी, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, हरमीत सिंह कालरा, जिला संघ के सचिव राकेश कुमार मिश्रा, कार्यकारी सचिव सनी कुमार, सह सचिव दिनेश कुमार एवं गौतम सिंह बम, नीरज कुमार, प्रवीण कुमार मुख्य रूप से शामिल है। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सह सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे राज्य के सभी जिलों से लगभग 200 से 250 बच्चे सिरकत करेंगे। जहां कैडेट, सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के महिला व पुरुष का सिंगल और डबल मैच सहित जिला चैंपियनशिप होगा। यहीं के निर्णय से खिलाड़ियो का चयन होगा जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हरजाब सिंह गांधी ने कहा कि हम अपने परम्परा एवं प्रतिष्ठा के अनुरुप बेहतरीन आयोजन करेंगे , जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं, उन्होंने कहा हम आभार प्रकट करते हैं झारखण्ड टी टी संघ एवं रामगढ़ जिला संघ का जिन्होंने हम पर विश्वाश जताया और जिला संघ के साथ मिलकर अच्छे से आयोजन करेंगे।

## खिताबी मुकाबला आज

**रांची।** 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला रविवार को हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा । चैंपियनशिप का फाइनल मैच रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं मध्य रेलवे के बीच खेला जाएगा जबकि तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे के बीच मुकाबला होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची रेल मण्डल द्वारा हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दिनांक 20 दिसंबर 2022 से 26 दिसंबर 2022 तक आयोजित 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप के अंतर्गत रविवार को दोनो सेमी फाइनल मैच खेले गए। पहला सेमी फाइनल मैच न्यायाधीश बी बी मंगलमूर्ति की मुख्य उपस्थिती में रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं उत्तर मध्य रेलवे के बीच तथा दूसरा सेमी फाइनल मैच मण्डल रेल प्रबन्धक प्रदीप गुप्ता की मुख्य उपस्थिती में दक्षिण पूर्व रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच खेला गया।

# कोरोना से बच्चों को बचने के लिए अभिभावक से सतर्क रहने की अपील



**कोरोनावायरस में वृद्धि के खतरे को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक कर स्वास्थ्य इंतजामों की समीक्षा की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने प्रदेश के अभिभावकों और बच्चों से कोरोनावायरस के खतरे को देखते हुए सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि समाचार पत्रों में लगातार यह पढ़ने को मिल रहा है की चीन की धरती से एक बार फिर कोरोनावायरस सहित अन्य कई देशों में कोरोना संक्रमण के खतरे को बढ़ा दिया है। चीन समेत कई देशों में कोरोनावायरस में वृद्धि के खतरे को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक कर स्वास्थ्य इंतजामों की समीक्षा की । जिसके बाद प्रधानमंत्री ने सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अजय राय ने अभिभावकों एवं बच्चों से अपील की है कि कोविड-19 के गाइडलाइन को देखते हुए कुछ एहतियात जरूरी है। (1) अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल में मास लगाकर एवं सेनीटाइजर के साथ भेजें,( 2 ) बच्चे छीकते और खासते वक्त अपने मुंह को ढके (3) भीड़ भाड़ वाले एरिया में जाने से बचे (4)आपस में कम से कम 1 मीटर की दूरी बना कर सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें ( 5 ) मास का प्रयोग करें( 6) पौष्टिक भोजन करें( 7) सैनिटाइजर का प्रयोग करें( 8)अपने शरीर के इम्यूनिटी सिस्टम को ताकतवर बनायें। अजय राय ने कहा कि हमें कोविड 19 गाइड लाइन का पूरी तरीके से पालन करना होगा तभी हम इस कोरोना के संक्रमण से लड़ सकते हैं। इसमें साफ है ₹₹ सावधानी हटी दुर्घटना घटी₹₹ वाली कहावत चरितार्थ होगी इसे हर एक अभिभावक एवं बच्चों को समझने की जरूरत है।

# सात दिवसीय जनजातीय चित्रकला कार्यशाला का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र, कोलकाता संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वधान में 19 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर तक सात दिवसीय जनजातीय चित्रकला कार्यशाला का समापन डॉ रामदयाल मुंडा कला भवन में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यशाला में कुल 50 प्रतिभागियों ने सोहराई, कोहबर, जादूपटिया, पेटकार पेंटिंग सीखें । इस जनजातीय चित्रकला कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पेटकार पेंटिंग में गणेश गायन, सोहराय पेंटिंग में अनीता देवी वहीं जादूपटिया के प्रशिक्षक के रूप में छोटू राम ने अपनी अहम भूमिका। आज के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र देव सिंह कार्यक्रम समिति सदस्य झारखंड , पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता उपस्थित होकर प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र बांटे एवं प्रशिक्षकों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों में ज्ञान का प्रकाश होता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। बच्चे कच्ची मिट्टी की घड़ा की तरह होती हैं उन्हें जिस ढांचे में ढाला जाये वह आसानी से ढल जाते हैं। इस लिए शिक्षकों का इसमें बड़ाया योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल आनंद ने किए। इस अवसर पर डॉ रामदयाल मुंडा कला भवन के नवीन पाठक, विजय कुमार सिंह, राजकुमार ईटों बॉस, एस के बॉस आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेमिनार | क्रिसमस पर आई फेस्ट का आयोजन

# नेत्र विशेषज्ञों ने कहा, देर से लोग कराते हैं इलाज




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स और रांची ओफ्थोल्मिक फोरम एंड रीजनल इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें करीब राज्यभर से आए 100 नेत्र चिकित्सकों ने भाग लिया। इस साइंटिफिक सेमिनार और क्रिसमस मिलन समारोह की संयोजिका भारती कश्यप ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। नेत्र रोग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ भारती कश्यप ने बताया कि यह सेमिनार क्रिसमस के मौके पर आयोजन किया गया है, लेकिन जिस तरह से आंखों की समस्या आज की तारीख में हर उम्र के लोगों में देखने को मिल रही है, वह कहीं ना कहीं चिंता का विषय है। इसी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए आई फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मौजूद रिम्स के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि आज भी 30 से 40% लोग अपने आंखों के प्रति गंभीर नहीं हैं। जिस तरह से वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, वह सीधा आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन लोग इसको लेकर सजग नहीं हैं। जिस वजह से आंखों की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है। जरूरत है कि लोग अपने शरीर की तरह आंखों की भी नियमित रेटिना चेक उप करवाते रहें और समस्या आते ही आंखों से जुड़े डॉक्टरों की तुरंत सलाह लें। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर दीपक लकड़ा ने बताया कि कई बार मरीजों को अचानक अपनी दृष्टि के क्षेत्र में किसी विशेष वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है या फिर उस वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने पर धुंधलापन अनुभव होता है। ऐसे में संबंधित लोगों को अपनी आंख जांच कराने की जरूरत है, क्योंकि इस तरह की समस्या भविष्य में मरीज के लिए मुसीबत ला सकती है। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों ने कई बीमारियों को लेकर चर्चा की, जिसमें यह बताया गया कि यदि मरीज मधुमेह जैसे रोग या उच्च रक्तचाप से पीड़ित है तो यह मधुमेह संबंधित रेटिनोपैथी जैसे रेटिना संबंधित समस्याओं को जन्म दे सकता है जो अंधापन के प्रमुख कारणों में से एक है। इसके अलावा रतौंधी और धुंधली दृष्टि की भी समस्या आज की तारीख में लोगों के बीच देखने को मिलती है, जरूरत है कि लोग अपनी आंख की बीमारियों के प्रति ज्यादा से ज्यादा गंभीर हो ताकि अपने स्वस्थ आंखों से दुनिया देख सके। जिन मरीजों की उम्र 40 से ऊपर है या फिर वह ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं, वैसे लोगों को समय-समय पर डॉक्टर से जांच करानी चाहिए जिससे कि ग्लूकोमा और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों से लोग बच सके।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव का...**

और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड का प्रमुख त्योहार सरहुल, मागे, सोहराई एवं टुसू और नृत्य के नाम पर छऊ, पाईका, झुमर एवं दसाई पर सभी सेक्शन के नाम रखे गये हैं। **महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित होगा गांधी म्यूजियम :** खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि विचार है। खादी भारतीय कपड़ा विरासत का प्रतीक है। खादी की असली पहचान महात्मा गांधी और भारत की आजादी की लड़ाई से है। इसलिए हर बार की तरह राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन के हर पहलुओं को समेटे उनकी तस्वीरों के माध्यम से उनके जीवन पर आधारित गांधी म्यूजियम होगा। जिससे लोग गांधी के विचारों के साथ खादी के महत्व को समझ पायेंगे। श्री बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम 28 दिसम्बर से आठ जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य, गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका, आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे, वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे। इसलिए मुख्य स्टेज का नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम पर रखा गया है। **स्वादिष्ट व्यंजनों का उठा पायेंगे लुफ्त :** महोत्सव में झारखंडी धुस्का, बर्रा से लेकर अलग-अलग राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी स्टॉल शामिल होगा। साथ ही कारपेट एरिया तरह-तरह के फर्नीचर, कुकरी आइटम्स और कालीन से गुलजार रहेगा।

**मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो...**

लिए सरकार कृत संकल्पित है। शहीदों के परिजनों, उनके आश्रितों को पेंशन के साथ नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण समेत कई अन्य सुविधाएं देने का निर्णय लिया है।

**पलामू : राजू तिर्की गिरोह के सात...**

सिंह, पीयूष सिंह,रोशन पासवान, आदर्श सिंह, पवन राज का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 3 देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल,पांच जिंदा गोली और 7 मोबाइल फोन बरामद किया है। छापामारी अभियान में शामिल टीम शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, एसआई रवि शंकर कुमार, जितेंद्र कुमार, टिओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा,टीओपी टू प्रभारी रुद्रनंद सरस, टाइगर मोबाइल के जवान संदेश पाल, संतन कुमार, राकेश सिंह, अनिल पासवान, शिवानंद यादव ,जावेद अंसारी,सरवन यादव, नवलेश कुमार शर्मा, हरजीत पासवान ,रजनीश प्रसाद,प्रफुल्ल कुमार सिंह,पप्पू कुमार राम,अमित सौरभ,पंकज कुमार राम,मुकेश कुमार सिंह,जयंत दुबे,सुखेश्वर यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**2022 के लिए बड़ी सफलताओं...**

के मैदान में भी भारत का प्रदर्शन सुधरा है। राष्ट्रमंडल खेल हो, या हमारी महिला हॉकी टीम की जीत, हमारे युवाओं ने जबरदस्त सामर्थ्य दिखाया है। अतीत का अवलोकन तो हमेशा हमें वर्तमान और भविष्य की तैयारियों की प्रेरणा देता है। 2022 में देश के लोगों का सामर्थ्य, उनका सहयोग, उनका संकल्प, उनकी सफलता का विस्तार इतना ज्यादा रहा कि 'मन की बात' में सभी को समेटना मुश्किल होगा।' उन्होंने कहा कि वर्ष 2022, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का विस्तार के लिए भी जाना जायेगा। देश के लोगों ने एकता और एकजुटता का उत्सव मनाने के लिए भी कई अद्भुत आयोजन किये। गुजरात के माधवपुर मेला हो, जहां, रुक्मिणी विवाह और भगवान कृष्ण के पूर्वोतर से संबंधों का उत्सव आयोजिया किया जाता है या फिर काशी-तमिल संगमम हो, इन पर्वों में भी एकता के कई रंग दिखे। 2022 में देशवासियों ने एक और अमर इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि 2022 में अगस्त के महीने में चला 'हर घर तिरंगा' अभियान अविस्मरणीय है। वो पल थे हर देशवासी के रौंगटे खड़े हो जाते थे। आजादी के 75 वर्ष के इस अभियान में पूरा देश तिरंगामय हो गया। छह करोड़ से ज्यादा लोगों ने तो तिरंगे के साथ 'सेल्फी' भी भेजीं। आजादी का ये अमृत महोत्सव अभी अगले साल भी ऐसे ही चलेगा- अमृतकाल की नींव को और मजबूत करेगा।

**बूढ़ा पहाड़ पर फतह है साल की...**

को ही पुलिस ने गिरफ्तार किया, 2022 में झारखंड पुलिस के द्वारा तीन सैक मेम्बर, चार जोनल कमांडर, सात सब जोनल कमांडर और 16 एरिया कमांडर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। **15 ने डाले हथियार, 12 मार गिराये गये :** एक तरफ जहां झारखंड पुलिस की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा था, वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए भी प्रेरित किया जा रहा था। साल 2022 में अब तक 15 हार्डकोर नक्सली पुलिस के सामने हथियार डाल चुके हैं। विमल यादव, महाराज प्रमाणिक, सुरेश सिंह मुंडा, भवानी सिंह खेरवार, विमल लोहरा, अभय जी जैसे कुख्यात नक्सलियों ने हथियार डाले। इन सब पर मिलाकर कुल 49 लाख का इनाम भी घोषित था। इसके अलावा झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के द्वारा चलाये गये अभियान के दौरान 12 कुख्यात नक्सली मारे गये जिनमें लाखा पाहन, दिनेश नागेशिया और काली मुंडा जैसे दुर्दांत शामिल थे। **हथियार और असलहे भी हुए रिकॉर्ड मात्रा में हुए बरामद :** साल 2022 में झारखंड पुलिस के द्वारा चलाया गया जोरदार अभियान में भारी मात्रा में असहला और गोला बारूद भी बरामद किये गये। इस दौरान पुलिस से लूटे गये 45 हथियार भी बरामद किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय के आंकड़ों के अनुसार अभियान में 171 उम्दा हथियार जिनमें एके-47 भी शामिल है, बरामद किया गया है। वहीं, बाइक रेगुलर वेपन के साथ-साथ कंट्री मेड कुल 94 हथियार भी पुलिस ने बरामद किये हैं। अभियान के दौरान साल 2022 में नवम्बर महीने तक 16033 किलो विस्फोटक, आईईडी-800, बारूद-530 केजी और एक करोड़ तीन लाख रुपये भी रिकवर किये गये हैं। **2009 में शुरू हुआ ऑपरेशन ग्रीन हंट :** राज्य सरकार अपने खुद के बूते पर नक्सलियों से लोहा लेने में नाकामयाब रही थी, ऐसे में नक्सलियों को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की पैरामिलिट्री फोर्स और राज्य बलो का एक संयुक्त अभियान साल 2009 में शुरू किया गया जिसे ऑपरेशन ग्रीन हंट का नाम दिया गया था। हालांकि, ऑफिशियल रूप से सुरक्षा बलों ने कभी भी इस ऑपरेशन को ग्रीन हंट के नाम से इंगित नहीं किया। झारखंड सहित रेड कॉरिडोर में आनेवाले पांच राज्यों में नवम्बर, 2009 में इस अभियान को शुरू किया गया था। ऑपरेशन ग्रीन हंट भी काफी सफल रहा है और कई नक्सलियों को इसके जरिये ढेर किया गया है। वहीं, कई नक्सलियों ने आत्ममसमर्पण किया है। सबसे महत्वपूर्ण इस ऑपरेशन के जरिये कई नक्सली हमलों को रोकने में भी मदद मिली। 2009 से लेकर 2016 तक नक्सली लगातार पुलिस पर हावी होने के लिए बड़े हमले करते रहे, लेकिन 2017 से लेकर 2022 तक पुलिस की विशेष रणनीति की वजह से झारखंड में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। अगर जिस तरह का अभियान झारखंड में वर्तमान समय में चल रहा है उसे आगे भी संजीदगी के साथ जारी रखा जाये तो आनेवाले वर्ष में झारखंड से नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है।

NEWS इन ब्रीफ

### बीसीसीआई जल्द कर सकता है नयी चयन समिति का ऐलान

**नागपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द नयी चयन समिति का ऐलान कर सकता है। बोर्ड न्यूजीलैंड सीरीज के पहले जल्द से जल्द सभी उम्मीदवारों के इंटरव्यू कराना चाह रहा है। वहीं, रोहित शर्मा की टी-20 कप्तानी को लेकर भी फैसला नये साल में ही किया जाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड दौरे से पहले अगर बोर्ड को नई चयन समिति का गठन करना चाहता है तो इसके लिए अभी 15 दिन का समय है। संभव यह भी है कि बोर्ड चेतन शर्मा की अगुवाई वाली पुरानी चयन समिति को ही टीम का ऐलान करने को कह सकती है।

### सुनील गावस्कर की मां का निधन

**मुंबई।** पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर की मां का रविवार को निधन हो गया। उनकी तबीयत लंबे समय से खराब चल रही थी। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के नॉकआउट मैचों के लिए गावस्कर कमेंट्री करने नहीं पहुंचे पाये थे, क्योंकि उस समय भी वह अपनी बीमार मां को देखने चले गए थे। फिलहाल गावस्कर भारत और बांग्लादेश के बीच चल रही टेस्ट सीरीज की कमेंट्री के लिए बांग्लादेश में मौजूद थे। गावस्कर लंबे समय से प्रोडक्शन में हैं और लगातार कमेंट्री करते हुए देखे जाते हैं।

### पाकिस्तानी टीम में हुए बड़े बदलाव

**एजेंसी।** कराची

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद आफरीदी अब चीफ सेलेक्टर बन गए हैं। शनिवार को उन्हें पीसीबी द्वारा सेलेक्शन कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शाहिद आफरीदी ने यह पद संभालते ही टीम में कई अहम बदलाव किए हैं। सोमवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की सीरीज में पाकिस्तान ने अपनी टीम में बदलाव किए हैं। पाकिस्तान टीम ने इस सीरीज के लिए मीर हमजा, शहनवाज दहानी और साजिद खान को टीम में शामिल किया है।

### श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए कल होगा टीम इंडिया का ऐलान

**नागपुर।** भारत और श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरूआत 10 जनवरी से होनी है। वहीं, इस वनडे सीरीज के लिए अगले हफ्ते टीम इंडिया का ऐलान किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान होगा। वनडे सीरीज में भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा की वापसी हो सकती है। हालांकि, रोहित, बुमराह और जडेजा वनडे सीरीज के पहले होने वाले टी-20 सीरीज से बाहर रह सकते हैं। टीम इंडिया के स्क्वॉड के ऐलान अगले हफ्ते हो सकता है।

# बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में रौंदकर भारत ने रचा इतिहास

## एशिया में दर्ज की लगातार 18वीं सीरीज जीत, स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने की ताबड़तोड़ बैटिंग

**एजेंसी। मीरपुर**

बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर टेस्ट में टीम इंडिया ने तीन विकेट से जीत हासिल की। रविवार को भारत ने इस मैच के साथ बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी जीत ली। एक वक्त पर यह टेस्ट मैच टीम इंडिया की पकड़ से निकल रहा था और हार का खतरा मंडराने लगा था, लेकिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एक बार फिर अपना कमाल दिखाया और भारत को मैच जिता दिया। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इस जीत के बाद टीम इंडिया ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, भारत की एशिया के अंदर लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत थी। बांग्लादेश ने भारत को 145 रनों का लक्ष्य दिया था। टीम इंडिया शनिवार को ही 45 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा चुकी थी। चौथे दिन का खेल शुरू हुआ था टीम के पास छह विकेट थे और 100 रनों की जरूरत थी। लेकिन यहां भारतीय टीम लड़खड़ा गयी और 74 के स्कोर पर ही सात विकेट गंवा दिये।

**एशिया के अंदर लगातार 18वीं जीत :** बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते के साथ ही भारतीय टीम ने एशिया में टेस्ट सीरीज में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत दर्ज कर ली है। भारत को आखिरी बार एशिया में इंग्लैंड ने साल 2012-13 में हराया था। उस वक्त टीम इंडिया घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, उसके बाद से टीम इंडिया ने एशिया के अंदर शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार 18वीं सीरीज जीत दर्ज करने में सफल रही है।




### बांग्लादेश से कभी टेस्ट मैच नहीं हारा है भारत

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत के साथ ही भारत ने साल 2000 से लेकर अभी तक अपने एक बड़े रिकॉर्ड को कायम रखा है। दरअसल, टीम इंडिया आजतक बांग्लादेश से टेस्ट मैच में नहीं हारी है। 2015 में बांग्लादेश भारत से एक मैच ड्रॉ करा पायी थी, पर भारत इस मुकाबले में पराजित नहीं हुआ था। वहीं, पिछले 13 टेस्ट मैच की बात करें तो इसमें 11 मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं जबकि दो मुकाबले दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं।

### अश्विन ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर पलटा गेम, बांग्लादेश से छीनी जीत

**टीम** इंडिया बैकफुट पर आयी तो श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने साझेदारी की। शुरुआत में दोनों ने विकेट को बचाया, लेकिन उसके बाद अश्विन ने फ्रंटफुट पर खेलना शुरू किया और तेजी से रन बटोर लिये। रविचंद्रन अश्विन ने अपनी पारी में 62 बॉल में 42 रन बना दिये, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। श्रेयस और अश्विन के बीच 71 रनों की साझेदारी हुई और यहीं बांग्लादेश का सपना टूट गया। क्योंकि अगर बांग्लादेश तीन विकेट झटक लेता तो यह टेस्ट मैच उसके नाम होता। साथ ही टेस्ट इतिहास में यह बांग्लादेश की भारत के खिलाफ पहली जीत होती, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। इस मैच में शानदार परफॉर्मेंस के लिए रविचंद्रन अश्विन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। अश्विन ने इस मैच में छह विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में मैच विनिंग 42 रनों की पारी खेली। रविचंद्रन अश्विन ने इस मैच में एक और उपलब्धि हासिल की और अपने नाम तीन हजार टेस्ट रन भी कर लिए। रविचंद्रन अश्विन अब कपिल देव, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड, शेन वॉर्न और सर रिचर्ड हेडली की श्रेणी में आ गये हैं, जिनके नाम 3000 से अधिक रन और 400 से अधिक विकेट दर्ज हैं।

### हमसे गलतियां हुईं...




**बांग्लादेश** के खिलाफ मीरपुर टेस्ट 3 विकेट से जीतने के बाद कप्तान केएल राहुल ने बताया कि कैसे ड्रेसिंग रूम में टेंशन का माहौल था और हर कोई अश्विन-श्रेयस पर भरोसा जताये हुआ था। केएल राहुल बोले कि जो भी क्रीज पर होता है, टीम उसपर पूरा भरोसा करती है। सीरीज जीतने के बाद कप्तान केएल राहुल ने कहा कि जो प्लेयर मैदान में होते हैं आपको उनपर विश्वास करना होता है। हमने इस तरह के कई मैच खेले हैं, ऐसे में हर किसी पर भरोसा है। आज अश्विन और श्रेयस ने अंत में आसानी और स्टाइलिश तरीके से इस मैच को खत्म किया। दोनों ने टीम इंडिया को जीत दिलायी है, हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि यह सीरीज आसान होगी। केएल राहुल बोले कि बांग्लादेश ने बेहतरीन खेल दिखाया, आखिर में ड्रेसिंग रूम में टेंशन का माहौल था। क्योंकि यह पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हमने कुछ गलतियां भी कीं, लेकिन उनसे सीख मिलेगी और आगे हम सुधार करेंगे।

# वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में टीम इंडिया का पहुंचना पक्का!

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत ने बांग्लादेश को उसी के घर में हराकर कमाल कर दिया है। दो टेस्ट मैच की सीरीज में टीम इंडिया ने 2-0 से जीत हासिल की। भारत की साल 2022 में यह आखिरी सीरीज थी, जिसमें उसे जीत हासिल हुई। अब टीम इंडिया की नजर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल पर टिकी हैं, क्योंकि इस सीरीज जीत के साथ भारत की स्थिति काफी मजबूत हो गई है। बांग्लादेश के खिलाफ मिली 2-0 से जीत के बाद टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की प्वाइंट टेबल में नंबर-2 पर पहुंच गई है। अब उससे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही है, जिसके खिलाफ भारत को अभी अपने घर में ही टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऐसे में टीम इंडिया का फाइनल में पहुंचने का चांस बरकरार है।

### टॉप-2 टीमों के बीच होता है फाइनल

**वर्ल्ड** टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल प्वाइंट टेबल में टॉप-2 में रहने वाली टीम में होता है। पिछली बार भारत और न्यूजीलैंड का फाइनल हुआ था, जिसमें न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की थी। टीम इंडिया को इस टेस्ट चैम्पियनशिप में अभी चार मैच और खेलने हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने हैं। ऐसे में टीम इंडिया को अगर फाइनल में अपनी जीत पक्की करनी है, तब उसे ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में मात देनी ही होगी। टीम इंडिया अगर ऑस्ट्रेलिया को घर में 4-0 से हरा देती है, तब उसका जीत प्रतिशत 68.1 होगा और उसका फाइनल में पहुंचना पक्का हो जायेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को मात देना इतना भी आसान नहीं है और यहां टीम इंडिया को जीत हासिल करने के लिए जान लगा देनी होगी।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत को जब पहले टेस्ट मैच में जीत मिली थी, तब वह नंबर-3 पर थी। अब 2-0 की जीत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के हाथों साउथ अफ्रीका को मिली हार से टीम इंडिया को यह फायदा पहुंचा है। सीरीज खत्म होने के बाद भारत का जीत प्रतिशत 58.93 फीसदी हो गया है, जबकि तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है जो 54.55 जीत प्रतिशत के साथ है। इस वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में टीम इंडिया ने 8 मैच जीते हैं, 4 मैच हारे हैं और 2 मैच ड्रॉ भी रहे हैं। टीम इंडिया अभी तक 5 सीरीज खेल चुकी है, जबकि उसने चार प्वाइंट पेनल्टी में भी गंवाये हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी ने गर्लफ्रेंड से रचायी शादी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के लिए इस समय खुशी का माहौल बना हुआ है। उनके स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ अब शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनका यह निकाह शनिवार (24 दिसम्बर) को इस्लामाबाद में कुछ करीबी रिश्तेदारों के बीच ही हुआ है। बता दें कि हारिस रऊफ और मुज्ना मलिक दोनों साथ में पढ़ाई करते थे। यानी दोनों क्लासमेट रहे हैं। पढ़ाई के दौरान ही रऊफ को प्यार हुआ और अब उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड मुज्ना से निकाह भी कर लिया है। हारिस की पत्नी का पूरा नाम मुज्ना मसूद मलिक है और वह एक मॉडल भी हैं। दुल्हन बनीं मुज्ना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने हाथों में सजाई मेहंदी में 'एचआर 150' भी लिखवाया। यह हारिस रऊफ की बॉलिंग रफ्तार 150 को दर्शाता है।



# झारखंड राज्य मिक्सड नेटबॉल टीम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिम बंगाल मिक्सड नेटबॉल संघ एवं फेडरेशन ऑफ मिक्सड नेटबॉल के मार्गदर्शन में 5वीं राष्ट्रीय सिनियर मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 दिसम्बर 2022 तक एसएसबी कॉलेज स्टेडियम ईग्रा पूर्वा मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल में आयोजित हो रही है। जिसमें झारखंड राज्य मिक्सड नेटबॉल टीम भाग लेगी। टीम की घोषणा रविवार को कर दी गयी है। टीम 27 दिसम्बर को रांची रेलवे स्टेशन से क्रिया योग एक्सप्रेस से मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल के लिए प्रस्थान करेगी। यह जानकारी मिक्सड नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के ब्रजेश गुप्ता ने दी।

### इस प्रकार है टीम

रेशमा टोप्पो (कप्तान), निशी कुजूर, पूनम बागे, रोमा गाड़ी, रीना लिंडा, पंकज जोसेफ बिनाह, मनसुख तिर्की, अक्षय उरांव, अमित कुजूर, नीतीश सुरीन, अनमोल कुजूर, कोच अंश वर्मा, मैनेजर रौशन लिंडा शामिल हैं।

# भारतीय तीरंदाजों का वर्चस्व कायम

### पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पर किया कब्जा

**एजेंसी। शारजाह**

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने एशिया कप के तीसरे चरण में अपना वर्चस्व कायम रखते हुए पांच स्वर्ण समेत नौ पदक जीते। कंपाउंड वर्ग में भारत ने आठ में से सात पदक जीते और व्यक्तिगत महिला वर्ग में क्लीन स्वीप किया जिसमें प्रगति, अदिति स्वामी और परनीत कौर ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा किया। प्रियांश और ओजस देवताले ने कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारतीय कंपाउंड तीरंदाज पुरुष और महिला टीम वर्ग में भी अव्वल रहे। कंपाउंड मिश्रित युगल वर्ग में ही भारत की झोली खाली रही जिसमें ओजस और प्रगति क्वार्टर फाइनल में वियतनाम से हार गए। रिकर्व वर्ग में भारत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। पुरुष टीम ने कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टीम में आकाश मृणाल चौहान और पार्थ सालुंके थे। रिकर्व मिश्रित टीम वर्ग में टिशा पूनिया और सालुंके ने रजत पदक जीता।



# पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की ट्रॉफी भुवनेश्वर पहुंची

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 21 दिनों की यात्रा के बाद एफआईएच पुरुष विश्व कप 2023 ट्रॉफी रविवार को भुवनेश्वर पहुंच गयी। बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, प्रदेश के खेल और युवा मंत्री तुषारकांति बेहरा ने ट्रॉफी का स्वागत किया। बाद में इसे भुवनेश्वर नगर निगम को सौंप दिया गया। हवाई अड्डे से ट्रॉफी को बाइक रैली के बीच लिंगराज मंदिर ले जाया गया। ट्रॉफी को एस्प्लेनेड मॉल, एसओए विश्वविद्यालय परिसर और केआईआईटी विश्वविद्यालय मैदान ले जाया जायेगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में लौटने से पहले ट्रॉफी को सुंदरगढ़ जिले के 17 ब्लॉक और राउरकेला ले जाया जाएगा, जहां 29 जनवरी को विश्वकप हाकी का फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। पुरुष विश्व कप हॉकी के मैच 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसामुंडा स्टेडियम में खेले जायेंगे।

**मार्गदर्शन** | रैना और उथप्पा की अनकैप्ड खिलाड़ियों को सलाह

# नीलामी में मिले पैसे को खुद में करें निवेश

**एजेंसी। मुंबई**

मुट्ठी भर अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह आईपीएल 2023 प्लेयर ऑक्शन सपनों के रंगमंच से कम नहीं था। जम्मू-कश्मीर के हरफनमौला खिलाड़ी विवरांत शर्मा और बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के लिए आईपीएल 2023 काफी खास होगा, क्योंकि दोनों पर मिनी नीलामी में करोड़ों की बोली लगी है। मयंक डागर, शिवम मावी और केएस भरत के लिए इस बार अधिक उम्मीदें होंगी। गुजरात टाइटंस ने मावी के आईपीएल और घरेलू अनुभव का इनाम देते हुए छह करोड़ रुपए की बोली लगाई और वह सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत 'ए' के साथ कुमार की निरंतरता और इस सितम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की ओडीआई टीम के लिए कॉल-अप दिल्ली कैपिटल्स द्वारा अच्छी तरह से नोट किया गया था, क्योंकि उन्होंने उन्हें 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। सुरेश रैना ने कहा, 'खिलाड़ियों को एक छोटे शहर से आते और इंडियन प्रीमियर लीग में बड़ा बनाते हुए देखना बहुत अच्छा है। इंडियन प्रीमियर लीग भारतीयों के लिए ऐसा करने के लिए है।'




### व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बढ़ने का एक मौका

**रैना** ने कहा, 'यह उनके लिए व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बढ़ने का एक मौका है। ये खिलाड़ी आगे बढ़ सकते हैं और भारत के लिए खेल सकते हैं, अपने परिवार के लिए घर खरीद सकते हैं और अपने शरीर की देखभाल पर पैसा खर्च कर सकते हैं, टीमें इसके बारे में अधिक नहीं सोचतीं।' उनके बिना शुरू करना और न केवल आने वाले सीजन के लिए बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखा जाता है। अन्य उल्लेखनीय अनकैप्ड नामों में मयंक डागर (1.8 करोड़) और केएस भारत (1.2 करोड़) क्रमशः सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स द्वारा खरीदे गए। रॉबिन उथप्पा ने कहा, 'उन्हें इस पैसे को खुद में निवेश करने और बेहतर होने की जरूरत है।'

कुमार का जन्म बिहार के गोपालगंज में हुआ था, लेकिन भाग्य उन्हें कोलकाता ले आया, जहां वे रैंकों के माध्यम से इस मुकाम तक पहुंचे। जम्मू-कश्मीर के रहनेवाले शर्मा ने इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था और शुक्रवार को गुजरात से बड़ी हार के बाद वह लय में आ रहे थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने जो कीमत अदा की (2.6 करोड़ रुपये) वह एक सांत्वना हो सकती है। हैदराबाद फ्रेंचाइजी को पता था कि वे क्या करने जा रहे हैं क्योंकि शर्मा 2022 सत्र में उनके साथ नेट्स गेंदबाज थे।

